रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 17 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-295 मूल्य 3.00 ₹







## क्विक न्यूज

### सड़क किनारे हुए विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गये, 11 घायल

**मोगादिशु।** सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

### राज्यपाल ने ईद-उल-अजहा पर्व की बधाई दी

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं



शुभकानाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि ईद-उल-अजहा का त्यौहार हमें त्याग, बलिदान, संस्कारवान बनने और मानव उत्थान के लिए समर्पण की सीख देता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की है।

### यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए 'ईमानदार' कोशिश हो : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदाराना एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया।

# बच्चों को गर्मी से राहत : अब 25 जून तक बंद रहेंगे स्कूल

## छत्तीसगढ़ में गर्मी और हीटवेव के कारण लिया गया यह फैसला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शाला प्रवेश उत्सव की तिथि 18 जून से एक सप्ताह आगे बढ़ाने के निर्देश दिए है। जिसके बाद राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य के सभी स्कूलों में 25 जून तक अवकाश की घोषणा कर दी है। अब राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल 25 जून तक बंद रहेंगे और 26 जून से खुलेंगे। बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, छत्तीसगढ़ में गर्मी और हीटवेव के कारण ये फैसला लिया गया है। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में गर्मी अपने पीक पर है। ज्यादातर लोग गर्म होते मौसम से परेशान हैं। लू



और धूप से आम लोगों को दिक्कत हो रही है। ऐसे में बच्चों को गर्मी में होने वाली परेशानी को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। अभिभावकों में भी बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि, बड़ी संख्या में अभिभावकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने के निवेदन आ रहे थे। जिसके चलते सरकार ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को 26 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया है। जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट में यह लिखा की भिषण गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने देशवासियों को ईद-उल-जुहा की दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को ईद-उल-जुहा के



अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मु ने अपने शुभकामना संदेश में रविवार को कहा, ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों और विदेश में बसे हुए भारतीयों विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। त्याग और बलिदान का प्रतीक ईद-उल-जुहा का पवित्र त्योहार हमें निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। आइए इस अवसर पर हम सब राष्ट्र के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लें।

## कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से मिटायेगी सरकार : शाह

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। शाह ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों के साथ केन्द्र शासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में 'एरिया डॉमिनेशन प्लान' और 'ज़ीरो टेरर प्लान' के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नये तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया। शाह ने कहा, जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं।

## ईवीएम बन गया 'ब्लैक बॉक्स' इसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं : राहुल

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि ईवीएम से छेड़खानी की बात हमारी चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करती है और यह भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं एक ऐसा ब्लैक बॉक्स बन गया है जिसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं है और यही हमारी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। गांधी ने कहा, भारत में ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' हैं और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है।

## सीएम साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कांधा देकर गृहग्राम जशपुर के लिए किया रवाना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चौथी बटालियन माना पहुंचकर गत दिवस नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान नितेश एक्का के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर ससम्मान गृह ग्राम जशपुर जिले के चिरईडांड के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुए नक्सली मुठभेड़ में हमारे वीर जवान ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारी सरकार बनते ही हमने नक्सलियों के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है और हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी।




### जवानों का हौसला बुलंद, कहा - ठीक होते ही और मारूंगा



नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल एसटीएफ के कैलाश नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से कहा कि ठीक होते ही और मारूंगा। अस्पताल के बिस्तर में लेटे घायल जवान की इस बुलंद आवाज ने कैप्टन विक्रम बत्रा की याद दिला दी, जिन्होंने कारगिल की लड़ाई लड़ते हुए कहा था 'ये दिल मांगे मोर'। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में घायल जवानों से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घायल जवानों से उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री साय उनसे जब घटना की जानकारी ले रहे थे तब एसटीएफ के घायल जवान कैलाश नेताम ने बताया कि ठीक होते ही और मारूंगा। यह सुनते ही मुख्यमंत्री गर्व से भर गए। उन्होंने कहा कि मां भारती के इन वीर जवानों से हमें हौसला मिलता है। घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा है, जिन्होंने कभी देश को झुकने नहीं दिया।

## खड़गे से मिलने पहुंचे रिजिजु

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने पहले संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू रविवार शाम अचानक राज्यसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि रिजिजु ने खड़गे से उनके यहां 10 राजाजी स्थित आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा जिसमें दो दिन तक नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और फिर 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। समझा जाता है कि दोनों नेताओं ने लोकसभा में अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भी बातचीत में विचार विमर्श किया।

## दिल्ली जल संकट आप सरकार की देनः बांसुरी

**नयी दिल्ली।** भीषण गर्मी और राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे जल संकट के बीच,




भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई ने पानी की कमी को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ14 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्लीके सभी सात नवनिर्वाचित संसद सदस्य इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुये। नयी दिल्ली से लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली जल बोर्ड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया, यह कोई प्राकृतिक समस्या नहीं है, इसे आम आदमी पार्टी ने पैदा किया है।

### केवल महापुरुषों की प्रतिमाओं को ही न देखें, बल्कि देश के लिए किये गये उनके योगदानों और उनके शौर्य के बारे में भी जानकारी हासिल करें

# वर्तमान-भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा संसद भवन का प्रेरणा स्थलः बिरला

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सत्रहवीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि मौजूदा समय में संसद भवन के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है और इसी के तहत परिसर में अलग-अलग जगहों पर लगी हुई महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाकर प्रेरणा स्थल (बीजी-7, संविधान सदन के सामने) बनाया गया है, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा। बिरला ने रविवार को यहां बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके संसद का आने वाले समय में विश्व का सबसे अच्छा संसद भवन परिसर होगा। इसको लेकर कई बदलाव किये जा रहे हैं। इसी बदलाव के तहत संसद भवन में अलग-अलग स्थानों में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाया गया है और उस स्थल का नाम प्रेरणा स्थल रखा गया है, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा। उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल संसद भवन को देखने आने वाले लोगों को रोमांचित करेगा क्योंकि अब उन्हें यहां प्रत्येक महापुरुषों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल पर लगी हरेक महापुरुष की प्रतिमा के साथ उनके बारे जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। इस दौरान उन्होंने संसद भवन लगीं महापुरुषों की प्रतिमाओं को हटाने के विपक्षी दलों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, ÷संसद भवन में लगी किसी भी महापुरुष की प्रतिमा को हटाया नहीं गया है, बल्कि संसद भवन में अलग-अलग जगहों पर लगीं महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाकर उनके बारे में लोगों की विस्तृत रूप से जानकारी मुहैया कराने का काम किया गया है। अब आगंतुक प्रत्येक प्रतिमा के पास ही उस महापुरुष की कीर्ति और शौर्य के बारे में जानकारी हासिल कर पाएंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को निर्धारित स्थान से हटाकर सरकार उनके आवाज के दबाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि विपक्षी दल जनता की आवाज को उठाने और सरकार के कदम के खिलाफ अपना विरोध जताने के लिए यहां पर धरना-प्रदर्शन करते थे।



बिरला ने इस मुद्दे पर कहा कि विपक्षी दलों की जनता के मुद्दों को उठाने और अपना विरोध जताने के लिए संसद भवन में पर्याप्त स्थान है, वे वहां अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि संसद भवन परिसर कोई धरना स्थल नहीं है। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी, बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाओं को हटाने से पहले विपक्षी दलों से विचार-विमर्श नहीं करने से सवाल पर कहा, ÷लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते यह हमारे अधिकार क्षेत्र में था और हमने अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला लिया, ताकि संसद भवन को देखने आने वाले लोग सिर्फ केवल महापुरुषों की प्रतिमाओं को ही न देखें, बल्कि देश के लिए किये गये उनके योगदानों और उनके शौर्य के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकें। उन्होंने बताया कि संसद भवन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से वनस्पति के पौधों को लाकर लगाया गया है और हमारा दावा है कि आने वाले समय में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का संसद भवन परिसर विश्व का सबसे सुंदर संसद भवन परिसर होगा। इस दौरान उन्होंने संसद भवन परिसर की की सुरक्षा व्यवस्था सहित तमाम विषयों पर बात की। उन्होंने बताया कि पहले संसद भवन की सुरक्षा में अलग-अलग एजेंसी लगी हुयी थी, लेकिन अब यह जिम्मा सिर्फ एक एजेंसी को दे दिया गया है, जिससे व्यस्थाएं आसान हुयी हैं। उन्होंने संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था में हुए बदलाव के कारण लोगों की जीविका पर पड़ने वाले असर के बारे में कहा, ÷ इससे किसी की भी जीविका पर असर नहीं पड़ेगा। किसी को भी नौकरी से नहीं हटाया जाएगा।

## एलन मस्क ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर फिर से छेड़ दी बहस

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



बिजनेस टायकून और निवेशक एलन मस्क ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता को लेकर पहले से चल रही बहस के बीच ईवीएम को खत्म करने का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव से इन मशीनों को हैक किए जाने का जोखिम अभी भी अधिक है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में ईवीएम को खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा, भले ही यह छोटा हो, लेकिन मानव या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा ईवीएम को हैक करने का जोखिम अभी भी अधिक है। उल्लेखनीय है कि मस्क प्यूर्टो रिको के चुनाव में मशीन में कथित विसंगतियों की खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। चुनाव के दौरान मशीन में एक सॉफ्टवेयर से संबंधित समस्या का पता चला था, जिसके कारण मशीनों ने वोटों की कुल संख्या की गलत तरीके से गणना की थी। मस्क की ईवीएम को लेकर की गई टिप्पणी के बाद भारत में भी प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया।

## सऊदी अरब में हज के दौरान जॉर्डन के 14 हज यात्रियों की मौत



**अम्मान/वार्ता।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं, हालांकि, उन्होंने त्रासदी के कारण का खुलासा नहीं किया है। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि हज यात्रा के दौरान छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

# यादव 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ◂ इंदौर
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम में इन्दौर जिले को 20 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। नगर निगम से 10 करोड़ रूपये एवं वन विभाग से 10 करोड़ रूपये पौधारोपण के लिए प्रदान किये जाएंगे। यहां ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ यादव ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और हरियाली के लिए इंदौर में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने स्वास्थ्य में स्वच्छता और पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पेड़ों का मानव जीवन में महत्व पर विस्तृत संवाद किया। उन्होंने कहा जिस प्रकार जीवन के लिए श्वास और रक्त धमनियों का महत्व है उसी प्रकार पर्यावरण में पौधों और हरियाली का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एक पौधा माँ के नाम अभियान के तहत मध्यप्रदेश में साढ़े 5 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। इन्दौर द्वारा इसमें 51 लाख पौधों के रोपण की भागीदारी प्रशंसनीय है। इंदौर ने जिस प्रकार स्वच्छता में कीर्तिमान स्थापित किया। उसी प्रकार हरियाली में कीर्तिमान स्थापित कर एक मिसाल पेश कर रहा है। डॉ यादव ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के आधिकारिक लोगो, वेबसाइड, मिस्ड कॉल नंबर 8889995449, गीत, सोशल मीडिया कैम्पेन का सिंगल क्लिक से विमोचन किया।

उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा तैयार सेवा सेतु मोबाइल एप्प को भी लाँच किया। नगरीय प्रशासन विकास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संबोधित करते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान की विस्तृत रूपरेखा और तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा जल गंगा संरक्षण अभियान के तहत प्रदेश भर में प्राचीन बावड़ियों, कुओं और जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार पुनीत कार्य है। जल के साथ पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान प्रकृति संरक्षण में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने अभियान के तहत पौधारोपण के लिए गड्ढे खोदने, पौधों की उपलब्धता, पौधारोपण कार्यक्रम और भविष्य में पौधों के संरक्षण के लिए किये जाने वाले प्रयासों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने प्रत्येक वर्ग से अभियान में सहभागिता का आह्वान किया तथा बताया कि जो भी समाज अभियान में सहभागिता करते हुए पौधारोपण और उनके संरक्षण के लिए आगे आएंगे उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, महेन्द्र हार्डिया, गोलू शुक्ला, सावन सोनकर, गौरव रणदीवे, चिन्टू वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश राजौरा, कलेक्टर आशीष सिंह सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। सांसद लालवानी ने कहा हेल्प ऑफइंदौर के सर्वे और रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता को लेकर किये जाने वाले प्रयासों में यह सर्वे महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने बताया आगामी समय में 10 लाख लोगों का सर्वे किया जाएगा। इंदौर के इस प्रयास पर केंद्र सरकार द्वारा प्रिवेंटिव हेल्थ के संबंध कार्य करने के लिए विशेष रणनीति बनाई जा रही है। महापौर भार्गव ने स्वागत संबोधन देते हुए पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण और उनके संरक्षण के लिए किये जाने वाले प्रबंध के बारे में बताया। उन्होंने कहा 51 लाख पौधों के रोपण और उनके संरक्षण से इंदौर में ग्रीन कवर तैयार होगा जो प्रकृति, जल और पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में हेल्थ ऑफ इंदौर के तहत ढाई लाख लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण और उसके आंकड़े संबंधित फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

## यादव ने पानी के अपव्यय को रोकने किया आव्हान

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नागरिकों का आव्हान किया है कि वे समय की जरूरत को पहचान कर पानी के अपव्यय को रोके तथा जल का अधिक से अधिक संचय करें। पर्यावरण सुधार के लिये अधिक से अधिक वृक्षारोपण भी किया जाये। डॉ. यादव इंदौर शहर के भंवरासला में स्थित एक अनुपयोगी तालाब को उपयोगी बनाने, उसकी जल क्षमता बढ़ाने तथा उसके सौंदर्यीकरण के लिये आयोजित श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ श्रमदान किया। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरता हुआ भू-जल स्तर चिंता का विषय है। भू-जल स्तर में वृद्धि के लिये सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। समय की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है।

# शिवराज का भोपाल पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com

केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री बनने के बाद वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान पहली बार भोपाल पहुंचे, जहां उनका भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह -जगह स्वागत किया गया। चौहान नई दिल्ली से 'शताब्दी एक्सप्रेस' ट्रेन में रवाना हुए। ट्रेन के हबीबगंज स्टेशन पर पहुंचने पर चौहान का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद चौहान एक खुले वाहन में वहां से रवाना हुए। चौहान का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। चौहान के साथ उनकी पत्नी साधना सिंह चौहान, भोपाल से भाजपा सांसद अलोक शर्मा एवं विधायक रामेश्वर शर्मा मौजूद रहे। चौहान राज्य में सोलह साल से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं। वे हाल ही में विदिशा संसदीय क्षेत्र से आठ लाख से अधिक मतों से विजयी हुए हैं और मोदी मंत्रिपरिषद में उन्हें कैबिनेट मंत्री के रूप में स्थान मिला है।

# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्किल डवलपमेंट केन्द्र खोले जायेंगे: भजनलाल

एजेंसी ◂ अजमेर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने जीवन में कभी हार नहीं मानने की सीख देते हुए महिलाओं को सशक्त तथा सुद्रढ़ बनाने की दिशा में स्किल डवलपमेंट केन्द्र खोलने की घोषणा की है। भजनलाल ने आज ब्यावर जिले में गंगा दशहरा मौके पर आशापुरा धाम पर 15 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए इसे समाज की अच्छी परम्परा बताया और कहा कि इससे समाज में समानता और एकता की भावना विकसित होती है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह समिति की ओर से आयोजित इस आयोजन में मुख्यमंत्री ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान को राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक बताया। उन्होंने सम्राट को युद्ध कौशल में पारांगत तथा धर्मपरायण बताते हुए उनके जीवन से सीख लेने की प्रेरणा दी। भजनलाल ने कहा कि समाज को लक्ष्य के साथ आगे बढ़ाना है। आज का युग आपका है, आपको लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है। 2014 से हम 21वीं सदी की ओर बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया। हम सबकों लक्ष्य को हासिल करना है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार के कामों का सभी सिलसिले वार जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री ने पहली केबिनेट बैठक में ही 17 करोड़ किसानों को सम्मान निधी जारी कर दी। प्रधानमंत्री आवासीय योजना में 3 हजार पक्के मकान बनाने का फैसला लिया, 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की योजना पर भी अमल हो रहा है । ये सब किसानों, महिलाओं, युवाओं , बेरोजगारों, गरीबों के लिये है , क्योंकि मोदी सरकार हर तबके के विकास के लिए कटिबद्ध है । देश के 80 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना भी कोई छोटी बात नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार के 15 दिसंबर को काम सम्भालते ही 450 में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, सामाजिक पेंशन एक हजार से बढ़ाकर 1150 करने, तृतीय श्रेणी की महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार भी माता, बहनों , गरीब, युवाओं के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए, उन्हें सशक्त बनाने के लिए स्किल डवलपमेंट सेंटर खोले जायेंगे। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक (आर.एस.एस.)के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम, महेन्दीपुर बालाजी धाम के महामंडलेश्वर नरेशपुरी महाराज, मंत्री अविनाश गहलोत एवं सुरेश सिंह रावत, विधायक शंकरसिंह रावत व वीरेंद्र सिंह कानावत, राजसमंद सांसद महिमाकुमारी मेवाड़, नगर परिषद सभापति नरेश कनौजिया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा स्नान पर्व में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



एजेंसी ◂ हरिद्वार
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के धर्मनगरी हरिद्वार में गंगा दशहरा स्नान पर्व के मौके पर रविवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश के कोने-कोने से आकर गंगा स्नान करने हर की पौड़ी सहित गंगा घाटों पर पहुँचे तथा डुबकियां लगायीं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ही के दिन मां गंगा स्वर्ग लोक से भगवान शिव की जटा से होते हुए पृथ्वी लोक पर अवतरित हुई थी। इन मान्यताओं कों लेकर ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरे के नाम से जाना जाता है। आज के दिन पवित्र गंगा नदी में स्नान करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पूरे मेला क्षेत्र को तीन सुपर जॉन नौ जोन और 21 सेक्टरों में बाटा गया है जिसमें पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस दिन पवित्र गंगा नदी में स्नान करने से जाने अनजाने में किए गए सभी पापों से मुक्ति मिलती है और श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है इसी दिन को गंगा अवतरण दिवस गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। हरिद्वार गंगा घाटों पर स्नान करने आए श्रद्धालुओं का कहना है कि आज हम यहां हरिद्वार गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे हैं क्योंकि गंगा दशहरे के मौके पर गंगा स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किए गए जाने अनजाने में सभी पापों से मुक्ति मिलती है आज गंगा स्नान कर कर बहुत अच्छा लग रहा है।

## मानसरोवर झील में मछलियों की मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा की प्रमुख झीलों में शुमार मानसरोवर झील में हाल ही में बड़ी संख्या में मछलियों एवं अन्य जलीय जीवों की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफआई) के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने जिला कलेक्टर नमित मेहता से जांच कमेटी गठित करके दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। जाजू ने रविवार को कहा कि बड़ी संख्या में मछलियों एवं जलीय जीवों की मौत से आसपास के क्षेत्र में भयंकर सड़ांध फैल रही है जिससे क्षेत्रवासियों एवं भ्रमणार्थियों में बीमारियां फैलने की आशंका है। जाजू ने संबंधित अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि झील की समय पर सफाई नहीं होने एवं कॉलोनियों का गंदा पानी झील में जाने से पानी में ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से मछलियों की मौत हुई है। जाजू ने जिला कलेक्टर से नेहरू तलाई एवं गांधी सागर झील से भी गंदगी साफकरने की मांग करते हुए कहा कि दोनों झीलें गंदगी से अटी पड़ी है।

## सर्वजातीय विवाह सम्मेलन में 11 जोड़े सात फेरों के साथ बने हमसफर

**बारां।** राजस्थान में बांरा जिले की समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद (भाविप) के सर्वजातीय विवाह सम्मेलन में रविवार को 11 जोड़ों ने अपने रिश्तेदारों एवं अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर दांपत्य जीवन की डोर में हमसफ़र बन गए। आर्यवाटिका में भविप का पांचवा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन बड़ी ही धूमधाम से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य यजमान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग, श्रीमती मंजू गर्ग, बबिता गर्ग दंपती शामिल हुए। परिषद के अध्यक्ष हितेश बत्रा एवं रमाकांत गुप्ता ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में दस जोड़े हाड़ौती संभाग एवं एक जोड़ा गुना (मध्यप्रदेश) का शामिल है। भाविप के कार्यकर्ता सदस्य अपनी अपनी जिम्मेदारियां संभाले हुए थे। सचिव पवन मित्तल ने बताया कि परिषद द्वारा यह सम्मेलन 11 जोड़ों के लिये आयोजित था जो गरीब परिवार से थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः मुख्य यजमान के द्वारा विनायक स्थापना के साथ की गई। सभी 11 दूल्हों की बैंडबाजों के साथ निकासी निकाली जो कि क्वांटम स्कूल से प्रारंभ होकर धर्मादा चौराहा, प्रताप चौक होते हुए आर्य वाटिका पर पहुंची। जहां सामूहिक रूप से जोड़ो का वरमाला कार्यक्रम अयोजित हुआ। इस दौरान भाविप ने सहयोग से दहेज के रुप में गृहस्थी के मुख्य सामान भी वर वधु को सौपे।

# बकरीद में सार्वजनिक स्थानों पर न हो बकरों की कुर्बानी : गिरिराज

एजेंसी ◂ पटना
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कपड़ा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने आज कहा कि बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थानों पर बकरों की कुर्बानी नहीं दी जानी चाहिए। सिंह ने रविवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बकरीद पर्व के अवसर पर मुसलमानों द्वारा बकरे की कुर्बानी देने की प्रथा रही है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र बेगूसराय सहित देश भर के सभी जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक स्थानों पर बकरों की कुर्बानी नहीं दी जाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बकरीद का त्योहार सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया जा सके, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि शांति और व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सिंह ने कहा कि कपड़ा मंत्रालय में बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने की अपार संभावनाएं हैं और यह सीधे तौर पर किसानों की स्थिति में सुधार से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि कपड़ा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी राज्य में कपड़ा क्षेत्र की अपार संभावनाओं का आकलन करने के लिए उनके साथ बिहार आए हैं। उन्होंने कहा कि वह बिहार और पूरे देश में कपड़ा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

# राज्यपाल ने किया अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव का शुभारम्भ

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला-2024 का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक हरीश जनारथा, महापौर नगर निगम शिमला सुरिंदर चौहान, उपमहापौर उमा कौशल भी विशेष रूप से उपस्थित थे। उपायुक्त एवं अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने मुख्यतिथि तथा अन्य अथितिगणों को सम्मानित किया। आज के मुख्य आकर्षण नाटी किंग कुलदीप शर्मा रहे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। ग्रीष्मोत्सव में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला (एनजेडसीसी) के कलाकार बहरूपिया, कच्ची घोड़ी, वायोस्कोप व कठपुतली के रूप में लोगों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। शिमला अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव में आज ठोडा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालूगंज, मारिया मोंटेसरी हाई स्कूल, राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर, आईवीवाए इंटरनेशनल स्कूल शिमला तथा ऑकलैंड हाउस बालक स्कूल के छात्रों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति दी। ग्रीष्मोत्सव में ऑडिशन में चयनित कलाकारों द्वारा भी नृत्य, गायन, भांगड़ा आदि गतिविधियां प्रस्तुत की गई। उत्सव में अनुमोदित कलाकार गौरव पठानिया, मनसा पंडित, ओम प्रकाश गर्ग, शांति हेटा, एनजेडसीसी पटियाला उत्तर प्रदेश (बरसाना की होली, मयूर नृत्य), जय प्रकाश शर्मा, कुलदीप धीमान तथा रमेश कटोच ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

उत्सव में पहाड़ी गायक रामेश्वर शर्मा, कविता किमटा, अरूण जस्टा तथा गीता भारद्वाज ने अपनी मधुर आवाज़ से लोगों का खूब मनोरंजन किया और लोगों ने बहुत आनंद उठाया।

अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला 2024 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा कुलदीप सिंह पठानिया मुख्यतिथि होंगे।

दूसरी सांस्कृतिक संध्या में अनुज शर्मा, हनी नेगी सहित बॉलीवुड पार्श्व गायक साज़ भट्ट भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

## झारखंड राज्य में मौजूदा हालात बदलने के लिए संकल्पित होकर काम करे: सुदेश कुमार महतो

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। महतो ने रांची कांके रिंग रोड स्थित सुनैना बैंक्वेट हॉल में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में कहा कि समय कम है और हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। राज्य के विषय विचार और भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करें। जनता के बीच अपनी मौजूदगी को रिश्ते में बदलना है। इस दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी पदाधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। महतो ने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। संघर्ष के बूते ही हम अपने संकल्पों को पूरे करेंगे। इस राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में खोया बहुत कुछ है। उसे वापस लाना है। इसलिए एक- एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। पार्टी के पदाधिकारियों से भी उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर वे हर वर्ग में पहुंचे।




# सुक्खू जंगलों में लगी आग का तमाशा देख रहे हैं : बिंदल

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने कहा है कि एकओर पूरा हिमाचल तेज गर्मी और लू से जल रहा है वहीं प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्ववाली कांग्रेस सरकार जंगलों में लगी आग का तमाशा देख रही है। भाजपा की ओर से लोकसभा चुनावों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को जिला सिरमौर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. बिन्दल ने कहा कि जहां पूरा हिमाचल प्रदेश तेज गर्मी और लू से जल रहा है वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार केवल अपने चहेतों को, मित्रों को कैबिनेट रैंक बांटने में लगी है। प्रदेश का पैसा, कर्ज में लिया हुआ पैसा केवल दोस्तों को, मित्रों को खुश करने में लगाया जा रहा है, जबकि आम जनमानस पीने के पानी की एक-एक बूंद के लिए त्राहि माम कर रहा है। जो पेयजल योजनाएं पिछ्ले साल तक खूब पानी पीला रही थीं, एक साल में ही उन पेयजल योजनाओं का इस कांग्रेस सरकार ने बंटाधार कर दिया है, क्योंकि प्रदेश सरकार को केवल अपने चहेतों की चिंता है, जनता की नहीं। डॉ. बिन्दल ने कहा कि दो महीनों से पूरे प्रदेश के जंगल धू-धू कर जल रहे हैं और मुख्यमंत्री और मंत्रियों की फौज ए.सी. और कूलर में बैठकर जंगलों में लगी आग का तमाशा देख रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के जंगल राख में तबदील हो रहे हैं। जंगलो के साथ लगते हुए गांव आग की चपेट में है पर सुक्खू सरकार केवल सरकार बचाने में मस्त है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूट, फिरौती का तांडव हो रहा है। डेढ़ साल में चम्बा से लेकर सिरमौर तक पूरा प्रदेश ड्रग्स की गिरफ्त में है। सरकार मित्रों में मस्त है और जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिला सोलन के जंगलों में आग लगी हुई है। वन अधिकारी और दमकल की गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा,''आग 2-3 दिनों से लगी हुई है। आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है, हालांकि सभी ग्रामीण कुछ समय से प्रयास कर रहे हैं।

# प्रकृति के आंतरिक संतुलन को क्षति पहुंचाये बिना विकास को मूर्त रूप दें: कलराज मिश्र

एजेंसी ◂ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने अधिकाधिक पेड़ लगाए जाने का आह्वान करते हुए कहा है कि प्रकृति के आंतरिक संतुलन को क्षति पहुंचाए बगैर विकास की सोच को मूर्त रूप दें। मिश्र ने रविवार को कल्पतरू संस्थान द्वारा आयोजित 'वृक्ष मित्र सम्मान समारोह' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण की भारतीय संस्कृति का संरक्षण जरूरी है। वृक्ष एवं वनस्पतियां भूमि को उन्नत और उर्वरक ही नहीं बनाते बल्कि सबका भरण पोषण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन दृष्टि प्रकृति पूजक रही है। इसके पीछे बड़ा वैज्ञानिक तथ्य यही है कि पारिस्थितिकी संतुलन बना रहे। उन्होंने राजस्थान में खेजड़ली में शमी वृक्ष 'खेजड़ी' के लिए किए गए बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे यहां पेड़ बचाने के लिए लोगों ने अपनी जान की भी परवाह नहीं की है। मिश्र ने पेड़ों को धरती का श्रृंगार बताते हुए हरी–भरी धरा के लिए सबको मिलकर कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि इतने पेड़ लगें कि पर्यावरण का अपने आप संरक्षण हो। अधिक से अधिक लोग वृक्ष मित्र बनें। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान की ओर से वृक्ष मित्र के रूप में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सम्मान के रूप में प्रतिदिन एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने वाली उमा व्यास को सम्मानित किया।

उन्होंने वृक्ष मित्र के रूप में पर्यावरण कार्यकर्ता के.पी. कनाल, अशोक थोरात, गौतमराज शर्मा, रेणु राष्ट्रदीप, संदीप, उषा, अंजू चौधरी, ऋषि, रितेश दुबे को सम्मानित किया।

उन्होंने वहीं परिंदो के लिए परिण्डा अभियान की भी शुरूआत की।

इससे पहले कल्पतरु संस्थान के 'ट्री मैन ऑफ इण्डिया' के रूप में चर्चित विष्णु लाम्बा ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने जयपुर एनवायरमेंट फेस्टिवल–प्री लांचिंग के पोस्टर का विमोचन किया। आरंभ में उन्होंने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

# तेंदुए के मुंह में फंसी बाल्टी

## सप्ताह भर पहले एक बुजुर्ग महिला को बनाया था शिकार

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



नरहरपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम चनार में एक वृद्धा को तेंदुआ ने अपना शिकार बनाया था। करीब एक सप्ताह के बाद फिर तेंदुआ उसी घर में पहुंचा था। तेंदुए का मुंह बाल्टी में फंस गया है। इसकी जानकारी तब हुई जब वन विभाग में लगे सीसी कैमरे की जांच की। विवित हो कि नरहरपुर वन परी क्षेत्र के चनार गांव में तेंदुआ देर रात कच्चे मकान का दरवाजा तोड़कर 75 वर्षीय महिला को उठाकर ले गया था। महिला का क्षत विक्षत शव घर से सौ मीटर दूर पहाड़ी में मिला था। इस घटना के बाद पूरा गांव सख्ते में है। ग्रामीणों का कहना था कि यह घटना तीसरा है। वन विभाग ने अपनी कार्यवाही पूरी करने के बाद तत्काल उसके परिजनों को 25 हजार का मुआवजा दिया है, आगे की राशि के लिए विभाग में प्रक्रिया शुरू हो गई है । वन विभाग के डीएफओ आलोक वाजपेयी ने बताया कि गांव में सीसी कैमरा लगाया गया है, जिसमें फुटेज आया था कि चार दिन पहले उसी घर में घुसा था ,जहां बाल्टी उसके गले में फंस गई है। उसी के साथ जंगल की ओर तेंदुआ भाग निकला है। वन विभाग के कर्मचारी भी अपनी सेवा दे रहे हैं। रेंजर शंकर दास ने बताया कि परिजनों को मुआवजा में 6 लाख मिलेगा। 25 हजार दिया गया है। बाकी की राशि परिजनों को विभागीय कार्यवाही के बाद दी जाएगी। जब से घटना घटी है वन परिक्षेत्र नरहरपुर के क्षेत्र का प्रतिदिन निगरानी की जा रही है। क्षेत्र वासियों को वन्य प्राणी से सतर्क रहने बाबत समझाइस दी गई है। जगह-जगह पर रात्रि में चलचित्र के माध्यम वन प्राणी से कैसे बचाव किया जाता है, इस बावत हिदायत दी जाती है। वन प्राणी दिखाई देने पर वन विभाग को सूचना देने की बात कही गई है ताकि समय पर वन प्राणी से बचाव किया जा सके।..

# पत्नी की मृत्यु पर भी क्लेम के लिए घुमाने वाली बीमा कंपनी को उपभोक्ता आयोग ने सिखाया सबक

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com




जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा एक बार फिर अपने न्यायपूर्ण फैसले से एक निजी बीमा कंपनी को सबक सिखाया गया है। यह कंपनी बीमा पॉलिसी के नामिनी को उसकी पत्नी की मृत्यु हो जाने के पश्चात भी बीमे की रकम का भुगतान नहीं कर रही थी। उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी की बेंच ने सारे मामले का सूक्ष्म विवेचन करने के पश्चात उपभोक्ता को न केवल बीमा की रकम बल्कि मानसिक क्षतिपूर्ति तथा मुक़दमे का हरजा खर्चा भी दिलवाने का आदेश दिया है। मामला इस प्रकार बताया जाता है कि द्वारिका प्रसाद बघेल पिता जगदीश बघेल निवासी ग्राम रानवाही भानुप्रतापपुर की पत्नी मीना बघेल ने निजी उपयोग के लिए मोटरसाइकिल स्कूटी क्रय की थी, जो उन्हीं के नाम से आरटीओ कार्यालय काँकेर में पंजीकृत है। इसका बीमा, विरोधी पक्ष टाटा जनरल इंश्योरेंस कंपनी के रायपुर कार्यालय में दिनांक 13 .10 .2021 से 12. 10. 2022 तक के लिए करवाया था ,जिसका प्रीमियम 375/- तत्काल अदा किया गया था और 15 लाख रुपए का बीमा कराया गया था। दिनांक 21 .3. 2022 को आकस्मिक वाहन दुर्घटना में परिवादी की पत्नी मीना बघेल वाहन दुर्घटना में घायल होकर 27 3 22 को गुज़र गई। पॉलिसी के अनुसार परिवादी की पत्नी ने नामिनी के रूप में पति द्वारिका प्रसाद बघेल का नाम अंकित करवाया था। परिवादी के द्वारा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से विरोधी पक्ष को दिनांक 30 जून 2022 को मय दस्तावेज के आवेदन पत्र अपने अधिवक्ता के नाम से प्रेषित किया गया, जिस पर विरोधी पक्ष द्वारा उक्त आवेदन पत्र का निराकरण आज तक नहीं किया है और न इससंबंध में कोई सूचना प्रदान की गई। बीमा कंपनी के इस नकारात्मक रवैया से परेशान होकर फरियादी ने उपभोक्ता आयोग में अपना प्रकरण रखा। दो नजरे भी प्रस्तुत की गई जो नीलकमल होजरी बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी 1994 तथा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी बनाम में 0 पुष्पालकालय प्रिंटर 2004 के फैसलों की हैं, जिन पर गहन विचार विमर्श के पश्चात उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी ने अपनी बेंच द्वारा यह निर्णय सुनाया कि पत्नी की मृत्यु के पश्चात नामिनी होने पर भी क्लेम की राशि के लिए पति को बार-बार घुमाना सेवा में कमी तथा व्यावसायिक उदासीनता को दर्शाती है, अतएव बीमा पॉलिसी की शर्तों के अनुसार कंपनी को चाहिए कि बीमे की रकम 15 लाख तथा उस पर 7% ब्याज एक माह के अंदर फरियादी को भुगतान करें। इसमें देर होने पर ब्याज की रकम 9% कर दी जाएगी। फरियादी को हुई मानसिक पीड़ा के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि 10,000 आदेश दिनांक से एक माह -के भीतर प्रदान करें। 9 साथ ही मुक़दमे के खर्च के रूप में 5000 भी प्रदान करें। उपभोक्ता आयोग के इस फैसले से काँकेर जिले में अत्यंत हर्ष है।

# नक्सलियों के शव लेकर लौट रही टीम से फिर मुठभेड़ एक नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के अबूझमाड़ के जंगलों में पुलिस नक्सली मुठभेड़ अभी भी जारी है। आज जब पुलिस पार्टी मारे गए सातों नक्सलियों के शव लेकर लौट रही थी, तभी टीमों के साथ फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में एसटीएफ के जवानों ने एक और नक्सली को मार गिराया. जवानों की ओर से मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। बता दें कि कल जवानों ने इस इलाके में सात नक्सलियों को मार गिराया था।

### अबूझमाड़ के जंगल में जारी है मुठभेड़

अबूझमाड़ के जंगलों में पुलिस और नक्सली मुठभेड़ जारी है. पुलिस ने अब तक 8 नक्सलियों को मार गिराया है और 8 हथियार भी बरामद किए हैं। आज जब जवान मारे गए सात नक्सलियों के शव लेकर लौट रहे थे, तभी एक बार फिर नक्सलियों और एसटीएफ टीम के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में एसटीएफ के जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया। मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी और एसटीएफ के जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया है, जबकि नारायणपुर डीआरजी और एसटीएफ ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है। यह मुठभेड़ दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में चल रही है।

### विधायक आशाराम नेताम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य बने



**कांकेर।** कांकेर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम को छ त्ती स ग ढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह कांकेर भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लटिया भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल परदेस भाजपा मत्स्य बोर्ड सदस्य भारत निषाद संजय गोलेछा निलेश गोलछा विधायक मीडिया प्रभारी अशोक जैन सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने बधाई दी है।

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**कांकेर ।** छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत माड. पखांजूर रोड के पास पेड़ से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। 12 जून को मृतक मिथुन पद्दा पिता हिरगु उम्र 19 वर्ष निवासी बुर्गी छोटे बेठिया जो कि अपने साथी के साथ बाइक से शादी से वापस लौट रहे थे।

# राम मंदिर धरमपुरा में एक महीने का योग शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शिवम योग समिति जगदलपुर, संबद्ध योग विश्वविद्यालय मुंगेर (बिहार) के तत्वाधान में राम मंदिर धरमपुरा में एक महीने का योगशिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया, जिसका तीस दिन के उपरांत समापन किया गया। विशेष कर इस सत्र मे महिलाओं ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। योग शिविर में शिवम योग समिति के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिला।इस अवसर पर योग प्रशिक्षक टी के शर्मा ने योग के महत्व पर जानकारी दी कि हजारों वर्षों से, योग का अभ्यास आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक अनुशासन के रूप में किया जाता रहा है। अक्सर योग के लाभ केवल भौतिक स्तर पर ही देखे जाते हैं, हालांकि हममें से अधिकांश लोगों को यह नहीं पता होता है कि योग शरीर, मन और श्वास को जोड़ने के लिए कितना फायदेमंद है। जब आपका शरीर और दिमाग एक साथ होते हैं, तो आपका मन शांत, खुश और अधिक संतुष्टिदायक होता है। यह व्यायाम का एक रूप है जो कैलोरी जलाने और मांसपेशियों को मजबूत करने के साथ-साथ शरीर और दिमाग दोनों को काम करता है। बहरहाल, फिट और एक्टिव रहने के रूप में योग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसके कई लाभ हैं, जैसे बेहतर लचीलापन, ताकत और पॉस्चर। साथ ही तनाव में कमी और विश्राम शामिल हैं। शारीरिक गतिविधि के अलावा पोषण और भोजन, फिटनेस के आवश्यक घटक हैं। इस शिविर से स्थानीय लोगों विशेष कर महिलाएं उत्साह के साथ शिविर में भाग लिया।

# बारदेवरी के ग्रामीणों ने विधायक आशाराम नेताम से अंगना विधायक कार्यालय में मिलकर बताई अपनी समस्याएं



पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कार्यालय अंगना के समीप पेड़ के नीचे में चौपाल लगाकर विधायक आसाराम नेताम ने बारदेवरी के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं निराकरण करने का आश्वासन दिया विधायक आशाराम नेताम ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है एक और वह अपनी कार्यालय अंगना में आम जनता से सुबह 9 से प्रतिदिन मुलाकात कर रहे हैं एवं उनकी समस्याओं को तत्काल निराकरण कर रहे हैं एवं दूसरी ओर लगातार कांकेर विधानसभा क्षेत्र गांव में पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका निराकरण भी कर रहे हैं इसी कड़ी में विधायक कार्यालय में प्रतिदिन भारी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर विधायक के पास पहुंचते हैं विधायक ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका निराकरण भी करते हैं इसी कड़ी में बारदेवरी के सैकड़ो ग्रामीणों से विधायक आशाराम नेताम ने एक-एक करके उनकी बातों को गंभीरता से सुना एवं निराकरण करने का आश्वासन दिया।

# निको लोह अयस्क खदान नारायणपुर ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस किया वृक्षारोपण




पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला के छोटे डोंगर स्थित निको लोह अयस्क खदान नारायणपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के दिन पर्यावरण को संरक्षित व जिम्मेदार खनन प्रक्रिया संबंधित खानों में कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता फैलाना के उद्देश से वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया इसमें खदाने में कार्य करने वाले श्रमिकों और कर्मचारियों ने भाग लिया है खदानों में लगभग 100 पेड़ों का लगाए गए साथ ही श्रमिक के बीच चित्रकला और निबन्ध का कॉम्पिटिशन भी रखा गया था।

# शिक्षक अजय साहू द्वारा छात्र छात्राओं को वितरित की गई स्कूल बैग

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्राथमिक शाला आलनार में शिक्षक अजय साहू के द्वारा उनके सुपुत्री के जन्मदिवस के अवसर पर रविवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं को स्कूल बैग वितरण किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शाला परिसर में पौधारोपण किया गया।मौके पर प्रधान अध्यापक सुरेन्द्र साहू, शिक्षक अशोक ठाकुर उपस्थित थे।




# नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



थाना क्षेत्र की नाबालिक बालिका को भगा ले जाने व लगातार बलत्कार करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के कब्जे से पीड़ित नाबालिक को रायगढ़ जिले से बरामद किया गया। प्रार्थी थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की 8 जून से सुबह करीब 6 बजे घर में किसी को बताएं बिना कहीं चली गई । जिसका आसपास पता तलाश किया पर कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर कहीं भाग ले गया। रिपोर्ट पर गुम इंसान दर्ज कर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई के एलेसेला के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे एवं अनु.अधीकारी पुलिस मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर से उप निरी. मनोरथ जोशी आर.यवत सरोज, राकेश बघेल की टीम तैयार कर एवं साईबर सेल कांकेर से अपहृता को मोबाइल लोकेशन प्राप्त किया गया जो बालिका का इंदिरा आवास जूटमिल थाना जिला रायगढ़ से बरामद किया गया। बालिका से पूछताछ किया गया तो बताइ कि आरोपी दीपक दास महंत मानिकपुरी उर्फ आदर्श महंत निवासी अमोरा नवापारा थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा बहला फुसला कर अपने साथ रायगढ़ भाग ले जाकर किराए के मकान में रहकर तीन-चार दिन तक उसके साथ लगातार बलत्कार किया है। जिस पर प्रकरण में धारा 376, 376(2) भादवि 4.6पाँक्सो एक्ट जोड़ा गया। आरोपी दीपक दास महंत मानिकपुरी पिता उत्तम दास मानिकपुरी उम्र 22 वर्ष को 14 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया।

# दुष्कर्म व लुटपाट करने वाले आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक,शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में महिला व बच्चो संबंधी अपराधों में बस्तर पुलिस के द्वारा गंभीरता पूर्वक विशेष रूची लेकर संवेदनशीलता पूर्वक कार्य कर रही है। जिस तारतम्य में पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर लुटपाट करने वाले आरोपी को पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो प्रार्थिया थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 14 जून को परिचय के समलूराम बघेल के परिवार ग्राम छोटे देवड़ा में शादी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस सुबह जा रही थी कि दंतेश्वरी मंदिर के पास अनिल नाग नाम का व्यक्ति आया और अपने आप को पुलिस वाला बताकर तुम लोग यहां क्यो घुम रहे हो, कहकर डराया धमकाया थाना चलो बोला और स्टेट बैक चैक के पास समलू बघेल से 2000 रूपये लेकर उसे वहां से डरा धमका कर भगा दिया और मुझे चाकू दिखाकर आटो में बिठाया मेरा अपहरण कर, आडावाल जंगल की ओर ले गया। जहॉ पर मुझे चाकु दिखाकर डराते हुये जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया और मेरे पास रखे 2000 रूपये को मुझे गाली गलौच, हाथ मुक्का से मारपीट कर 2000 रूपये को छिंन लिया। और मुझे किसी को बतायेगी तो जान से मार दुंगा कहकर धमकी दिया है। कि प्रार्थिया के रिपोर्ट आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली जगदलपुर में अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक,शलभ कुमार सिन्हा,के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली सुरेष कुमार जागड़े के नेतृत्व में टीम गठित कर,आरोपी पतासाजी हेतु टीम रवाना किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 06 घंटे के भीतर आरोपी अनिल नाग का पता तलाष कर,हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। जिनके द्वारा अपराध स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

# नव निर्वाचित सांसद रुपकुमारी का हुआ जगह जगह भव्य स्वागत

## जय स्तम्भ चौक में रखा गया था स्वागत समारोह कार्यक्रम, भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को लड्डू से तौला

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद पहली बार नगर आगमन पर रूप कुमारी चौधरी का आतिशबाजी एवं बाजे गाजे के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत एवं आभार रैली घंटेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर जयस्थंभ चौक में समाप्त हुई। जगह-जगह मंच सजा कर विभिन्न समाज द्वारा नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत किया गया। सांसद चौधरी खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के साथ-साथ जनता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती रही। आभार रैली का स्वागत घटेश्वरी मंदिर के पास बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज के संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू के नेतृत्व में कोलता समाज द्वारा स्वागत किया।पश्चात जनपद पंचायत के समक्ष जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर व उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे,ढोल नगाड़े कर्मा पार्टी की अगुवाई में निकले आभार रैली का अखिल भारतीय अघरिया समाज सरायपाली के अध्यक्ष नेहरू पटेल व फुलझर अघरिया समाज विकास समिति के अध्यक्ष गंगाराम पटेल की अगुवाई में वन विभाग कार्यालय के सामने बालूसाही से सांसद रुपकुमारी को तौला गया और सामाजिक जनों के द्वारा मुंह मीठा कर उन्हें स्वागत किया, बस स्टैंड के पास बस यूनियन की ओर से उन्हें आत्मीय स्वागत किया वहीं गौड ब्राह्मण समाज के द्वारा अंकित लाज



के पास स्वागत किया गया। कब्रिस्तान के सामने मुस्लिम समाज के द्वारा,व हनुमान मंदिर के पास शरबत पिलाकर, भवानी इलेक्ट्रिकल के पास स्वल्पहार व्यवस्था कर, धर्म वस्त्रालय के पास केला से तौलकर व अग्रवाल सभा सरायपाली के द्वारा राम मंदिर के सामने, भरत लाल कपड़ा दुकान के समीप युवा भाजपा कार्यकर्ता व संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल के नेतृत्व में सांसद रूपकुमारी चौधरी का स्वागत किया गया। जय स्तंभ चौक के पास भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत समारोह का भी आयोजन किया गया था, जहां सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं व विभिन्न समाज के द्वारा नगर आगमन पर बहुत ही उत्साह एवं जुनून के साथ स्वागत किया उसके लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि भरी गर्मी में सभी कार्यकर्ताओं ने जी तोड़ मेहनत कर जो ऐतिहासिक रिजल्ट दिलवाया वह सब आप लोगों के मेहनत,परिश्रम का परिणाम है कि लोकसभा में पहली बार इतने विशाल अंतर से जीत दर्ज किए हैं,अभी तक हम सभी विधानसभा में लीड नहीं ले पा रहे थे एक दो विधानसभा में पीछे रहते थे,लेकिन आप सब लोगों की मेहनत व परिश्रम के चलते लोकसभा के सभी आठों विधानसभा में हमने लीड लेकर रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की है, आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को हमने देखा है,वे देश के लिए 18 से 20 घंटा काम करते है, आप लोगों के इच्छा अनुरूप भाजपा के ऊपर किये भरोसा के चलते प्रधानमंत्री तीसरी बार 9 जून को प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किए हैं,आप लोगों के द्वारा चुनकर मुझे सांसद बनाकर केंद्र में भेजे हैं, जो जिम्मेदारी दी गई है, आप सभी लोगों के आशीर्वाद व सहयोग से आप लोगों के अपेक्षा के अनुरूप कार्य करते हुए खरा उतरूंगी। कार्यक्रम को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं ने जो समर्पण देकर भाजपा का हाथ मजबूत किया है उसके लिए सभी को बहुत-बहुत आभार, भाजपा के ऊपर आप लोगों के द्वारा किया गया भरोसा से हमारे क्षेत्र,प्रदेश व देश का विकास होगा, और हम सभी आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, प्रधानमंत्री की तीसरी कार्यकाल में हर निर्धन गरीब परिवार को पक्का मकान मिलेगा, कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रदेश मंत्री कामता पटेल व आभार प्रदर्शन विपीन उपोवेजा ने किया। जयस्तम्भ चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से रखे स्वागत समारोह में सांसद रूप कुमारी चौधरी को लड्डू से तौला गया व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल के नेतृत्व में सभी भाजपा पार्षदों के द्वारा व संगठन की ओर से सभी ने गजमाला से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल चौहान,हरिदास भारद्वाज,बिहारी अग्रवाल, छतर सिंह नायक,विपिन उपोवेजा,कामता पटेल,धनेश नायक, गंगाराम पटेल, जेपी यादव,गुंजन अग्रवाल,स्वर्ण सिंह सलूजा, विदित धनानिया व बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

भाजपा सांसद रूपकुमारी चौधरी कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को करीब एक लाख 45 हजार से अधिक वोटो से पराजित कर महासमुंद जिले से प्रथम महिला सांसद निर्वाचित हुई। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता को दिया है। उन्होंने क्षेत्र वासियों द्वारा की गई इस ऐतिहासिक स्वागत से अभिभूत होकर बार-बार उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। क्षेत्र की जनता भीड़ फुलझर अंचल से पहली बार सांसद चुने जाने पर काफी उत्साहित है। संसद के साथ-साथ एनडीए की सरकार बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह झलक रहा था।

# दस्तावेज पुनर्निर्माण एवं पीड़ित राहत समिति का किया गया गठन, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

10 जून को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में हुई घटना के कारण हुई दस्तावेजी क्षति का आकलन कर दस्तावेज का पुनर्निर्माण करने दस्तावेज पुनर्निर्माण समिति एवं कार्यालय परिसर में हुई घटना के शिकार व्यक्तियों के लिए मनोचिकित्सा काउंसलिंग एवं यथोचित उपचार सहायता एवं क्षतिपूर्ति का आकलन करने हेतु पीड़ित राहत समिति का गठन किया गया है। गठन संबधी आदेश आज कलेक्टर दीपक सोनी ने जारी किया है। दस्तावेज पुनर्निर्माण समिति संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में हुई घटना के कारण हुई दस्तावेजी क्षति का आकलन कर दस्तावेज का पुनर्निर्माण कर कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। उक्त समिति में रामरतन दुबे, डिप्टी कलेक्टर, उप संचालक, खनिज प्रसाधन, जिला आबकारी अधिकारी,जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पेखन टोण्ड्रे, अधीक्षक भू अभिलेख शामिल है। इसी तरह कार्यालय परिसर में हुई घटना के शिकार व्यक्तियों के लिए मनोचिकित्सा काउंसलिंग एवं यथोचित उपचार सहायता एवं क्षतिपूर्ति का आकलन करने हेतु पीड़ित राहत समिति का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार, मिथलेश डोंडे, संयुक्त कलेक्टर,जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जिला आयुर्वेद अधिकारी, उप संचालक, समाज कल्याण शामिल है। उक्त समिति घटना से प्रभावित व्यक्तियों के समुचित उपचार की व्यवस्था करेगी।

# धमतरी यातायात पुलिस द्वारा जिला ट्रैक्टर संघ की बैठक लेकर दिए गए सुझाव एवं निर्देश

## शार्ट फिल्म दिखाकर यातायात नियमों का पढाया गया पाठ सड़क दुर्घटना की सूचना देने व घायलों की मदद करने बनाया गया सड़क सुरक्षा मितान

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

ट्रैक्टर से हो रही सड़क दुर्घटना को मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा द्वारा शहर के यातायात व्यवस्था को लेकर ट्रैक्टर संघ के अध्यक्ष, सदस्य, टैक्टर मालिकों एवं चालकों की बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात के द्वारा एजेंडा बिन्दु में चर्चा करते हुए बताया गया कि बिना परमिट के वाहन न चलायें। कृषि परमिट में माल परिवहन न करें, शहर के अंदर एवं आबादी क्षेत्र में 20 किमी प्रति घंटे की गति से वाहन चलाएं, ट्रैक्टर की न्यूनत गति 40 किमी प्रतिघंटा है, नियत सीमा में ही वाहन चलाएं, प्रशिक्षित एवं अनुभवी चालक रखें, जिसके पास टी ड्रायविंग लायसेंस हो वैसे चालकों को ट्रैक्टर चालक रखें, टी.ड्रायविंग लायसेंस परिवहन विभाग या ऑनलाईन पोर्टल से बनाया जाता है, ट्रैक्टर का बीमा अनिवार्य रूप से करवायें, नाबालिक, बिना लायसेंस धारी चालक को ट्रैक्टर चालक न रखेंए ट्रैक्टर को हमेशा धीरे.धीरे रोकेंए रेत.गिट्टी का परिवहन के दौरान पीट.पास साथ रखें, वाहन में निर्धारित की गई क्षमता से अधिक माल लोड न करे,ए ट्राली से उपर माल लोड न करें, चालक सीट के बगल में बैठने के स्थान को लोहे के एंगल से सुरक्षित घेरा बनाये,ट्रैक्टर के आगे में दोनो तरफ मिरर लगाये ताकि चालन के दौरान चालक पीछे स्पष्ट रूप से देख सकें, ट्रैक्टर के टूल बाक्स व डाला के उपर किसी को न बिठाये। किसी भी परिस्थिति में सवारी परिवहन न करें, ट्रैक्टर में कैच व्हील लगाकर न चले, शराब सेवन, ओवरस्पीड,



मोबाईल में बात करते हुए कर वाहन न चलावें, ट्राफिक्र सिग्नलों, यातायात चिन्हो एवं यातायात नियमों का पालन करें, सामने चल रहे अन्य भारी वाहनों को ओवरटेक न करें, उचित स्थान देखकर हार्न बजाते हुए ही ओवरटेक करें, ट्रैक्टर में रेत, गिट्टी, डस्ट आदि परिवहन करते समय वाहन को तारपोलिंग से अच्छे से ढक कर रस्सी से बांधे ताकि खुले में न उड़े, वाहन के समस्त दस्तावेज आरसी बुक, परमिट, फिटनेश, प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक का ड्रायविंग लायसेंस की छांयाप्रति वाहन में साथ रखें, ट्रैक्टर में अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखें, ट्रैक्टर का ब्रेक लाईट, पार्किंग लाईट चालू स्थिति में लगे होना चाहिये, ट्रैक्टर के दोनो हेडलाईट चालू होना चाहिए, एक लाईट में वाहन न चलायें, रात्रि के समय वाहन चलाते समय अपर.डिपर का उपयोग करें,ट्रैक्टर को मार्ग में मोड़ने में दिन के समय हाथ एवं इंटीगेटर का उपयोग करें, रात्रि के समय हार्न बजाते हुए दोनो इंटीगेटर का उपयोग अनिवार्य रूप से करें,ट्रैक्टर एवं ट्राली दोनों के आगे.पीछे रजिस्ट्रेशन नंबर अनिवार्य रूप से लिखे, साथ ही वाहन मालिक का नाम व मोबाईल नंबर अंकित करें, ट्रैक्टर में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें, ट्रैक्टर चलानें के दौरान जूता पहनकर ही चलायेए स्लीपर, चप्पल पहनकर न चलावें, रोड किनारे बिना संकेत दिये अनावश्यक खड़ा न करें करने दिशा निर्देश दिया गया। मास्टर ट्रेनर सउनि सुरेश नेताम के द्वारा यातायात नियमों को अनदेखा करने से होने वाली सड़क दुर्घटना का शार्ट फिल्म दिखा कर यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचने का उपाय बताकर यातायात नियमों का पालन करने पाठ पढाया गया, साथ ही टैक्टर मालिक एवं चालको को सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल घायलों की मदद कर अस्पताल पहुंचने के साथ पुलिस को सूचना देने हेतु सड़क सुरक्षा मितान बनाया गया। ट्रैक्टर संघ के अध्यक्ष, सदस्य,टैक्टर मालिकों एवं चालकों के द्वारा ड्रायविंग लायसेंस बनाने कैम्प लगाने गुजारिश किया गया हैए तत्संबंध में जिला परिवहन विभाग से समन्वय कर तिथि निर्धारित कर कैम्प लगाने आश्वासन दिया गया। यातायात पुलिस समस्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालकों से अपील की जाती है, कि यातायात नियमों का पालन कर व्यवस्थित यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस का सहयोग करें। उक्त बैठक में ट्रैक्टर संघ के अध्यक्ष, विवेक साहू एवं ट्रैक्टर मालिक, चालक तथा यातायात स्टॉफ उपस्थित रहे।

# कारागुला मे भीमसेन एकादशी मेला पर जुटेंगें आज हजारों दर्शनार्थी

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

आदिवासी बाहुल ग्राम कारागुला मे आज ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष भीमसेन एकादशी मेला पर बच्चों व युवाओं मे खासा उत्साह देखा जाता है यहां पर महाभारत काल के पांचो पांडव भ्राता भीमसेन भगवान कृष्ण सहित माता कुंती द्रोपती युधिष्ठिर अर्जुन नकुल एवं सहदेव आदि की प्रतिमाऐं स्थापित है । इस दिन मेले का आनंद लेने दुर दरराज व उड़ीसा सहित क्षेत्र के आसपास गांवो के श्रध्दालु भीमसेन का दर्शन व पूजा अर्चन के लिए हजारो के तदाद मे दर्शनार्थी पहुंचते है इस दिन अधिक कांश घरो पर सत्यनारायण भगवान की कथाऐं भी की जाती है इसके अलावा नयी दुकान नवनिर्मित मकानो की प्रतिष्ठान की जाती है यह निर्जला व्रत रखने से मोक्ष की प्राप्ति होती है । भीमसेन व्यास जी से कहने लगे के हे पितामह भ्राता युधिष्ठिर माता



कुंती द्रोपती अर्जुन नकुल एव सहदेव आदि सब एकादशी का व्रत करने को कहते है परंतु महाराज उनसे मै कहता हूँ कि भाई मै भगवान की शक्ति पूजा आदि तो कर सकता हूं दान भी दे सकता हूँ परंतु भोजन के बीना नही रह सकता व्यास जी कहने लगे हे भीमसेन यह मुझको स्वंय भगवान ने बताया है इस एकादशी का पुण्य समस्त तीर्थो और दानो से अधिक है केवल एक दिन मनुष्य निर्जला व्रत रखने से पापो से मुक्त हो जाता है जो मनुष्य एकादशी को व्रत करता है उनकी मृत्यु के समय यमदूत आकर नही घेरते वर्न भगवान के पार्षद उसे पुष्पक विमान मे बिठाकर स्वर्ग को ले जाते है अंतः संसार मे सबसे श्रेष्ठ निर्जला एकादशी का व्रत है इसलिए यत्न के साथ इस व्रत को करना चाहिए । इस पवित्र देवी एकादशी के जन्म का प्रतीक है जो भागवान विष्णु के अंश से पैदा हुई एक दिव्य देवी थी जिन्होंने बहादुरी से राक्षस मुर को हराया था । साल भर मे 24 एकादशी आती है 12 शुक्ल पक्ष की और 12 कृष्ण पक्ष की और हर एकादशी का खास महत्व होता है लेकिन शास्त्रो मे निर्जला को मोक्ष देने वाली कहा जाता है । रात्री मे दर्शकों के मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढी नाच पार्टी निपानी जिला बलौद छग का कार्यक्रम रखा गया है ।

# कलेक्टर एसपी ने की पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक

## खुले में पेट्रोल बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित बेचने पर होगा सख्त कार्रवाई,अच्छी गुणवत्ता वाली सीसीटीवी कैमरा लगाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए है। बैठक में किसी भी व्यक्ति को खुले में पेट्रोल देने से मना किया गया है। यदि कोई पेट्रोल पंप संचालक ऐसे करते पाये गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोनी ने बताया की उक्त कार्रवाई छ.ग. डीजल पेट्रोल अनुज्ञापन आदेश 1980 के प्रावधान कंडिका क्रमांक 4,5 एवं 10 के तहत एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई संचालकों के खिलाफ की जाएगी इसके साथ ही अच्छी गुणवत्ता वाली सीसीटीवी कैमरा लगाने के दिए निर्देश संचालकों को दिए है। जिसमें नाइट विजन,3 महीने की डाटा संग्रहण शामिल है।



सीसीटीवी कैमरा लगाते समय उसकी हाईट एवं दूरी का भी ख्याल रखने कहा गया है। साथ ही संचालकों को बताया गया की कुछ भी ऐसे संदेही बदमाश तत्त्व मिले तो अवश्य उसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को अवश्य देवें। बैठक में एसपी विजय अग्रवाल ने कहा की आप सभी 9 एवं 10 जून की सीडीआर अनिवार्य रूप से पुलिस के पास जमा कर देवे। लगभग सभी पंप संचालको ने हमे सीडीआर दिया है फिर भी जो लोग बचे है वह भी तत्काल जमा करा देवे। ताकि फुटेज की मदद आरोपियों की शिनाख्त होने भी मदद मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा संबधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए। मानसून के आगमन के साथ ही कृषि कार्यों में तेजी आ जाती है। जिस दौरान दूर दराज के ग्रामीण किसान अपने ट्रैक्टर के लिए अतिरिक्त डीजल की व्यवस्था करते है। इसके लिए वह लोग अधिकांश जैरिकेन में डीजल ले जाते है। ऐसे किसानों को डीजल देने से पूर्व अनिवार्य रूप से आधार कार्ड की फोटो कॉपी पेट्रोल पंप संचालको जमा करवाने के निर्देश देते हुए रिकॉर्ड मेंटेन करने कहा गया है। इस दौरान बैठक में पेट्रोल पंप मालिकों के द्वारा भी जिला प्रशासन को सहयोग करने की बात करते हुए कुछ समस्यों के बारे में भी अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर ने सभी को जल्द ही कार्रवाई कर निराकरण करने की आश्वासन दिए है। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे,भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम बी आर ध्रुव,जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकगण उपस्थित सहित पेट्रोल पंप संचालकों के मालिक एवं प्रतिनिधी गण उपस्थित रहे।

### इंद्रनील पाध्ये का निधन



**बलौदाबाजार।** नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं समाज सेवी एस एम पाध्ये सर के ज्येष्ठ पुत्र चिरंजीव इंद्रनील पाध्ये का हृदयाघात के उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया है । इंद्रनील का अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में अपराह्न 12:30 किया गया। बड़ी संख्या में परिवार के लोग एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व परिवहन विभाग ने किया स्कूल बस वाहनों की चेकिंग

## 14 स्कूली बसों में सुप्रीम कोर्ट गाईडलाईन अनुसार पाई गई कमी, 31000 रूपये का किया गया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व स्कूली बच्चों के सुरक्षा को लेकर कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं जिला परिवहन अधिकारी के द्वारा 14 जून 2024 को संयुक्त रूप से जिला में संचालित मॉडल, मेनोनाईट, सर्वोदय, दिल्ली पब्लिक स्कूल एंव विद्याकुंज स्कूल के 50 से अधिक बसों की शैक्षणिक संस्थान एवं शैक्षणिक संस्थानों में लीज अनुबंध के तहत फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण एवं अन्य बिन्दुओं में जॉच एवं स्वास्थय विभाग के टीम द्वारा चालक,परिचालक का स्वास्थय परीक्षण नगरी रोड भोयना स्थित नवीन परिवहन कार्यालय के परिसर में किया गया। चेकिंग के दौरान







माननीय सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाईन के अनुसार आपातकालीन दरवाजा, फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस ट्रेकर, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गवर्नर आदि का बारिकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 14 स्कूली वाहनों में खामी पाई गई जिसमें चालक वर्दी में न होना, चालक का नेम.प्लेट, रिफ्लेक्टर, नंबर प्लेट का स्पष्ट न होना, पार्किंग, इंडिगेटर ठीक नही होना पाये जाने से विभिन्न धाराओं में चालानी कार्यवाही करते हुए कुल समझौता शुल्क राशि 31,000 रूपये वसूल किया गया एवं चालक परिचालकों का स्वास्थय परीक्षण कराया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जिन चालकों में स्वास्थ्यगत समस्या होना पाया गया उसे जिला अस्पताल में उपचार हेतु उपस्थित होने निर्देशित किया गया। निरीक्षण उपरांत उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा स्कूल वाहन चालक एवं परिचालकों को यातायात नियमों के जानकारी देते हुए ओव्हर स्पीड से वाहन न चलाने, बड़ी वाहनों को ओव्हरटेक न करें, शराब सेवन कर वाहन नही चलाने, बच्चों को उतारने चढ़ाने के दौरान वाहन को किनारे कर सुरक्षित उतारने चढ़ाने, बच्चों के बसों में बैठने के बाद मुख्य गेट एवं खिड़कियों के शीशा बंद कराने, बस चालू करने से पहले बस के आगे पीछे निरीक्षण कर ले की कोई बच्चा बस के आगे.पीछे नही है, सुनिश्चित कर ही बस आगे बढ़ाने, बसों के कागजात साथ रखें, समय.समय पर वाहन का फिटनेश, परमिट, बीमा, प्रदूषण की जाँच कराते रहें, वाहन चालन के दौरान वाहन चालक निर्धारित वर्दी में रहें, स्कूल आने.जाने के समय कोई समस्या होने पर तत्काल स्कूल संचालक,पुलिस को सूचना देने बताकर यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग धमतरी से जिला परिवहन अधिकारी अब्दुल मुजाहिद, परिवहन उप निरीक्षक देवाशीष प्रधान, हीरा राजपूत एवं स्टॉफ तथा यातायात से उप पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, प्रआर कमल किशोर साहू, आरण् धर्मेन्द्र जांगड़े, सैनिक मनीष मिश्रा स्वास्थ्य विभाग से सीएचसीण् गुजरा से डॉ दुर्गा प्रसाद कौशिक एमओ,डॉ प्रियंका कौशिक एमओ इंद्राणी साहू एएनएम, प्रीति एएनएम संतोष साहू एवं हीरा साहू एमएलटी उपस्थित रहें।

# एसडीओ पीओ तकनीकि सहायक और सरपंच की स्थल पर फोटो खिंचवाने के बाद इस्टीमेंट बनाने के आदेश से कमजोर सरपंच हालाकान

पायनियर संवाददाता ⮘ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



मनरेगा के तहत निर्माण होने वाले पुल पुलिया चैकडैम सहित अन्य कार्य के लिए प्रस्तावित स्थल पर एसडीओ पीओ साइड तकनीकि सहायक और सरपंच की मौजूदगी में फोटो खिंचवाते स्थल निरीक्षण पत्र के बाद इस्टीमेंट बनाने की बात पिछले कई दिनों सरपंच सचिव को परेशान कर रहा है क्योंकि कभी तकनीकि सहायक गायब तो कभी एसडीओ सहित अन्य नजर नही आते ऐसे में किस तरह स्थल पर फोटो खिंचवा सकते हैं हालांकि प्रभावशाली चुनिदा सरपंच संयुक्त टीम से अपना अपना काम करुवां रहे है लेकिन कमजोर सरपंच को अधिकारियों के पीछे सुबह से शाम चक्कर काटते देखा गया है खासकर मैनपुर और गरियाबंद देवभोग छुरा मे सरपंच हालाकान हो रहे हैं आपको बता दें कि बीते 7 जून को जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने एक आदेश जारी करते कहा है किमहात्मा गांधी रोजगार गारंटी के के तहत् कई पंचायतो में सामग्री मूलक कार्य की मांग होती है ऐसे में मांग कार्य की ओचित्य का निर्धारण तथा आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्राक्कलन निर्माण के पुर्व स्थल निरीक्षण ग्रामीण यांत्रिक सेवा अनुविभागीय अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी तकनीकि सहायक सहित क्रियावहन एजेंसी द्वारा संयुक्त रुप से निरीक्षण कर इस्टीमेट बनाते जिला कार्यालय भेजने की बात उल्लेख है ताकि गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य कराया जा सकें और इस आदेश के बाद से 2 दिनों तक संयुक्त टीम दिन रात भ्रमण करते स्थल पर निरीक्षण फोटो लिया जिनमे ज्यादातर प्रभावशाली सरपंचों के स्थल निरीक्षण हो पाया और बचे सरपंच आज भी अधिकारियों की ओर मुंह ताके हुए हैं लेकिन इस बीच शासकीय अवकाश देख संयुक्त टीम के अधिकारी मुख्यालय छोड़ घर जा चुके हैं ऐसे समय होते कमजोर सरपंच के काम की मांग अनुसार स्थल निरीक्षण होना लगभग नामुमकिन बताया जा रहा है जिसके चलते अधिकांश निर्माण एजेंसी नाराज़गी भी जाहिर करते जिला पंचायत तक अपनी बात रखने की तैयारी में है महिला सरपंच भी चक्कर काटने को मजबूर ङ्घ जिला पंचायत के आदेश से सबसे ज्यादा महिला सरपंच परेशान दिखाई पड़ रही हैं क्योंकि जैसे पुरुष वर्ग के सरपंच अधिकारियों के पीछे लग कर फोटो खिंचवाते स्थल निरीक्षण करा रहे है वैसे महिला सरपंचों का कर पाना मुश्किल है यहां बताना लाजमी भी होगा की ज्यादातर देवभोग और मैनपुर गरियाबंद मे महिलाओ की भागीदारी अधिक है ऐसे सबसे ज्यादा कठिनाई उठानी पड़ती है शायद यही वजह है कि किसान मजदूर राहगीरों को लाभ मिलने वाला पुल तटबंध काम को करवाने में रूचि नहीं दिखा रहे है हालाकि ऐसे जरूरत कार्य को नही कराने पर किसान ग्रामीण जैसे अन्य लोगो की खरी खोटी सुनना मजबूरी होगा इसके अलावा अगली बार चुनाव में भी असर पड़ने की संभावना बनी है जिसकी चिंता भी अधिकांश सरपंच को सताने लगी है जमीन पर कसावट की दरकार ङ्घ जिला सीईओ की जारी आदेश पर कसावट लाने की दरकार बताई जा रही है ताकि ब्लॉक के अंतिम क्षेत्र की पंचायत महात्मा गांधी रोजगार गारंटी के निर्माण मूलक कार्य से पीछे ना रह जाएं इसके लिए कुछ कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से मुलाकात कर वस्तु स्तिथि से अवगत करने की बात भी कह रहे हैं ताकि किसान मजदूर राहगीरों के मंशानुसार तटबंध पुलिया चेकडैम जैसे अन्य कार्य को संपादन किया जाए ।

# भाजपा नेता शिवम और दीपेश ने की नितिन नवीन ने मुलाकात

पायनियर संवाददाता ⮘ बालोद
www.dailypioneer.com



प्रदेश के चुनाव प्रभारी और प्रदेश के सहप्रभारी बिहार के मंत्री नितिन नवीन दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के दौरे पर है। शनिवार रात से नितिन नवीन से मिलने छत्तीसगढ़ के तमाम भाजपा नेता पहुच रहे। इस दौरान नितिन नवीन रविवार को कोर कमेटी की बैठक के साथ सभी विधायक, मंत्रियों की भी बैठक हुई।

इस दौरान भाजपा नेता शिवम सिंह और दीपेश बावनकर (दिप्पी) ने प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन से मुलाक़ात की और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव भी मौजूद रहे। शिवम सिंह और दीपेश बावनकर ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार और लोकसभा में भाजपा के 10 सांसद जीत के आने पर नितिन नवीन को बधाई दी। शिवम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के शानदार 6 माह पूरे हुए है। चुनाव में किये हर वादों को मुख्यमंत्री ने पूरा किया है। आज मोदी की गांरटी और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि हम प्रदेश की 10 लोसकभा जीते है, जनता ने फिर एक बार भाजपा पर विश्वास जताया है, सभी मतदाताओं का आभार, मोदी की गांरटी में जो जो वादे किए गए थे, वो सब पूरे हुए है और आगे भी सब वादे गांरटी के साथ पूरे होंगे, जिस तरह विधानसभा चुनाव में किये वादों को मुख्यमंत्री साय ने इन 6 माह में पूरा किया हैं। वही दीपेश बावनकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश नया आयाम लिख रहा है। आज भाजपा की नीति और सोच का ही परिणाम है, की बस्तर अब नक्सल मुक्त हो रहा है, हमारे जवान नक्सलियों के मंसूबो को नाकाम कर रहे है। आज महिलाएं महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही है, उन्हें योजना से जो लाभ मिल रहा है, आज उनके जरूरतों के ही काम आ रहा है। आज प्रदेश का किसान खुशहाल और उन्नति की राह पर हैं।

# उमेश ने मनाया कार्यकर्ताओं संग अपना जन्म दिवस

पायनियर संवाददाता ⮘ धमतरी
www.dailypioneer.com



उमेश साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि और भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष ने अपना जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त करने के लिए कार्यकर्ता आभार सम्मेलन के रूप में आयोजन करके कार्यक्रम संपन्न किया जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा महासमुंद क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रूप कुमारी चौधरी का आगमन हुआ।

उमेश साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए सभी अतिथियों को आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भाजपा गंगरेल मंडल की सफलता का मुख्य श्रेय मंडल के भीतर निवासरत एक.एक कार्यकर्ताओं की है उनका दृढ़ संकल्प कठिन परिश्रम और संगठन शक्ति के कारण आज सकारात्मक परिणाम लाकर नया इतिहास रचने में सफल हुए हैं। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उमेश साहू मंडल अध्यक्ष और महामंत्री नरेश यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का उन्होंने आभार माना जिसके कारण में गंगरेल मंडल को इतिहास में पहली बार एक बहुत बड़ी सफलता मिली। उन्होंने आगे कहा कि उमेश साहू गंगरेल मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में गंगरेल मंडल के एक.एक कार्यकर्ता पूरी दृढ़ संकल्प और दृढ़ निश्चय के साथ संगठन शक्ति की पूजा करते हुए पूरे मंडल के कार्यकर्ता संगठित होकर चुनाव के मैदान में भाग लिए जिसका परिणाम एक बड़ी सफलता के रूप में आज सबके चेहरों पर मुस्कान के रूप में दिख रही है। उपस्थित पूर्व विधायक रंजना साहू ने अपने उद्बोधन में उमेश साहू और नरेश यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहे कि आज का यह कार्यक्रम प्रेरणा का भी कार्यक्रम है उमेश साहू ने अपना जन्मदिन आज सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए मना रहे हैं निश्चित ही यह एक नया प्रेरणा का विषय रहा है और यही कारण है कि सब एकजुटता के साथ काम करते हुए बड़ी सफलता हासिल करने में सफल हुए सबको उन्होंने बधाई प्रेषित की। उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस भी जन्मदिन की शुभकामना देते हुए सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले समय में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आग्रह किया और नगर निगम और पंचायत चुनाव में भाजपा को फिर से भारी बहुमत के साथ चुनाव जीतने का अपील भी किया और सभी कार्यकर्ताओं का आभार किए।

# कोटसागर तलाब के पवित्र पानी को किया जा रहा दूसित, घरों के गंदे पानी को पक्की नाली बना कर तालाब में छोड़ा जा रहा

पायनियर संवाददाता ⮘ कोटा-बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पवित्र कोटसागर सरोवर में घरों का दूसित पानी पक्की नाली बना कर छोड़ा जा रहा है-इस सरोवर का निर्माण जब हुआ था जानकार बताते है कि उस समय कई पवित्र नदियों सागरों का जल विशेष पूजा कर इस सरोवर में डाल कर इस जलाशय के जल को पवित्र किया गया था। क्योकि कोटा नगर के नजदीक कोई नदी नही है इन्ही जलाशयों का सहारा है। इस कोटसागर जलाशय में लोग नहाते है,इसी के जल से श्रावण मास में भगवान भोले नाथ का अभिषेक होता है। इसी तालाब के किनारे महाशिवरात्रि में विशाल मेला भरता है इसी का पानी लोग पीते है और इसी में नहाते है, यंहा दुर्गा मंदिर, श्री राम मंदिर,श्री कृष्ण मंदिर बिराजित है पर्यावरण के दृष्टिकोण से और धार्मिक दृष्टि कोण से कोटसागर का क्षेत्र और यह स्थान साथ ही अति पवित्र जलाशय कोटसागर तालाब मनुष्य जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस तालाब में बकायदे पक्की नालियों को बना कर इस पवित्र तालाब में घरों का गंदा पानी मल मूत्र,अवसिस्ट पदार्थ छोड़ा जा रहा है।कई कच्ची नालियों के माध्यम से भी गंदा पानी इस कोट सागर तालाब में छोड़ कर इस के पवित्र जल को दूषित किया जा रहा है,
इसकी जानकारी इस मुहल्ले के नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों, और कुछ अधिकारियों को भी है,परंतु इस गंदे पानी को कोटसागर तालाब में जाने से रोकने के लिए अभी तक किसी ने पहल नही की। जबकि यह सीधे सीधे हिन्दू धार्मिक आस्था को आहत करने का कार्य है।

# राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने लिया ली राजस्व अधिकारियों की बैठक



**लवन।** बलौदाबाजार विधायक व राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने लिया राजस्व अधिकरियों की बैठक।श्री वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को भूमि के जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से पूर्ण करने एवं ग्रामीणों और किसानों को नामांतरण, बँटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन कार्य में आने वाली परेशानियों का शीघ्र समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया नई सांसद का स्वागत

**धमतरी।** धमतरी शहर में सांसद रूपकुमारी चौधरी का प्रथम नगर आगमन हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा, उपाध्यक्ष सलज अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मीडिया प्रभारी रवि मुंजवानी ने उनका प्रथम आगमन पर स्वागत किया साथ ही धमतरी जिले में पासपोर्ट ऑफिस की मांग की क्योंकि पासपोर्ट बनवाने के लिए सभी व्यापारियों को रायपुर दुर्ग के चक्कर लगाने पड़ते हैं इस संबंध में सांसद ने हामी भरते हुए कहा कि बहुत जल्दी छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स की मांग को पूरा किया जाएगा।

# टीएलएम आधारित पुस्तक का राज्य स्तर पर डाइट रायपुर में हुआ विमोचन

**धमतरी।** 21 वीं सदी बच्चों की तकनीकी व व्यवहारिक ज्ञान पर जोर देती है। केवल मौखिक पाठ से बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा उबाऊपन व नीरस हो जाती है इसलिए आज शिक्षक अपने पाठ योजना में TLM सहायक शिक्षण सामाग्री पर जोर दे रहे हैं। इसी तारतम्य में आज डाइट रायपुर में राज्य भर के शिक्षकों का TLM पर आधारित पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों डॉ एम सुधीश सहायक संचालक समग्र शिक्षा, बी एल देवांगन प्राचार्य रायपुर डाइट के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। बता दें कि राज्य के कुछ चुनिंदा स्कूलों के शिक्षकों ने अपने संस्था में बच्चों को करके सीखने हेतु उपयोग कर रहे कुछ TLM का वीडियो लिंक के साथ TLM की डोटो, किस कक्षा व किस्एलओएस पर काम करेगा, बनाने की विधि, लागत, गतिविधि कैसे करें पर अपनी बातों को लिखित स्वरूप दिया है। यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है। अतः इस पुस्तक का उपयोग 1ली से 8 वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं। इस पुस्तक में हिन्दी ,गणित, पर्यावरण, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों का समावेश किया गया है अतः यह पुस्तक राज्य के सभी शिक्षकों के लिए अपने विषयों को मनोरंजक व ज्ञानवर्धक बनाने के साथ साथ विषयवस्तु की स्थायी व व्यवहारिक ज्ञान हेतु मील का पत्थर साबित होगा। पुस्तक विमोचन पर डाइट प्राचार्य सर ने राज्य भर के आये सभी शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी ने शिक्षा में बदलाव हेतु एक अभिनव प्रयास की शुरुआत की है इससे राज्य के सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे।

## शोक संदेश

# लक्ष्मीदेवी पुरोहित

पायनियर संवाददाता ⮘ रायपुर
www.dailypioneer.com



पुष्टिकर समाज के ट्रस्टी स्व. दाऊलाल पुरोहित की धर्मपत्नी, पुष्टिकर समाज ट्रस्ट के मौजूदा सदस्य श्री अशोक पुरोहित की माता और वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुरोहित की बड़ी माँ लक्ष्मीदेवी पुरोहित (94 वर्ष) का रविवार 16 जून की तड़के सुबह दुःखद देहावसान हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं और एमएमआई अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती थीं। रविवार पूर्वाह्न विवेकानंद नगर स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली। मारवाड़ी श्मशान घाट में समाजजनों व परिजनों की उपस्थिति में अंत्येष्टि सम्पन्न हुई। पूर्व विधायक व वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष श्री अरुण वोरा, अमृत संदेश के सम्पादक श्री गिरीश वोरा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रामनारायण व्यास, प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नरेंद्र व्यास, अधिवक्ता श्री मनीष व्यास, पुष्टिकर समाज के प्रमुख ट्रस्टी श्री चंद्र?प्रकाश व्यास, श्री राजीव वोरा की उपस्थिति में दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# योग शिविर 17 जून से ए घर-घर जाकर दे रहे आमंत्रण

## आयुष योगा वेलनेस सेंटर में लगेगा पांच दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर

पायनियर संवाददाता ⮘ धमतरी
www.dailypioneer.com



आयुष योगा वेलनेस सेंटर पालीक्लिनीक, कलेक्ट्रेट परिसर, रुद्री रोड, धमतरी में 17 से 21 जून तक 5 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक योग सिखाया जाएगा।

योग चिकित्सक डॉ रेवती नेताम ने बताया कि संचालनालय आयुष विभाग के निर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रिय योग दिवस के अवसर पर 17 से 21 जून तक 5 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर शासकीय आयुष योगा वेलनेस सेंटर पॉलीक्लिनीक, धमतरी में क्रियाएँ योगा डॉक्टर द्वारा सिखाया जायेगा। पॉली क्लीनिक में प्रतिदिन बीपी, शुगर, अस्थमा सहित अन्य शारीरिक एवं मानसिक रोगों के उपचार के लिए डॉक्टरों द्वारा योग करवाया जाता है। योग शिविर के प्रचार के लिए घर.घर जाकर आमंत्रण दिया किया जा रहा है। इसमें सभी वर्ग के महिला, पुरूष, बालक, बालिका हिस्सा ले सकते हैं। अंतर्राष्ट्रिय योग दिवस पर योगाभ्यास कर अपने जीवन को स्वस्थ्य और निरोग बनाने की अपील लोगों से की गई है। योग कर लोग अपनी सेहत बना सकते हैं और स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। योग.स्वयं और समाज के लिए थीम के साथ समस्त योग जा रहा है। कलेक्ट्रेट स्थित जीएडी कॉलोनीए कर्मा नगरए दुलारी नगर, राम नगर, जलविहार कॉलोनी सहित रोड में मॉर्निंग वॉक करने एवं आने जाने वाले लोगों को योग शिविर में शामिल होने की अपील की गई। योग शिविर के प्रचार अभियान में योग चिकित्सक सहित अन्य सहयोगियों ने योगदान दिया।

# आरंग में हुए मॉबलिंचिंग के खिलाफ मुस्लिम-समुदाय हुआ आक्रोशित

## कोटा-मुस्लिम-समाज ने एसडीएम को प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ⮘ करगीरोड-कोटा
www.dailypioneer.com



समुदाय के लोगों ने कहा-रायपुर महासमुंद-बार्डर के बीच आरंग महानदी पुल में तथाकथित-गौरक्षको द्वारा गोवंश के नाम पर उत्तरप्रदेश सहारनपुर के रहने वाले चांद खान, गुडडू खान, सद्दाम खान को अमानवीय तरीके से लाठी डंडों से मारपीट करते हुए लहूलुहान हालत में महानदी पुल के नीचे फेंक दिया गया था, घटना के बाद चांद खान, गुडडू खान, की मौके पर ही मौत हो गई वही सद्दाम खान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार जारी है।

गोवंश के नाम पर हुए इस मोबलिंचिग इस हत्या के बाद से मुस्लिम समुदाय आक्रोशित हो गया राजधानी-रायपुर से लेकर न्यायधानी तक छत्तीसगढ़ के कई जिलों कस्बों से आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी सहित मृतकों के आश्रित परिजनों को उचित मुआवजा राशि दिए जाने को लेकर प्रदेश के राज्यपाल/मुखमंत्री पुलिस/महानिदेशक को ज्ञापन सौंपकर मामले के आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 302, 307, 147, 148,149, के तहत अपराध पंजीबद्ध कर इन्हें त्वरित रूप से गिरफ्तार किया जाए साथ ही हाईकोर्ट की निगरानी में इसकी न्यायिक जांच की मांग मुस्लिम-समाज कर रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार 14 जून को (जुमा) की नमाज के बाद मुस्लिम-समाज कोटा ने प्रदेश के राज्यपाल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की न्यायिक जांच की मांग करते हुए आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी सहित मृतकों के परिजनों व घायल सद्दाम खान को राज्य सहित केंद्र सरकार की तरफसे उचित मुआवजा राशि देने की मांग की गई है,कोटा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि-मंडल मे शामिल शरीफ खान अब्दुल गफ्फार खान, जब्बार खान अमजद खान, सईद खान, हसन खान मोहम्मद जावेद खान भक्का भाई, इब्राहिम खान सहित मुस्लिम समाज के उपस्थित लोगो ने राज्य सरकार सहित केंद्र सरकार से मांग की है, गौरक्षको के नाम पर हत्या करने वालो, उगाही करने वालो, मवेशी तस्करों, गाय की हत्या करने वालो, बीफ का व्यापार करने वालो को फांसी की सजा का प्रावधान देश की संसद में पारित किया जाए पूरे देश में बीफनिर्यात का कारोबार पूरी तरह से बंद किया जाए..गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए, गाय को इस देश में माता की तरह पूजा जाता है, सनातन-संस्कृति से जुड़े लोगो के लिए गाय आस्था से जुड़ी हुई है।

# धमतरी के कलाकार थिएटर के तीन राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गए

पायनियर संवाददाता ⮘ धमतरी
www.dailypioneer.com





ऑल इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन शिमला द्वारा रोहिताश गौड़ भाभी जी घर पर हैं फेम एवं रेखा गौड़ के संयोजन में आयोजित राष्ट्रीय रंग महोत्सव जिसमें शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप के कलाकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने भाग लिया है। साथ ही धमतरी के कलेक्टर नम्रता गांधी के सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर सभी प्रतिभागियों ने कला के साथ.साथ समाज में जन जागरूकता के उद्देश्य सको ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी के द्वारा लिखित एवं निर्देशक जन जागरूकता पर आधारित प्रहसन जल बचाओ जीवन बचाओ, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पेड़ एवं पर्यावरण से संबंधित था का भी मंचन किया गया। मुख्य रूप से डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा लिखित एवं आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा निर्देशित नाटक सत्य की खोज का मंचन किया गया। इस नाटक को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। इस नाटक को लोक नाटक श्रेणी का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। विद्वान भूरा की भूमिका में आकाश गिरी गोस्वामी को बेस्ट एक्टिंग का कंसोलेशन प्राइस प्राप्त हुआ है। सोहनलाल सिंह को अभिनेता पंडित एवं डिंडोरची की भूमिका में बेस्ट एक्टिंग का कंसोलेशन प्राइज प्राप्त हुआ। इस नाटक का कथ्य मनुष्य के सुख के कर्म पर प्रकाश डालता है। मनुष्य को स्थाई ,अनंत ,चिरन्तन और शाश्वत सुख का कारण व्यक्ति,वस्तु, संबंध,वैभव और शक्ति जैसे भौतिक चीजों से नहीं होता बल्कि व्यक्ति जब भी अपने आत्मा के सुख स्वरूप को जान लेता है वही व्यक्ति के स्थाई सुख का कारण होता है। अर्थात अगर स्थाई और अनंत सुख चाहते हो तो बाहर नहीं भीतर देखो। इस नाटक में विद्वान भूरा की भूमिका में आकाश गिरी गोस्वामी ने आध्यात्मिक कथोप कथन से अपने पात्र को जीवंत किया राजा की भूमिका में आशीष साहू ने अपने आंगिक एवं एवं वाचिक अभिनय से राजा की भूमिका में जान डाल दिया। सोहनलाल साहू ने अभिनेता ,पंडित एवं ढिंढोरची तीनों की भूमिकाओं को अलग.अलग अंदाज में अभिनीत किया,गुलशन ध्रुव ने मंत्री की भूमिका को सहजता के साथ निभाया, प्रियांशी मिश्रा तथा वैष्णवी साहू ने नटी एवं सूत्रधार की भूमिका में नाटक को आगे बढ़ाने में सफल रहे, विराज शाह और डीगेश्वर साहू ने सिपाही की भूमिका धनलक्ष्मी सुलोदिया, जाह्नवी साहू और भाविका सुलोदिया और कल्पना अग्रवाल ने दरबारी की भूमिका को निभाने में सफल रहे। कशिश अग्रवाल ने उद्योनपति, छायाकार और दरबारी की भूमिका में कमाल का अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया । इस नाटक का संगीत संयोजन आशीष कुमार साहू,मंच सज्जा सोहनलाल साहू, ध्वनि एवं प्रकाश संचालन कल्पना अग्रवाल, वस्त्र सज्जा गुलशन ध्रुव, रूप सजा आकाश गिरी गोस्वामी एवं आशीष साहू, सामग्री प्रबंधन एवं संयोजन विराज शाह और गुलशन ध्रुव ने बखूबी के साथ किया।

# बॉलीवुड में डेब्यू करना किसी सपने के सच होने जैसा है

## निमृत कौर अहलूवालिया

**थ्रिलर ड्रामा के साथ फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया ने बताया कि फिल्म के लिए रोल पाना जबरदस्त एक्सपीरियंस था। निमृत ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी शो छोटी सरदारनी से की थी। वह कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 16 में भी नजर आई थीं और फिलहाल वह खतरों के खिलाड़ी के 14वें सीजन के लिए रोमानिया रवाना हो गई हैं।**



उनकी अपकमिंग फिल्म, जिसका टाइटल अभी तय नहीं हुआ है, अजय राय के प्रोडक्शन हाउस, जार पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है। निमृत ने कहा, बिग बॉस सीजन 16 में अपनी जर्नी के बाद, मैं अपने एक्टिंग करियर में नए रास्ते तलाशने के लिए काफी एक्साइटेड हूं, और यह प्रोजेक्ट सही अवसर पेश करता है। ऐसी टैलेंटेड टीम और मशहूर डायरेक्टर के साथ काम करना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, मेरे एजेंट ने अजय से मिलवाया और उन्होंने इस रोल के लिए मुझे चुना। कई राउंड ऑडिशन होने के बाद, उन्हें यकीन हो गया कि मैं उनकी फिल्म में बड़े पर्दे पर डेब्यू के लिए बिल्कुल सही हूं। फिल्म में रोल मिलना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस है। अनटाइटल्ड थ्रिलर ड्रामा अलग सिनेमाई एक्सपीरियंस देता है। फिल्म की कहानी और कलाकारों के बारे में जानकारी अभी भी गुप्त रखी गयी है।

# औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज दिल जीत लेगी अजय देवगन और तब्बू की आशिकी



अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म औरों में कहां दम था का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के पोस्टर और टीजर के बाद से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था, जो आखिरकार खत्म हो चुका है। निर्माताओं ने औरों में कहां दम था का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर में दिखी फिल्म की झलक अजय देवगन और तब्बू की अनोखी प्रेम कहानी का वादा करती है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव हैं।

तीन मिनट लंबे ट्रेलर में शांतनु माहेश्वरी युवा अजय देवगन की भूमिका निभाते दिखे, जो तब्बू के किरदार से रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। बाद में एक हत्या के मामले में अजय देवगन जेल चले जाते हैं, जिसकी वजह से तब्बू और वे अलग हो जाते हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कई साल बाद उलझी हुई परिस्थितियों में अजय देवगन और तब्बू को फिर से मिलते हैं। एक ओर अजय जेल से बाहर नहीं आना चाहते, क्योंकि वे बाहर की दुनिया से रूबरू होने के लिए तैयार नहीं हैं, वहीं जब अजय जेल से बाहर आते हैं तो उनका पुराना प्यार तब्बू उनसे मिलने आती हैं, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं।

ट्रेलर में अजय और तब्बू की प्यारी की अधूरी दास्तां देखने को मिली, जिसमे उनके प्यार की शुरुआत से लेकर अलग होने तक की गहरी कहानी दिखाई गई। ट्रेलर देखने से ऐसा लग रहा है कि जिमी शेरगिल ने तब्बू के पति की भूमिका निभाई है।

# रेड आउटफिट पहन शरवरी वाघ ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें, बोल्ड अदाएं देख यूजर्स ने दिए रिएक्शंस



**बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ इन दिनों अपने स्टनिंग फैशन सेंस के कारण सोशल मीडिया पर खूब लाइमलाइट बटौर रही हैं। उनका हॉट अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही इंटरनेट पर कहर बरपा रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर यूजर्स खुद को कॉमेंट करने से नहीं रोक पा रहे हैं।**

एक्ट्रेस शरवरी वाघ किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस आहें भरते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने रेड कलर की बेहद स्टाइलिश स्कर्ट और टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस के इस लुक को देखकर फैंस खुद को कॉमेंट्स करने से नहीं रोक पा रहे हैं और साथ ही लाइक्स देते हुए दिलखोलकर अपना प्यार बरसा रहे हैं। शरवरी वाघ की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक यूजर ने तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए- हॉटनेस अलर्ट लिखा है। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- सो एलिगेंट एंड सिंपल। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- हॉटनेस।

एक्ट्रेस शरवरी वाघ सोशल मीडिया स्टार हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।

बता दें कि इन दिनों एक्ट्रेस शरवरी वाघ अपनी अपकमिंग फिल्म मुंज्या के लेकर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं।

# कल्कि 2898 एडी से दिशा पाटनी का लुक जारी, क्रॉप टॉप में दे रहीं गैंगस्टर वाइब



एक्ट्रेस दिशा पाटनी आज अपना 32वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास दिन पर अपकमिंग साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी के मेकर्स ने उन्हें खास गिफ्ट दिया है। दरअसल, टीम ने फिल्म से उनके लुक को जारी किया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर दिशा का एक शानदार पोस्टर जारी किया, जिसमें उनके लुक को देख गैंगस्टर वाइब्स आ रही हैं। फिल्म में दिशा रॉक्सी के किरदार में हैं। उन्होंने क्रॉप टॉप के साथ क्रॉप जैकेट और मैचिंग ट्राउजर पहने हुए हैं। उन्होंने अपने लुक को ग्लव्स और बूट के साथ पूरा किया। पोस्टर पर बैकग्राउंड में टैगलाइन लिखा हुआ है, हैप्पी बर्थडे रॉक्सी। पोस्ट को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, हमारी रॉक्सी यानी दिशा पाटनी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हैशटैग कल्कि 2898 एडी... कल्कि 2898 एडी तेलुगु इंडस्ट्री की सबसे महंगी बजट वाली फिल्म है। इसका निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। यह नाग अश्विन द्वारा लिखित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित है।

# जूनियर एनटीआर की देवरा को मिली नई रिलीज तारीख, बॉक्स ऑफिस पर फिर उठेगा तूफान




जूनियर एनटीआर अभिनीत देवरा साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। देवरा समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी।

देवरा फिल्म के निर्माताओं ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। देवरा 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। निर्माताओं ने इसे पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई थी। देवरा तटीय भूमि के विरुद्ध स्थापित है और कोराताला शिवा द्वारा संचालित है। इसमें जान्हवी कपूर भी हैं और यह साउथ में उनकी पहली फिल्म है। देवरा जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर का पहला सहयोग भी है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें राम्या कृष्णा भी होंगी। इसके अलावा, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टारकास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

आरआरआर की तरह, इस तेलुगु फिल्म में कथित तौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवरा को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। देवरा जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे।

# गर्मी में अगर आप भी रोजाना खा रहे हैं दही तो जान लें यह जरूरी बातें



दही को पोषण से भरपूर माना जाता है। इसमें कई सारे विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। खासकर गर्मियों में लोग दही का रोजाना और ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोगों को पराठे के साथ सुबह-सुबह दही खाना पसंद होता है। क्योंकि यह कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। लेकिन क्या गर्मी में रोजाना दही ठीक है?

## दही खाना सही होता लेकिन लिमिट में

दही पेट के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक दही खाना अच्छी बात है लेकिन इसे एक लिमिट मात्रा में खाना चाहिए। क्योंकि ज्यादा खाने से इसके कई सारे साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। रात में इसे खाने से डॉक्टर इसे मना करते हैं क्योंकि इसे खाने से कफ बनने लगता है।

**मसल्स, स्किन, बाल, नाखून बनने के लिए प्रोटीन की होती है जरूरत**


सेल्स को बढ़ने के लिए अमिनो एसिड की जरूरत पड़ती है। इसमें भरपूर मात्रा में मसल्स, स्किन, बाल, नाखून जैसी चीजें प्रोटीन से बनी होती है।

रिपोर्ट के मुताबिक 100 ग्राम दही के अंदर 11.1 ग्राम प्रोटीन मिल जाता है। आंतों में कई सारे जिंदे बैक्टीरिया होते हैं। यह खाना पचाने और पोषण से भरपूर होता है। दही खाने से कब्ज, ब्लोटिंग, गैस, पेट की गर्मी भी दूर करती है।

हड्डियों को मजबूत रखने के लिए कैल्शियम की जरूरत पड़ती है। कैल्शियम के कारण हड्डियां मजबूत होती है। इस खतरे को कम करने के लिए दही जरूर खाना चाहिए। दही खाने से पेट ठंडा रहता है और पेट की जलन भी कम होती है। पेट में होने वाली एसिडिटी भी दही खाकर कम किया जा सकता है।

# डेंड्रफ की वजह से सिर में होती है खुजली? तो रोजाना करें इस चीज से बालों की मालिश

**बालों में होने वाला डैंड्रफ अब एक आम समस्या बन गया है, जो कई कारणों से हो सकता है। कई बार डैंड्रफ शर्मिंदगी का कारण बन जाता है। खोपड़ी का सूखापन डैंड्रफ का सबसे आम कारण होता है। बता दें कि जब खोपड़ी शुष्क होती है, तो त्वचा की कोशिकाएं तेजी से मरने लगती है और गुच्छे बनाकर गिरने लगती है। जिसे हम डैंड्रफ का नाम दे देते हैं। यही नहीं कई बार तनाव, हार्मोनल बदलाव, कमजोरी, दवाइयों का सेवन करना आदि की वजह से डैंड्रफ हो सकते हैं।**



## नारियल तेल और नींबू के रस का इस्तेमाल

नींबू का तेल एंटी फंगल गुणों से भरपूर होता है। यह फंगस के विकास को रोकने में मदद करता है, आप इसका इस्तेमाल कर डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको एक बड़ा चम्मच नारियल तेल में 5 से 10 बूंद नींबू के रस की मिलाना होगी। इस मिश्रण को आप रात में सोने से पहले अपने बालों पर लगा ले और हल्के हाथों से सिर की मालिश करें। सुबह उठकर आप शैंपू से अपने बाल धो सकते हैं। ऐसा करने से डैंड्रफ से राहत मिलेगी और सर में खुजली चलना बंद होगी।

## मालिश करने से पहले करें ये काम

आप नारियल तेल, बादाम तेल का भी इस्तेमाल कर हल्के हाथों से अपने बालों की मालिश कर सकते हैं। इसके अलावा आप मालिश करने से पहले अपने बालों को सुलझा ले और बालों को हल्का गीला कर ले, ध्यान रहे तेल का उपयोग सीमित मात्रा में करें, स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन करें, दिन भर में काम से कम 7 से 8 गिलास पानी जरूर पिए, धूप में जाने से बच्चे और तनाव कम करें। इससे भी डेंड्रफ की समस्या से छुटकारा मिलता है। इन सब उपायों को करने के बाद भी आपको डैंड्रफ से राहत नहीं मिलती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## डैंड्रफ से पाएं छुटकारा

डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए आप कई तरह के घरेलू उपाय आजमा सकते हैं। कई बार अधिक डैंड्रफ होने की वजह से सिर में खुजली चलने लगती है, खोपड़ी पर लालिमा और तैलीयपन आने लगता है। अगर आप भी डैंड्रफ से परेशान है, तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज हम आपको ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप बालों से डैंड्रफ को दूर कर सकते हैं और अपने बालों को खूबसूरत बना सकते हैं। हम बात कर रहे हैं नारियल तेल और नींबू की।

# भूजल समस्याग्रस्त गावों के लिए अब मल्टी विलेज योजना

## बालोद के 147 गावो को मिलेगा मीठा जल, 4 मल्टी विलेज स्वीकृत



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले समेत प्रदेश के ऐसे गांव जहां भूजल स्तर काफी कम हो गया है और लोगों को पीने का पानी मिलना मुश्किल हो रहा है, प्रदेश के ऐसे गांवों के लिए साढ़े चार हजार करोड़ रुपए से अधिक की मल्टी विलेज योजना पर काम किया जा रहा है। यह काम जलजीवन मिशन के माध्यम से कराया जा रहा है। इससे करीब 10 लाख लोगों को पीने के लिए मीठा जल जल मिलेगा। इन गांवों में भूजल भूजल स्तर नीचे जाने के कारण खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी या जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की वजह से लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिले के 147 गांवों में तांदुला, खरखरा और गोंदली जलाशय से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के जरिये शुद्ध पानी ग्रामीणों के घरों तक पहुचेगा। जिसकी शुरुआत ग्राम कनेरी और जुंगेरा से हो चुकी हैं। उल्लेखनीय हो कि 4527 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के 18 जिलों में 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम प्रारंभ हो गया है। इन योजनाओं के माध्यम से 3234 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इन गांवों के दस लाख से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने सभी मल्टी-विलेज योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, जिससे लोगों तक यथाशीघ्र साफ पेयजल पहुच सकें

### जिले में 4 मल्टी विलेज की स्वीकृति

बता दे कि प्रदेश के अनेक जिलो में नलकुपो के गिरते हुए जलस्तर के कारण गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या आती है। ऐसे गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल-विलेज योजनाओं के लिए सफल पेयजल स्त्रोतों की कमी को देखते हुए सतही स्त्रोत पर आधारित मल्टी-विलेज योजनाएं बनाई गई हैं। राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से जिले में 4 और प्रदेश में कुल 71 मल्टी-विलेज योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी योजनाओं के अवयवों की ड्राइंग एवं डिजाइन की जांच राष्ट्रीय स्तर पर सुविख्यात आईआईटी एवं एनआईटी के माध्यम से कराई जा रही है।

### बालोद के 147 गावो में पहुचेगा शुद्ध पानी

जल जीवन मिशन के अंतर्गत मल्टी-विलेज योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के 18 जिलों के 3 हजार 234 गांवों में जलापूर्ति की जाएगी। इनमें बालोद जिले के 147 व रायगढ़ जिले के 396, गौरेला-पेंड्रा मरवाही के 16, कोरबा के 245, जांजगीर-चांपा के 32, राजनांदगांव के 393, महासमुंद के 48, कबीरधाम के 31, गरियाबंद के नौ, बिलासपुर के 93. सूरजपुर के 413, मुंगेली के 240, दुर्ग के 201, बलौदाबाजार-भाटापारा के 192. बेमेतरा के 219, कोरिया के 292, सरगुजा के 190 और धमतरी जिले के 76 गांव शामिल हैं।

### वाटर ट्रीटमेंट के जरिये पहुचेगा शुद्ध जल- ईई

पीएचई विभाग के ईई सुक्रान्त साहू ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया कि एक साथ गांव का समूह बनाकर नदी या डैम से पानी लाते है, उसे मल्टी विलेज कहते है। जिले में कुल 4 मल्टी विलेज स्वीकृत है, 147 गावो का कवरेज है उसका। इसमें तांदुला, खरखरा और गोंदली जलाशय के केनाल के तट में इंटेक वेल बनाकर वहां पानी लाएंगे, उसको ट्रीट करके। फिर वो गांव की टंकी में जाएगा पानी। जब जल जीवन मिशन का कार्य शुरू हुआ था, उस समय से ही 147 गावों को चिन्हांकित किया गया था। इसमें बहुत सारा पैरामीटर रहता है, की पानी का प्रेशर कहा से बनेगा, कितना दूर है, क्या स्रोत है। ईई सुक्रान्त साहू ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य है कि सर्फिस वाटर मतलब ग्राउंड वाटर से ज्यादा रिलायबल है, जैसे तांदुला में जब तक पानी है, तब तक हमें पानी मिलता रहेगा, तुलनात्मक दृष्टि से सर्फिस वाटर ज्यादा रिलायबल है। नदी से पानी लेने उसको ट्रीट करेंगे। क्योकि उसमे गंदगी भी रहेगी। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा उसके लिए। ट्रीटमेंट प्लांट से पानी शुद्ध होकर टंकियो में जाएगा। वहां से फिर लोगों के घरों में जायेगा। जैसे हम बोरवेल्स से पानी लेते है तो वो सीधा टंकी में चले जाता है, इसमें वो ट्रीटमेंट प्लांट से होकर जाएगा। हमारे जिले में मल्टी विलेज योजना की शुरुआत भी हो चुकी है, ग्राम कनेरी और जुंगेरा में।

# खाद्य मंत्री ने जेवरा में किया प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकास खंड के ग्राम जेवरा में 16 लाख 10 हजार की लागत से बनने वाले प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष भवन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने की। स्कूल जतन योजना के अंतर्गत यह राशि स्वीकृत की गई है। खाद्य मंत्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 13 जून को 6 माह पूर्ण कर लिए हैं। प्रदेश सरकार अनुसूचित जातियों, जनजातियों सहित किसानों, मजदूरों समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। खाद्य मंत्री ने आगे कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लिए हैं। छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार हैं। इससे देश एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। ग्राम जेवरा स्कूल के प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष निर्माण होने से भविष्य में बच्चों को पढ़ाई करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर टार्जन साहू, अंजू बघेल, परस वर्मा, मनीष जायसवाल, लालन यादव सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# हर महीने खाते में राशि जमा होने से आत्मनिर्भर हुई डिलेश्वरी

## छोटी-मोटी जरूरतों के लिए अब नही पड़ रही है किसी के पास हाथ फैलाने की आवश्यकता

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना निम्न एवं मध्यम वर्ग के महिलाओं के लिए अनेक दृष्टि से लाभप्रद सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। उल्लेखनीय है कि आज भी पुरुष प्रधान भारतीय समाज में महिलाओं को छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पुरुषों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। आज के दौर में भी कामकाजी महिलाओं के द्वारा अपने मेहनत से किए गए अनेक कार्यों का पैसा भी उनके पिता, पति, ससूर या उनके घर के मुखिया के पास जमा होता है। लेकिन राज्य सरकार के महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह संबंधित महिला के खाते में सीधे जमा होने से यह राशि राज्य के महिलाओं के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रहा है। पूरे राज्य की भाँति बालोद जिले में भी इस योजना का बेहतरीन प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। राज्य सरकार की इस लोक कल्याणकारी योजना के माध्यम से प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि मिलने से जिले के ग्राम झलमला के वार्ड नंबर 08 की निवासी दुलेश्वरी के लिए आर्थिक संबलता का आधार बन गया है। इस योजना के फलस्वरूप राशि मिलने से डिलेश्वरी अपने छोटे बच्चों के लिए नियमित रूप से पौष्टिक भोज्य पदार्थों की प्रबंध करने के अलावा जरूरत पड़ने पर ईलाज एवं साबून सोडा इत्यादि छोटी-मोटी जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं। अब उन्हें अपने दैनिक आवश्यकताओं के लिए लगने वाली चीजों की पूर्ति तथा ईलाज आदि आवश्यक कार्यों के लिए अब किसी के पास हाथ फैलाने की आवश्यकता नही पड़ रही है।

### मुश्किल वक्त का बना सहारा

इस योजना की सराहना करते हुए वार्ड नंबर 08 झलमला निवासी डिलेश्वरी पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना हमारे जैसे अनेक गरीब एवं मध्यम वर्ग के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लागू होने के पूर्व उसे अनेक महिलाओं को बीमारियों के ईलाज तथा दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए अपने पति, ससूर तथा घर के मुखिया के ऊपर आश्रित रहना पड़ता था। लेकिन प्रत्येक माह इस योजना की राशि उनके खाते में जमा होने से अब उसे इन चीजों का प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई नही हो रही है। इसके अलावा वे अपने दो छोटे बच्चे कुमारी पूर्वी एवं 02 वर्षीय बालक जतिन पटेल के लिए भी आसानी से पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रबंध कर पा रही हैं।

### मुख्यमंत्री को किया धन्यवाद ज्ञापित

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा एक सच्चे अभिभावक की भाँति राज्य की असंख्य महिलाओं की वास्तविक पीड़ा एवं जरूरतों को समझते हुए राज्य में जो महतारी वंदन योजना लागू की गई है वह हर दृष्टि से सराहनी एवं काबिले तारीफहै। डिलेश्वरी ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस योजना को लागू कर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने का कार्य किया है। जिसके फलस्वरूप हम महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने राज्य के महिलाओं की वास्तवित जरूरतों को समझते हुए छत्तीसगढ़ में इस अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

# मंत्री टंकराम वर्मा ने तिल्दा क्षेत्र का दौरा कर कार्यकर्ताओं का जाना हालचाल



पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विधायक,एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा तुलसी तिल्दा नेवरा कार्यालय में क्षेत्रवासी, आम जन व कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर कार्यकर्ताओं का हाल-चाल जाना और विभिन्न विकास कार्य के लिए चर्चा किया गया। साथ ही महिला मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा जी का जन्मदिन भी मनाया गया। खुला जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों का ध्यान समाधान की तरफ होना चाहिए। उन्हें यह नहीं देखना चाहिए की समस्या कैसी है। अधिकारी हर समस्या का समाधान निश्चित समय से पहले करने का प्रयास करें ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके। मंत्री ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बाद कहा कि जनता दरबार आज समय की मांग है। उनका हमेशा यही ध्यय रहा है कि किसी को किसी प्रकार की समस्या ना हो। मौजूदा सरकार लोगों की समस्याओं को प्रारंभ से ही गंभीरता ले से ले रही है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लोगों की एक-एक समस्या को सुनकर उसका मौके पर निदान करने का प्रयास करते हैं ।

# मिडिया एसोसियेशन के पत्रकारों ने की विधायक इन्द्र साव से सौजन्य मुलाकात

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन बलौदाबाजार भाठापारा जिला के सिमगा ब्लॉक के मिडिया एसोसियेशन के पत्रकारा साथियों ने भाठापारा विधायक इन्द्र साव के निवास पर सौजन्य भेट कर एसोसियेशन के पत्रकार साथी गणो ( पदाधिकारियों ) ने विधायक इन्द्र साव जी से पत्रकारो के हितो में महत्वपूर्ण मद्दो से चर्चा किया गया जिसमें की छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के ब्लॉक अध्यक्ष थानेश्वर साहू उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा ' सचिव ओंकार साहू सदस्य गण राजेन्द्र वर्मा व एसोसियेशन के अन्य पत्रकार साथी गणों की उपस्थिति थी ।



# लोकसभा चुनाव के कांग्रेस बागियों पर हुई सख्त

पायनियर संवाददाता ‹ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आते हैं कांग्रेस ऐक्शन मोड़ में आ चुकी हैं कांग्रेस ने पार्टी से बगावत कर दूसरे दल को ज्वाइन करने एवं पार्टी के अंदर रहकर भीतर घात करने वाले नेताओं पर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है जो लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में एकमात्र लोकसभा सीट कोरबा में कांग्रेस ने जीत के बाद मनेंद्रगढ़ जिले के कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव काफी आक्रमक तेवर अपनाए हुए है और लगातार बागियों पर नकेल कस रहे है, जिसमें पहले ही झगराखांड नगर पंचायत के अध्यक्ष रजनीश पांडे, चिरमिरी निगम पार्षद हेमलता मुखर्जी को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थीं उसके बाद अब बहुत बड़ी कार्यवाही करते हुए झगराखांड नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश विश्वकर्मा, नगर पंचायत झगराखांड के पार्षद जमीला बेगम, सीता कोल, खुनेश्वर प्रसाद(के डी), अरुणिमा केशर, पार्षद पति तौफीक कुरैशी (बाबू) को निष्कासित कर उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई है। जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य में भले कांग्रेस की सरकार ना हो लेकिन कांग्रेस आम जनता के साथ है और विपक्ष में होने के नाते मुखर होकर जनता की मुद्दे उठाती रहेंगी ऐसे महत्वपूर्ण समय में कांग्रेस का साथ छोड़ने वाले और भीतरघात करने वालो को बिल्कुल नही बक्शा जायेगा।

# 25 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




25 लीटर अभी शराब के साथ दो आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल किया है। एक संबंध में पुलिस से मेरी जानकारी के अनुसार बीते 13 जून को बेरला पुलिस एवं सायबर टीम बेमेतरा की संयुक्त टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कोसपातर के दो व्यक्ति एक नीले सिल्वर रंग की एफ0जेड0 मोटर सायकल से अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे है, मुखबीर सूचना से वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू सहित अन्य अधिकारी को को अवगत कराया गया तदुपरांत थाना स्टॉफएवं सायबर टीम की संयुक्त टीम रवाना होकर ग्राम पिपरोलडीह पहुंचकर मुखवीर सूचना के आधार पर एक नीले सिल्वर रंग के मोटर सायकल एफ0 जेड0 बीना नंबर में दो व्यक्ति को रोक कर पूछताछ कर तलाशी लेने पर मो0सा0 चलाने वाला व्यक्ति अपना नाम अश्वनी निषाद बताया एवं पीछे एक विमल पान मसाला सफेद लाल पीला रंग के थैला एंव एक सफेद रंग के बोरी पकडे व्यक्ति अपना दुष्यंत साहू ग्राम कोसपातर का रहने वाला बताया को खोल कर दिखाने पर अंदर मे रखे 100 पौवा देशी मसाला का पौवा मिला जिसके प्रत्येक पौवा मे 180-180 एम.एल. शराब भरा हुआ कुल 18,000 एमएल शराब कीमती करीबन 11,000 रूपये एवं एक सफेद रंग के बोरी मे 40 पौवा देशी मसाला का पौवा मिला जिसके प्रत्येक पौवा मे 180-180 एम.एल. शराब भरा हुआ कुल 7,200 एमएल शराब कीमती करीबन 4,400 रूपये मिला एवं दोनो आरोपियों के कब्जे से जुमला 25.2 लीटर देशी मसाला शराब कीमती 15400/- व एफ0जेड0 मोटर सायकल कीमती 600000/- की जप्ती कार्यवाही की गयी हैं। आरोपीगण का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पाये जाने से थाना बेरला में अपराध क्रमांक 201/24 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं, एवं अपराध अजमानतीय होने से आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया हैं। उक्त कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, स उ नि दीनानाथ सिंह, प्र आर विनोद पात्रे, प्र आर दीनानाथ सिन्हा, आरक्षक संजय पाटिल, इंद्रजीत पाण्डेय, जयकिशन साहू, सौरभ सिंह, मोती जायसवाल, नुरेश वर्मा, राजेश ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समाधान महाविद्यालय में तीन दिवसीय रिसर्च ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन

## शोध में ए. आई. का बुध्दिमत्तापूर्ण उपयोग आवश्यक : डॉ. पाठक

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोममुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शोध-क्या, क्यों एवं कैसे? तथा मध्यस्थ दर्शन सह-अस्तित्ववाद में अनुसंधान की सम्भावना विषय पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधें से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ग्लोबल पीस फाऊंडेशन के सलाहकार एवं मध्यस्थ दर्शन के शोधार्थी डॉ सुरेंद्र पाठक रहें। उन्होंने अपने वक्तव्य में शोध की प्रक्रिया, शोध के प्रकार जैसे गुणात्मक शोध ,मात्रात्मक शोध व मिश्रित शोध, साहित्य की समीक्षा, रिसर्च गैप, परिकल्पना परीक्षण, आंकड़ों का संग्रहण, वर्गीकरण, शोध में उपयोग किए जाने वाले टूल्स, निष्कर्ष एवं संदर्भित ग्रंथ आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। वर्तमान में अनुसंधान अभिविन्यास का कार्य मार्केटिंग, युद्ध व धार्मिक संस्थानों में किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में अगले वक्ता के रूप में अभ्युदय संस्थान अछोटी से मध्यस्थ दर्शन के शोधार्थी एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. संकेत ठाकुर रहें। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से शोध पत्र कैसे तैयार किए जाये? शोध पत्र के सभी चरणों के बारे में गंभीरता पूर्वक व क्रमबद्धता से संपन्न करने की जानकारी देकर प्रोत्साहित किया। मध्यस्थ दर्शन पर आधारित शोध की तीनों विधियों दर्शन के मूल अनुसंधान पर शोध, विविध विचारधाराओं और मध्यस्थ दर्शन का तुलनात्मक अध्ययन तथा मध्यस्थ दर्शन के व्यावहारिक पक्ष का अध्ययन से परिचित कराया। इसके अलावा, शोध व अनुसंधान में अंतर स्पष्ट किया तथा शोध पत्र लिखते समय वस्तुनिष्ठता, वैधता, विश्वसनीयता एवं निश्चयात्मकता को ध्यान रखने पर जोर दिया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने कहा कि हमें शोध क्या, क्यों एवं कैसै? का उत्तर, वैज्ञानिक पद्धति से अच्छे शोध पत्र कैसे लिखा जाए ? को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। शोध पत्र लिखने की इस पद्धति का उपयोग हम अवश्य करेंगे। यह कार्यक्रम हम सभी के लिए काफी फलदायक व उपयोगी रहा। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि समाधान महाविद्यालय अपने नाम के अनुरुप कार्य कर रहा हैं। शोध के कार्य को अच्छी तरह व बारी की से समझ लिया जाए। जब भी आप शोध पत्र लिखें, उसमें इतनी स्पष्टता व पारदर्शिता हो कि वह सार्वभौमिकता को स्वीकार हो। इस कार्य को ईमानदारी पूर्वक किया जाए जिससे आम जनता को भी इसका लाभ मिल सकें। इसी क्रम में आज समाधान महाविद्यालय एवं ग्लोबल पीस फाउण्डेशन नई दिल्ली इण्डिया के बीच विभिन्न शोध, कान्फ्रेंस, कार्यशाला व सेमीनार आदि के उद्देश्य से अनुबंध किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं को शाल, श्रीफल एवं डायरी से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डाइट रायपुर के शिक्षाविद् के.के.साहू, छत्तीसगढ़ के समाजसेवक मयंक पिंचा, ओंकारेश्वर (मध्यप्रदेश) के अध्यात्म विज्ञान शाला के ट्रस्टी पिताम्बर सिंह ठाकुर, महासमुंद जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुटेरी के सहायक शिक्षक नरसिंग पटेल, नारगोल (गुजरात) के दक्षिणा विद्यालय के प्रबंधक दिलीप काछडिया, प्रेरणा विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती सीता वर्मा, बेमेतरा जिले के समाज सेवक दिनेश पटेल, प्रेरणा विद्यालय की व्याख्याता अनुषा राजन, महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, आईटीआई के अधीक्षक सुबीर टंडन तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, लक्ष्मीनारायण साहू, स्वीटी मलिक, स्वाति पटेल, नंदनी वर्मा, राजेश गजपाल, राजेश यादव, अंशु दत्ता, राजेंद्र वर्मा, शुभम गजभिये, तुकाराम जोशी, आकाश हिरवानी, जोगेन्द्र साहू गायत्री राजपूत व पूर्ति अग्रवाल, श्रध्दा राजपूत तथा बेमेतरा जिला के अतिरिक्त चार राज्यो से कुल 35 प्रतिभागी उपस्थित रहें।

# दल्ली राजहरा में गायत्री परिवार के द्वारा मनाया गया गायत्री जयंती एवं हुआ पांच कुंडली गायत्री महायज्ञ



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

गायत्री जयंती के अवसर पर विश्व गायत्री परिवार शाखा डौंडी ब्लॉक के द्वारा गायत्री मंदिर दल्ली राजहरा में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसके तहत 15 जून 2024 को 24 घंटे गायत्री महामंत्र का अखंड जाप गायत्री परिवार के सदस्यों के द्वारा किया गया एवं द्वितीय दिवस 16 जून रविवार को प्रातः 9:00 बजे से पांच कुंडली गायत्री महायज्ञ गायत्री परिवार के सदस्यों के द्वारा किया गया जिसमें दल्ली राजहरा एवं आसपास के महिला पुरुष और बच्चे भी सम्मिलित हुए। विदित हो कि 15 जून ही के दिन गायत्री परिवार के परम पूज्य गुरुदेव आचार्य राम शर्मा का महाप्रयाण हुआ था । इस कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के सभी सदस्य अपने परिवार सहित उपस्थित हुए थे। जिनमें हैं उल्लास कुमार देवांगन , सोनसाय लटियारे , हीरालाल पवार , नंदकिशोर पिस्दा, संतोष कोरटिया, रेणुका गंजीर ,इतवारी राम कोठारी , विजेंद्र विश्वकर्मा , धरमपाल नायक , चंद्रशेखर दमयंती, मधु पवार, वंदना साहू और बहुत से अन्य सदस्य थे।

# टीआरएन के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

## कहा- आंधी तूफान से उड़ने वाली फ्लाई एश से जीना हुआ दुभर, कई गांव हो रहे प्रभावित





पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के घरघोड़ा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम भेंगारी में लगी टीआरनएन की चिमनियों के अलावा उनकी गर्म राख के उड़ने से आसपास के रहवासियों का जीना दुभर हो गया। इस मामले में को लेकर कई बार गांव के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन उनकी मांगों को अनसुना कर दिया गया। जिसके कारण शनिवार को नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में उद्योग के सामने धरने में बैठ गए जिनमें बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं भी शामिल है। टीआरनएन उद्योग के फैलते प्रदूषण तथा उद्योग से निकलने वाली फ्लाई एश के कारण ग्रामी भेंगारी सहित आसपास के आधा दर्जन गांव के लोग खासे परेशान है। चूंकि सुबह व शाम तेज हवाओं के साथ उड़ती फ्लाई एश से न केवल महिलाएं परेशान है बल्कि पूरे गांव के लोग उससे फैल रही बीमारी के अलावा पीने के पानी तक को तरस रहे हैं। बताया जा रहा है कि टीआरनएन सभी नियम कानून को ताक में रखकर उद्योग से निकलने वाली राख को गांव के आसपास डंफरों के माध्यम से फेंकता है जिसके कारण ग्राम भेंगारी तथा आसपास के कई गांव इस फ्लाई एश के कहर से जूझते आ रहे हैं।

**लगातार सांस व बीमारी से पीड़ित हो रहे ग्रामवासी**

ग्रामवासियों ने बताया कि बीते तीन दिनों से वे टीआरनएन उद्योग के सामने धरने में बैठे हुए है और इसकी जानकारी घरघोड़ा ब्लाक के प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जिले के कलेक्टर को भी है लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण इस उद्योग के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की जा रही है। पीड़ित ग्रामीण बताते हैं कि हवा में उड़ती फ्लाई एश से सांस लेना भी दुभर हो गया है उनके पीने का पानी भी प्रदूषण होनें के साथ-साथ गांव के तालाब पर भी इसका खासा असर पड़ा है। गर्म राख के कारण बीमारी से कई लोग पीडित भी हैं जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा के लिये अस्पताल भी भेजा गया है। फैलते प्रदूषण को रोकने के लिये कोई पहल नही होनें से अब गांव के लोग आरपार की लडाई लडने को तैयार है और उनका आंदोलन जब तक चलेगा जब तक उनकी मांगे प्रशासनिक अधिकारी पहल नही करेंगे।

# मृत हालत में मिला दुर्लभ हनी बेजर

## टूटे हुए बिजली तार से मौत होने की आशंका, पीएम के बाद होगा खुलासा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रविवार की सुबह वन परिक्षेत्र रायगढ़ के विश्वनाथपाली बीट में मृत हालत में एक हनी बेजर दुर्लभ वन्यप्राणी मिला। वहीं पास में बिजली का तार भी टूटा हुआ था। ऐसे में प्रथम दृष्टया उसकी मौत टूटे हुए बिजली तार के कराण होना माना जा रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद उसके मौत का खुलासा हो सकेगा। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ वन परिक्षेत्र के विश्वनाथपाली बीट में सुबह एक हनी बेजर मृत हालत में मिला। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को लगने के बाद उन्होंने इसकी सूचना वन अमला को दी। वहीं पास में बिजली का तार भी टूटा मिला। इसके बाद तत्काल सिवेट कैट के शव को पोस्टमार्टम के लिए इंदिरा विहार ले जाया गया। इस मामले में रेंजर लीला पटेल का कहना है कि सिवेट कैट के शव के पास बिजली का तार भी टूटा हुआ था और आंधी तूफान के कारण यह तार टूटा होगा। ऐसे में प्रथम दृष्टया लग रहा है कि टूटे हुए बिजली तार की चपेट में आने से उसकी मौत हुई होगी। फिलहाल पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# बेटे के बिन बताए चले जाने पर परेशान मां पहुंची साइबर सेल

## सायबर सेल ने महिला के गुम बेटे को चंद मिनटों में ढूंढ निकाला

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



महिला साइबर सेल आकर साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय को बताई कि उसका बेटा सुबह से बिना बताए कहीं चला गया है, इतनी देर तक कभी बाहर नहीं रहता। महिला को परेशान और चिंतित देख डीएसपी अभिनव ने जल्द उनके को ढूंढ निकाले का आश्वासन दिये और एसपी दिव्यांग पटेल को संपूर्ण वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पश्चात बिना वक्त गंवाये साइबर सेल ने गुम युवक का मोबाइल डिटेल पर उसका लोकेशन ट्रेस किया गया जो दुर्ग था। डीएसपी अभिनव ने साइबर सेल दुर्ग के प्रभारी को संपर्क कर गुम युवक की पतासाजी में सहयोग हेतु कहा गया, करीब 10 मिनट के भीतर ही साइबर सेल दुर्ग ने युवक को अपने कब्जे में लिये और साइबर सेल रायगढ़ के पुलिसकर्मियों से बात कराये। गुम युवक की मां वहां खड़ी यह सब देख रही थी, जिसके बाद वो चिंता मुक्त हो गई। महिला, गुम युवक और घर के सदस्यगण जिला पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित करने मिठाई लेकर साइबर सेल आये। महिला ने बताया कि उनकर लड़का 12वीं के बाद आईआईटी की तैयारी कर रहा है, कुछ घरेलु बातों को लेकर डांट फटकार किए थे जिससे नाराज होकर सुबह से कहीं चला गया था, परिवार के सभी लोग काफी चिंतित थे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक, डीएसपी साइबर सेल और उनके स्टाफ को तत्काल कार्यवाही पर साधुवाद दिया गया। साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने परिजनों को कहा गया कि बच्चों से मित्रता पूर्वक व्यवहार रखें एवं किसी प्रकार का भी अनावश्यक मानसिक दबाव ना बनाएं।

# फर्जी जमीन रजिस्ट्री मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

## धरमजयगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी के अपराध में आरोपी को रिमांड पर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना धरमजयगढ़ अंतगर्त ग्राम रूवाफुल खसरा नंबर खसरा नंबर 69,1 एवं खसरा 76,4 की भूमि की असल भू-स्वामी के स्थान पर अन्य महिला और गवाहों को खड़ी कर रजिस्ट्री करने के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा फरार आरोपी- संतराम अगरिया पिता स्व मांझीराम अगरिया उम्र 37 वर्ष, साकिन रूवाफूल थाना कापू को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक 15 जून 2023 को थाना धरमजयगढ़ में निशांत कुमार ठाकूर (उम्र 43 वर्ष) निवासी ग्राम कुसालपुर थाना पुरानी बस्ती रायपुर द्वारा धोखाधड़ी के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उर्वशी गुप्ता पिता मुकेश गुप्ता निवासी कृष्ण कुंज सिविल लाईन रायपुर द्वारा अपनी भूमि संबंधित सभी प्रकार के भौतिक एवं न्यायालयीन के कार्यो के लिये इन्हें सामान्य अधिकार सौंपा है, जब ये उर्वशी गुप्ता की ग्राम रूवाफुल की जमीन के अभिलेख दुरूस्ती के लिए धरमजयगढ़ आये तो पता चला कि 24 अप्रैल को उर्वशी गुप्ता भू-स्वामी कि भूमि खसरा नंबर 69.1 रकबा 0.506 एवं खसरा 76.4 रकबा 0.344 हे.भूमि को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उर्वशी गुप्ता के स्थान पर पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ में उपस्थित होकर फर्जी आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका कुट रचित दस्तावेज तैयार कर विक्रय किया गया है। आवेदन पर थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात विक्रेता एवं अन्य के विरूद्ध सुसंगत धारा 419, 420, 467, 468,471, 120बी आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ़ से जानकारी प्राप्त किया गया जिसमें पूर्व में गिरफ्तार आरोपी- रोहित महंत निवासी नीचेपारा धरमजयगढ़ के कथन पर आरोपी अमित तिर्की निवासी लक्ष्मीपुर थाना धरमजयगढ़ एवं आरोपिया संगीता नागवंशी निवासी ग्राम सेन्द्री बहार थाना पत्थलगांव जिला जशपुर को हिरासत में लिया गया। आरोपी अमित तिर्की और संगीता नागवंशी ने रोहित के कहने पर भू स्वामी उर्वशी गुप्ता के जगह संगीता नागवंशी को रजिस्टार कार्यालय में खड़ा होने हेतु 20 हजार रूपये मिलना और रजिस्ट्री गवाह बनने हेतु अमित तिर्की को 5 हजार रूपये मिलना बताया। मामले में शामिल आरोपी संतराम अगरिया फरार था। जिसे मुखबीर सूचना पर हिरासत में लिया गया। आरोपी संतराम ने अपने मेमोरण्डम पर बताया कि आरोपी रोहित दास महंत के साथ मिलकर जमीन को सुनील अग्रवाल को बिकी किया था। रोहित दास ने 1,12,500 रूपये दिया जो खाने पीने में खर्च कर देना एवं 7,000 रू को पेश करने पर जप्त किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

# 34 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** अवैध शराब पर अंकुश लगाने मुखबीर सूचना पर चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में ग्राम मौहापाली और हरिजन मोहल्ला खरसिया में चौकी खरसिया पुलिस द्वारा शराब रेड कार्यवाही किया गया। ग्राम मौहापाली में पुलिस टीम ने आरोपी सोनी कुमार जोल्हे पिता श्यामसुंदर जोल्हे उम्र 30 वर्ष साकिन मौहापाली चौकी खरसिया के कब्जे से अवैध शराब बिक्री के लिए रखे 26 लीटर महुआ शराब कीमत 2600 रुपए तथा हरिजन मोहल्ला खरसिया के बिजेंद्र सहिस पिता स्वर्गीय संतलाल सहिस उम्र 36 साल को घर के सामने अवैध शराब बिक्री करते पकड़ा गया है। आरोपी के पास से 8 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। दोनों कार्यवाही में पुलिस ने 34 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती 3,400 का जप्त कर आरोपियों पर पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# बाराद्वार पुलिस ने हत्या की नीयत से सर पर वार करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com




हत्या करने की नियत से सिर पर लगातार स्टील के जग से वार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है,नाम पता आरोपी, राजुकमार सिदार पिता रामसाय सिदार उम्र 30 साल निवासी सरवानी थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) है, प्रार्थी लखन सिदार पिता समारू सिदार उम्र 40 साल निवासी सरवानी द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 जून को प्रार्थी एवं उसके गांव के राजु यादव के साथ रामकन्हाई होटल बाराद्वार के पास नास्ता करने गये थे। दोनो नास्ता कर रहे थे कि करीब 10.30 बजे राजकुमार सिदार उन लोगों के पास आकर राजुयादव के द्वारा पहले से लिया हुआ उधारी रकम 60/-रूपये को मांग करने लगा, जो राजु यादव के द्वारा मेरे पास अभी पैसा नहीं है बोलनें पर राजकुमार सिदार ने राजु यादव को लडाई झगडा करते हुये हांथा पाई करने लगा तब लखन सिदार उसी समय बीच बचाव करनें के लिये आया तो राजकुमार सिदार ने लखन सिदार को तुम मना करने वाले कौन होते हो कहकर मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मारनें की धमकी देते हुये हत्या करने की नियत से कैलाश यादव के होटल में रखा स्टील के जग से सिर में 8-9 बार मारकर प्राणघातक हमला किया जिससे लखन सिदार के सिर में तीन जगह गंभीर चोटे आने से लखन सिदार उल्टी कर रहा था कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया घटना के संबंध मे पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय मनीष कंवर के मार्गदशन पर फरार आरोपी की पतासाजी मे लिया गया प्रकरण के आरोपी घटना कारित कर फरार था जिसकी पतासाजी किया जा रहा था पतासाजी के दौरान आरोपी का सूचना मिलने पर आरोपी राजकुमार सिदार पिता रामसाय सिदार उम्र 30 साल निवासी सरवानी थाना बाराद्वार जिला-सक्ती (छग) को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर सक्ती जेल दाखिल किया गया,उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण राजपूत, सहा.उपनिरीक्षक उपेन्द्र यादव, प्रआर. देवनारायण चंद्रा, आर. अशोक साहू, आर. फूलचंद जाहिरे, आर. रामकुमार यादव, आर. बुधेश्वर पटेल, आर. योगेश कुमार साहू , आर. कंचन सिदार का विशेष योगदान रहा ।

# जुआ खेल रहे आठ जुवाड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

ग्राम कचंदा में ताशपत्ती से जुआ खेलते 08 आरोपी गिरफ्तार किये गए है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध जुआ सट्टा की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में 15 जून को मुखबिर सूचना पर ग्राम कचन्दा में अवैध जुआ रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी लक्ष्मीनारायण चंद्रा पिता गौरीलाल उम्र 33 साल ग्राम करौआडीह,अनुज कुमार चंद्रा पिता मदनलाल उम्र 38 साल ग्राम जैजैपुर, राजेश कुमार यादव पिता भजनहा उम्र 40 साल कचंदा ,नंदकुमार चंद्रा पिता मोहनलाल उम्र 38 साल ग्राम जैजैपुर, बुधराम सिदार पिता सोनाऊ राम उम्र 35 साल कचंदा, देव कुमार कोशले पिता सोमराज उम्र 29 साल करौवाडीह, विक्रम सिंह टंडन पिता परदेशी टंडन उम्र 36 साल ग्राम करौवादीह , सतीश कुमार साहू पिता जगदीश साहू उम्र 34 साल ग्राम कचंदा थाना जैजैपुर को घेराबंदी कर पकड़े जहां आरोपी के कब्जे से एवम फड़ से 40200 रुपए गवाहों के समक्ष जब्त कर कार्यवाही किया गया । आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 3(2) जुआ एक्ट का पाए जाने से आरोपीयो को दिनांक 15 जून को विधिवत गिरफ्तार किया गया है,उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में स.उप.नि. मिश्रा, प्र. आर. श्रीकांत सेंगर, आरक्षक शत्रुघ्न जांगड़े, दिनेश पटेल, मनोज खतरजी, संतोष मानिकपुरी, घनश्याम पांडेय, , किशोर सिदार का सराहनीय योगदान रहा।

# मालखरौदा पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनाने के लिए रखा गया लहान जब्त कर किया गया नष्ट



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) के ग्राम चारपारा में भारी मात्रा में महुआ पास लहान का नष्ट किया गया है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अति. पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के द्वारा क्षेत्र में कच्ची महुआ शराब पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित दिया गया था जिसे परिपालन में 15 जून को थाना मालखरौदा से टीम गठित कर निरीक्षक राजेश पटेल के हमराह स्टाफ के थाना मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम चारपारा में जहां लोगों द्वारा काफी मात्रा में महुआ शराब बनाने के लिये महुआ पास को रखे होने की सूचना मिलने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर हमराह स्टाफ के ग्राम चारपारा में जाकर रखे महुआ शराब बनाने हेतु महुआ पास (लहान) करीबन 30 बोरी प्लास्टिक में भरा को नष्ट किया गया एवं गांव वालों को कच्ची महुआ शराब निर्माण एवं विकय नही करने हेतु हिदायत दिया गया उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश पटेल, उनि सी पी कंवर, प्रधान आर. आयुब खान, योगेश्वर बंजारे एवं आर. सहदेव यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# शहर में निकली रैली का जगह-जगह विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत, जिला सराफा एसोसिएशन शक्ति ने नवनिर्वाचित सांसद को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी शक्ति द्वारा 15 जून की शाम जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित सांसद कमलेश जांगड़े की आभार रैली का आयोजन स्थानीय नाका चौक स्थित भाजपा के विधानसभा संयोजक रामनरेश यादव के निवास से किया किया गया, इस दौरान ढोल बाजे एवं आतिशबाजी के साथ यह आभार रैली निकली, जो की स्टेशन रोड, अशोक टॉकीज, रेस्ट हाउस, अग्रसेन चौक, बाराद्वार रोड, पेट्रोल पंप से कोरबा रोड, सोसायटी चौक, बुधवारी बाजार, गौरव पथ मार्ग,हटरी- हॉस्पिटल रोड, हटरी चौक, नवधा चौक, अग्रसेन चौक होते हुए भाजपा शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के मालखरौदा बस स्टैंड स्थित निवास पहुंची,जहां आभार रैली का समापन हुआ तो वहीं इस आभार रैली का यात्रा मार्ग में जगह-जगह विभिन्न संगठनों ने जोरदार स्वागत किया, सर्वप्रथम रेस्ट हाउस के पास मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साई कंप्यूटर के नेतृत्व में मंच सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया तो वहीं यात्रा मार्ग में भी उनका जगह-जगह स्वागत हुआ,नवधा चौक में शक्ति जिला सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सराफ के प्रतिष्ठान ज्वेलर्स अर्जुन लाल रामकुमार सराफमें जोरदार स्वागत किया गया, इस दौरान जिला सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सराफ, आलोक अग्रवाल बिल्लू, विनोद अग्रवाल, दिनेश सराफ,कविता सराफ सहित काफी संख्या में सर्राफा व्यवसायी उपस्थित थे, तथा इस दौरान सराफा एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित सांसद को गुलदस्ता भेंटकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें बधाई दी तथा कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र तेजी से विकास करें ऐसी हम सब कामना करते हैं,वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के निवास पर जहां जिंदल परिवार ने भी उनका जोरदार स्वागत किया तो वहीं अनूप अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सहित परिवार की सभी महिलाओं एवं पुरुषों ने भी नवनिर्वाचित सांसद को गुलदस्ता भेंटकर अभिनंदन किया, तथा उनकी जीत पर बधाई दी वहीं सांसद कमलेश जांगड़े ने भी बड़े ही आत्मीय पूर्ण ढंग से जिंदल परिवार सहित वहां उपस्थित सभी लोगों से मुलाकात की तथा कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से आज भारतीय जनता पार्टी को पांचवीं बार जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र में जीत मिली है, मैं आप सभी के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करती हूं,साथ ही विश्वास दिलाती हूं कि हम सब मिलजुल कर इस जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र का और अधिक तेजी से विकास करेंगे,इस दौरान भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा सहित जिले के पदाधिकारी, भाजपा नगर मंडल शक्ति के भी पदाधिकारी एवं सदस्य काफी संख्या में मौजूद थे, वहीं भाजपा की आभार रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, इससे पूर्व सांसद कमलेश जांगड़े ने शक्ति के राधा कृष्ण मंदिर के पास स्थित गौरीशंकर साहू एवं दिलेश्वर साहू के निवास पर पहुंच कर भी साहू परिवार का आत्मीय स्वागत-अभिनंदन स्वीकार किया, साथ ही सांसद के आगमन पर साहू परिवार द्वारा आतिशबाजी के साथ उनका वेलकम किया गया एवं उन्हें जीत की बधाई दी गई, इस अवसर पर काफी संख्या में साहू परिवार के सदस्य उपस्थित रहे, 15 जून की देर साल मौसम की खराबी एवं भारी बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, तथा पार्टी के नेता सड़कों पर इस आभार रैली में शहर वासियों का धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए निकल पड़े एवं सांसद कमलेश जांगड़े ने भी सभी शहर वासियों का खुली जीप पर हाथ जोड़कर स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया,जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े की आभार रैली में स्थानीय पुलिस प्रशासन के भी तगड़ी व्यवस्था रही तथा पुलिस बल पूरी आभार रैली में साथ था तथा पूरी आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से बनाने में पुलिस अमला तैनात रहा।

# मधुमक्खी का डंक एड्स कैंसर जैसे रोग भगाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** मधुमक्खियां न केवल मीठा शहद देती हैं और बल्कि वे अनेक गंभीर बीमारियों के उपचार में भी मददगार हो सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि मधुमक्खियों के डंक (बी-वेनम) और उनके जरिये मिलने वाले पराग (पोलन) से कैंसर और एड्स सहित कई बीमारियों की दवाएं विकसित किए जाने की उम्मीद है। राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड की कार्यकारिणी के सदस्य देवव्रत शर्मा के अनुसार, मधुमक्खी के डंक, मोमी गोंद (प्रोपोलिस) और पोलन का इस्तेमाल आज दुनिया के तमाम देशों में कैंसर, एड्स, आर्थराइटिस आदि कई गंभीर रोगों के इलाज में किया जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत मधुमक्खी पालन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वह शहद के निर्यात के क्षेत्र में काफी आगे है। साथ ही मधुमक्खियों को पालने से मिलने वाले बी वेनम, पोलन और प्रोपोलिस से कई गंभीर रोगों की दवाएं विकसित करने की दिशा में भी तेजी से अग्रसर है। वर्तमान में इन उत्पादों का भारत में करीब एक हजार करो? रुपये का बाजार है, जिसमें अमेरिकी कंपनियों का वर्चस्व है। लेकिन बहुत जल्द देश उस दिशा की ओर बढ़ रहा



है जहां वह बाहरी कंपनियों के दबदबे को गंभीर चुनौती दे सकता है।

शर्मा ने कहा, देश में आज 90 हजार मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हो रहा है, जो वर्ष 1991 में 200 टन से 400 टन के बीच होता था। आज भारत मधुमक्खीपालन में विश्व में पांचवें स्थान पर है। इसमें शहद नियार्त लगभग 500 करोड़ रुपये का होता है और देश से करीब 40 हजार टन का निर्यात होता है।

**खेती में भी सहायक :** मधुमक्खियां परागण का माध्यम बनकर खेती में सहायता करती हैं। मधुमक्खी पालन के जरिये खेती में परागण क्रिया की रफ्तार बढ़ाई जा सकती है, जिससे पैदावार में खासी बढ़ोतरी हो सकती है। इसके जरिये दलहन और तिलहन की कमी की स्थिति दूर की जा सकती है। भारत में आज हर राज्य में एकीकृत मधुमक्खीपालन विकास केंद्र की स्थापना की गई है, जिसका एक केंद्र दिल्ली के पूसा संस्थान में भी है।

स्वास्थ्य

# हेल्दी रहेगा आपका बच्चा, अगर खाना होगा ऐसा



बच्चे हरी सब्जियां, अंकुरित अनाज खाना ज्यादा पसंद नहीं करते हैं, लेकिन उनके स्वास्थय के लिए स्वस्थ आहार लेना बेहद जरूरी है, इसलिए उन्हें स्वास्थ्यप्रद भोजन इस तरह से परोसें कि देखने में यह अच्छा दिखे और वे खाने में दिलचस्पी लें. जिमपिक (ऑनलाइन फिटनेस प्लेटफॉर्म) की पोषण व आहार विशेषज्ञ सुजेता शेट्टी और डॉटर इंस्टा (टेली-मेडिसिन प्लेटफॉर्म) की आहार विशेषज्ञ ने बच्चों के मन में स्वस्थ आहार के प्रति रुचि जगाने के संबंध में सुझाव दिए हैं.

» चोकर सहित गेहूं के आटे की रोटी, दलिया, क्विन्वा या ब्राउन ब्रेड बच्चे को खिलाएं. चोकर या छिल्का युक्त अनाज विटामिन बी और फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपके बच्चे का पेट भरने के साथ ही उनके पाचन को सुधारने में भी मददगार होते हैं. बच्चों को अंकुरित अनाज, सोयाबीन, चना भी खिलाएं.

» प्रोटीन ऊतकों का मरेमत करने, हीमोग्लोबिन बनाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, मांसपेशियों को विकसित करने में मदद करता है. सी फूड, अंडे, लीन मीट, मुर्गी, फलियां, मटर, दूध, दाल, सोया आदि प्रोटीन के स्रोत होते हैं.

» बच्चों के आहार में फल और सब्जियां शामिल करने में अक्सर मां को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. अपने बच्चों को विभिन्न फलों को खाने के लिए प्रोत्साहित करें. फलों का जूस कभी-कभार ही दें, क्योंकि चोकर युक्त अनाज के फाइबर को ये शरीर से निकाल देते हैं और अगर जूस देना है तो बाजार में डिब्बाबंद जूस में ढेर सारा चीनी होता है, इसलिए घर पर बिना चीनी मिलाए जूस ही बच्चे को दें.

» विभिन्न प्रकार की सब्जियां खिलाएं, मटर, बीन्स, ब्रोकली, हरी पीदार सब्जियां आपके बच्चे के सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं. ये विटामिन्स, मिनरल और आयरन से भरपूर होती हैं.

» कम वसा युक्त डेयरी उत्पाद जैसे दूध, दही, पनीर आदि कैल्शियम का अच्छा स्रोत होते हैं, जो शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाते हैं. बच्चों के लिए गाय और बकरी के दूध का सेवन ज्यादा लाभदायक होता है.

## बच्चों के आहार में इन चीजों को नहीं करें शामिल

» एडेड सुगर बच्चों को नेचुरल खाद्य प्दार्थ और पेय पदार्थों की आदत डालते हैं. प्रसंस्कृत भोजन, चॉकलेट्स, कैंडी, ब्राउन सुगर को सीमित मात्रा में ही बच्चों के आहार में शामिल करें, क्योंकि इससे उनके दांतों में कैविटी होने की आशंका होती है और आगे चलकर सिर दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

» संतृप्त और ट्रांस फैट वाले भोज्य पादार्थ सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं, जैसे उच्च वसा वाले दूध, रेड मीट और मुर्गी आदि. संतृप्त वसा युक्त आहार के बजाय विटामिन ई और आवश्यक फैटी एसिड युक्त सब्जियों, नट ऑयल और सी फूड का सेवन करें. स्वास्थयपरक फैट नट्स, ऑलिव और एवोकैडो में पाए जाते हैं.

» गर्मियों में बच्चों को खूब तरल पदार्थों का सेवन कराएं, ताकि उनका शरीर हाइड्रेट रहे. उनके आहार में दही, पुदीना, खरबूज, तरबूज और गुलकंद शामिल करें.

# 5 अपने बच्चों को जरूर सिखाएं बेसिक टेबल मैनर्स

कहते हैं बच्चों का पहला स्कूल उनका घर होता है और यहीं से बच्चे जीवन की कई अहम बातों को सीखते हैं। ऐसे में बच्चों को मूलभूत शिष्टाचार और तहजीब सिखाने के साथ ही बेहद जरूरी है कि उन्हें कुछ बेसिक टेबल मैनर्स भी सिखाए जाएं ताकि उनका खाना खाने का एक्सपीरियंस भी बेहतरीन रहे-



### 1. स्थिर होकर बैठना

4-5 साल की उम्र आते-आते बच्चे को एक जगह पर कम से कम आधे घंटे स्थिर होकर बैठना सीखना चाहिए। यही वो समय है जब आपको बच्चे को अपने साथ डिनर टेबल पर बैठना सिखाना शुरू करना चाहिए। लेकिन ध्यान रखें कि बच्चे टेबल की लेवल तक पहुंच सकें और आराम से बैठें, इसके लिए या तो कुर्सी पर कुशन रख दें या फिर बच्चों के लिए खासतौर पर डिजाइन की गई कुर्सी का इस्तेमाल करें।

### 2. ढंग से खाना

अपने बच्चे को सिखाएं कि किस तरह उन्हें छोटे-छोटे टुकड़े तोड़कर, खाने को अच्छी तरह से चबाकर और मुंह बंद करके खाना खाना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी सिखाएं कि पानी पीते वक्त उन्हें ध्यान रखना है कि आवाज न हों। इसके अलावा बच्चों में ऐसी आदत भी डालें कि वह प्लेट में उतना ही खाना लें जितना खा सकें ताकि खाने को बर्बाद होने से बचाया जा सके।

### 3. बर्तनों का इस्तेमाल

किस बर्तन में या खाना है इसकी जानकारी भी शुरुआती उम्र से ही बच्चों को होनी चाहिए। उदाहरण के लिए- सूप के लिए बड़े चेमच और डिजर्ट के लिए छोटे चेमच या फिर दाल या किसी दूसरे लिक्विड के लिए कटोरी का इस्तेमाल। ये सारी बातें बच्चों को बचपन से ही सिखानी चाहिए।

### 4. तारीफ करना

बच्चों को यह भी सिखाएं कि अगर उन्हें खाने की कोई चीज टेस्टी लगती है तो उन्हें उसे बनाने वाली कि तारीफ किस तरह करनी चाहिए। साथ ही अगर कोई चीज उन्हें अच्छी न लगे तो किस तरह विनम्रतापूर्वक यह बताना है कि उन्हें वह डिश पसंद नहीं आयी।

### 5. खाने के बाद

बच्चों में बचपन से ही यह आदत डालें कि खाने के बाद उन्हें अपनी प्लेट खुद उठाकर सिंक में रखनी है। अगर बच्चे प्लेट उठाने में सक्षम नहीं हैं तो छोटे बर्तनों जैसे- कटोरी, ग्लास इन सबसे शुरुआत करें। साथ ही खाने के बाद हाथ और मुंह धोने की आदत डालना भी बेहद अहम है।

इन छुट्टियों में बच्चों के साथ

# वाइल्ड लाइफ सफारी का लें मजा

बच्चों की गर्मी की छुट्टि?यां आने वाली हैं। ऐसे में इस बार अपने बच्चे के साथ किसी हिल स्टेशन पर जाने की बजाए वाइल्ड लाइफ सफारी का मजा उठाएं। हम आपको बता रहे हैं देश के बेहतरीन बेस्ट वाइल्ड लाइफ सफारी के बारे में जहां जंगलों के बीच आप खूब इंजॉय भी करेंगे-



### 1. जिम कॉर्बेट नैशनल पार्क

उत्तराखंड में स्थित यह नैशनल पार्क देश का सबसे प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ पार्क है। यहां दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। जिम कॉर्बेट जाने का बेस्ट टाइम मध्य नवंबर से जून और टाइगर देखने के लिए मार्च से मई के महीने में जाना सबसे अच्छा रहता है।

### 2. रणथंभोर नैशनल पार्क

यह नैशनल पार्क राजस्थान में है और यहां आप बड़ी आसानी से बाघों को घूमते हुए देख सकते हैं। अगर आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं तो आपको यहां और भी कई खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य देखने को मिलेंगे। रणथंभोर जाने का सबसे बेस्ट टाइम अक्टूबर से जून तक का समय है।

### 3. बांधवगढ़ नेशनल पार्क

मध्यप्रदेश के उमडि़या जिले में स्थित बांधवगढ़ अभयारण्य बाघों के लिए प्रसिद्ध है। बंगाल टाइगर की जनसंख्या घनत्व के मामले में बांधवगढ़ का स्थान दुनिया में पहला है। इसके अलावा यहां बड़ी संख्या में चीता और हिरण भी पाये जाते हैं।

### 4. पेरियार वाइल्ड लाइफ

पेरियार राष्ट्रीय उद्यान भारत का एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान है जो वेस्टर्न घाट केरल में मौजूद है। यह राष्ट्रीय उद्यान बाघ और हाथी संरक्षित क्षेत्र है। यहां नदी के गहरे जल में हाथी तैरने का अभ्यास करते हैं। नीलगाय, सांभर, भालू, चीता और तेंदुआ जैसे कई जंगली जानवर भी यहां पाए जाते हैं। इस नैशनल पार्क में सितंबर से दिसंबर के बीच जाना बेस्ट रहता है।

स्वास्थ्य

# शरीर में कैल्शियम की कमी को न करें नजरअंदाज




कैल्शियम मजबूत हड्डियों के लिए जरूरी है, यह रक्त के थक्के (क्लॉटिंग) में भी मदद करता है. शिशुओं के शुरुआती विकास और मांसपेशियां बनाने में भी सहायक होता है. कैल्शियम की कमी से कमजोर नाखून, दांत में दर्द, मासिक धर्म दर्द, धड़कन बढ़ना और नाड़ी की समस्याएं हो सकती हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, 14 से 20 साल उम्र के ज्यादातर भारतीय से कैल्शियम की कमी से जूझ रहे हैं. सब्जियां, दही, बादाम और पनीर इसके स्रोत हैं.

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. के.के. अग्रवाल ने बताया कि कैल्शियम की कमी जिसे हायपोकैल्शिमिया भी कहा जाता है, तब होता है जब आपको पूरा कैल्शियम नहीं मिलता. अच्छी सेहत के लिए कैल्शियम के महत्व के बारे में पता होना चाहिए.

उन्होंने कहा कि जिन लोगों में कैल्शियम की कमी हो, उन्हें अपने आप दवा नहीं लेनी चाहिए और ज्यादा मात्रा में सप्लीमेंट्स नहीं लेने चाहिए. डॉक्टर से सलाह लें और सेहतमंद खानपान के साथ सप्लीमेंट लें.

उन्होंने कहा कि उम्र के साथ कैल्शियम की कमी हो सकती है. शरीर का ज्यादातर कैल्शियम हड्डियों में संचित होता है. उम्र बढ़ने के साथ हड्डियां पतली और कम सघन हो जाती हैं जिससे कैल्शियम की मांग बढ़ जाती है.

भूखे रहने और कुपोषण, हार्मोन की गड़बड़ी, प्रिमैच्योर डिलीवरी और मैलऐब्सोर्शन की वजह से भी कैल्शियम की कमी हो सकती है. मैलऐब्सोर्शन तब होता है, जब हमारा शरीर खुराक से विटामिन और मिनरल नहीं सोख पाता.

## लक्षण

**मसल क्रैंपः** होमोग्लोबिन और पानी की उचित मात्रा लेने के बावजूद अगर आप नियमित रूप से मसल क्रैंप का सामना कर रहे हैं तो यह कैल्शियम की कमी का संकेत है.

**लो बोन डेनसिटीः** जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है कैल्शियम हड्डियों की मिनरलेजाईशन के लिए जरूरी होता है. कैल्शियम की कमी सीधे हमारी हड्डियों की सेहत पर असर करती है और ओस्टियोपोरेसिस और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ा सकती है.

**कमजोर नाखूनः** नाखून के मजबूत बने रहने के लिए कैल्शियम की जरूरत होती है, उसकी कमी से वह भुरभुरे और कमजोर हो सकते हैं.

**दांत में दर्दः** हमारे शरीर का 90 प्रतिशत कैल्शियम दांतों और हड्डियों में जमा होता है उसकी कमी से दांतों और हड्डियों का नुकसान हो सकता है.

**मासिक धर्म दर्द :** कैल्शियम की कमी वाली महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान काफी तीव्र दर्द हो सकता है, क्योंकि मांसपेशियों के काम करने में कैल्शियम अहम भूमिका निभाता है.

**ऐयूनिटी में कमीः** कैल्शियम सेहतमंद रोग प्रतिरोधक क्षमता बना के रखता है. कैल्शियम में कमी पैथगॉन अटैक से जूझने की क्षमता कम कर देता है.

**नाड़ी की समस्याएं :** कैल्शियम कमी से न्योरोलॉजिकल समस्याएं जैसे कि सिर पर दबाव की वजह से सीजर और सिरदर्द हो सकता है. इसकी कमी से डिप्रेशन, इनसोमेनिया, पर्सनैल्टी में बदलाव और डिमेंशिया भी हो सकता है.

**धड़कनः** कैल्शियम दिल के बेहतर काम करने के लिए आवश्यक है और कमी होने पर हमारे दिल की धड़कन बढ़ सकती है और बेचैनी हो सकती है. कैल्शियम दिल को रक्त पंप करने में मदद करता है.

डॉ. अग्रवाल की सलाह है कि अगर आप इनमें से किसी लक्षण का सामना कर रहे हैं तो अपने डॉक्टर से संपर्क करें.

# काम के प्रेशर को अपने रिश्ते पर हावी न होने दें

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में वर्कप्रेशर हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। लेकिन जब वर्कप्रेशर आपके रिश्ते पर हावी होने लगता है तो इसका रिश्ते पर बुरा प्रभाव पड़ता है। लिहाजा कुछ बातों का ध्यान रखकर आप अपने रिश्ते को बर्बाद होने से बचा सकते हैं-



### 1. काम को ऑफिस में ही छोड़ दें

काम की वजह से इन दिनों लोग गैजट्स के साथ कुछ ज्यादा ही वक्त बिताने लगे हैं। लेकिन आपको एक वक्त चुनना होगा जब आपको इनसे दूरी बनानी है। अपनी जॉब को बचाने और उसमें और बेहतर करने के लिए निरंतर कोशिश करते रहना अच्छा है। लेकिन खाने की टेबल पर ऑफिस की मेल्स चेक करना या फिर पार्टनर के साथ बात करते वक्त या बिस्तर पर भी ऑफिस के काम में ही व्यस्त रखना आपके और आपके रिश्ते की मुश्किलें बढ़ा सकता है।

### 2. अपने लिए समय निकालें

जब ऑफिस में आपका काम और माहौल तनाव से भरा हो तो ऑफिस से निकलते ही ऐसा महसूस होता है जैसे किसी जंग के मैदान से निकले हों। हो सकता है आपका पार्टनर आपकी इस समस्या को समझे लेकिन हर वक्त हैरान परेशान रहने वाले इंसान के साथ कोई भी नहीं रहना चाहेगा। इसलिए जब आप ऑफिस से बाहर निकलें तो अपने लिए कुछ समय निकालें, खुद को शांत करें और उसके बाद घर जाएं।

### 3. ऑफिस की हर बात न बताएं

कई बार ऐसा होता है कि अगर हम अपनी बात नहीं कहते तो हम अंदर ही अंदर परेशान होते रहते हैं लेकिन अगर बोल देते हैं तो हमें बेहतर महसूस होता है। बावजूद इसके अपने ऑफिस की हर बात पार्टनर को न बताएं। साथ ही हर वक्त अपनी बातें बोलते रहने की बजाए आपको कोशिश करनी चाहिए कि आप पार्टनर की बातें भी सुनें। उनसे भी पूछें कि उनका दिन कैसा रहा।

### 4. पॉजिटिव चीजों को बैलेंस करें

हो सकता है आपके लिए ऐसा करना मुश्किल हो लेकिन अपने रिश्ते की नेगेटिव और पॉजिटिव बातों को बैलेंस करना सीखें। पार्टनर के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताएं, साथ में मस्ती करें। इससे आपके रिश्ते में खुशियों का लेवल बना रहेगा और आप दूसरे दिन एक बार फिर तरोताजा रहकर ऑफिस के काम के लिए तैयार रहेंगे।

रेसिपी

## स्पाईसी बाजरा पराठा



### सामग्री

1 कप बाजरा का आटा, 2 टेबल-स्पून गेहूं का आटा, नमक स्वादअनुसार, बाजरा का आटा, बेलने के लिए, 3 टी-स्पून तेल, पकाने के लिए, मिलाकर भरवां मिश्रण बनाने के लिए, 3/4 कप चूरा किया हुआ लो फैट पनीर, 1/2 कप बारीक कटी हुई मेथी, 3/4 कप बारीक कटे हुए टमाटर, 2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, नमक स्वादअनुसार, परोसने के लिए: लो-फैट दही

### विधि

भरवां मिश्रण को 6 बराबर भाग में बांटकर एक तरफ रख दें।

बाजरे का आटा, गेहूं का आटा और नमक को एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें और जरुरत मात्रा में गरम पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। आटे को 6 बराबर भाग में बांटकर एक तरफ रख दें।

थोड़े सूखे बाजरे आटा का प्रयोग कर, आटे के एक भाग को 125 मिमी (5) व्यास के गोल आकार में बेल लें। रोटी के आधे भाग में, भरवां मिश्रण के एक भाग को रखकर, चंद्राकार में मोड़ लें।

एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें, और 1/2 टी-स्पून तेल का प्रयोग कर पराठे के दोनो तरफ सुनहरे दाग पड़ने तक पका लें। दोहराकर 5 और पराठे बना लें। लो-फैट दही के साथ तुरंत परोसें।

# मसालों को लंबे समय तक करना है स्टोर तो अपनाएं ये तरीके

मसाले, इनका इस्तेमाल तो हर घर में किया जाता है, क्योंकि यह खाने का स्वाद चार गुना बढ़ा देते हैं। लेकिन इन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है, क्योंकि कई मसाले ऐसे होते हैं जो सील जाते हैं या फिर उनकी महक खत्म हो जाती है। अगर आप भी अपने मसालों को लंबे समय तक सुरक्षित रखना चाहते हैं तो इस काम हम आपकी मदद कर सकते हैं। जी हां, आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जो आपके मसालों को लंबे समय तर सुरक्षित रखेगें।

**1. नमी वाली जगह से दूर रखें :** सबसे पहले आप इस बात का जरूर ध्यान रखें कि आप जहां कहीं भी मसालों को रखने के लिए जगह बना रहे हैं वहां पानी ना हो। अगर पानी होगा तो ऐसे में मसालों में सीलन आ जाएगी जिससे कि मसाले खराब होने लगेंगे।

**2. रोशनी से रखें दूर :** रोशनी मसालों के अंदर होने वाले ऑयल को ऑक्सीडाइज कर देती है, जिसकी वजह से उनका वास्तविक जायका बेकार हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप रोशनी वाली जगह मसालों को ना रखें।

**3. खड़े मसालों को करें स्टोर :** पीसे हुए मसालों की जगह आप खड़े मसालों को स्टोर करें। फिर बाद में जब भी इनकी जरूरत पड़े तब इन्हें पीसकर इनका इस्तेमाल कर लें। एक तो यह खराब नहीं होते और दूसरा इससे आपको स्वाद भी लाजवाब मिलेगा।

**4. ज्यादा गहरे जार का इस्तेमाल न करें :** मसालों को ज्यादा गहरे जार में ना रखें। छोटे और आवश्यकतानुसार जार में ही रखें। क्योंकि गहरे जार में नीचे के मसाले खराब हो सकते हैं।

# घर के इन कामों में मददगार है चॉक

बचपन के कुछ पल ऐसे होते हैं जिन्हें याद करके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान आ जाती है। जैसे की चॉक के साथ खेलना। बच्चे इंतजार करते हैं कि कब टीचर क्लास से जाएं और हम चॉक उठाकर उससे खेलना शुरू करें। समय बदलने के साथ अब चॉक की जगह मार्कर का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन चॉक के कई ऐसे फायदे हैं जिसके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते। चॉक के साथ घर के कई कामों को किया जा सकता है।



### 1. दागों को करें दूर

अक्सर कपड़ों पर ग्रीस के दाग लग जाते हैं जोकि आसानी से छूट नहीं पाते। वहीं, चॉक से इन दागों को आसानी से छुड़ाया जा सकता है।

### 2. चांदी के बर्तन को करें साफ

चांदी के बर्तनों का इस्तेमाल कम ही होता है लेकिन धीरे-धीरे इसकी चमक कम होने लगती है। अगर चांदी के बर्तनों के साथ चॉक के कुछ पीस रख दिए जाएं तो इनकी चमक बरकरार रहती है।

### 3. कपड़ों की बदबू को करें दूर

वर्किंग वूमन रोजाना कपड़े नहीं धो पाती। ऐसे में कपड़ों को इकट्ठा रखने से बदबू आने लगती है। लॉन्ड्री बैग में कुछ चॉक के स्टीस डाल दें। इससे बदबू दूर होगी।

### 4. चींटियों से छुटकारा

लोग अक्सर कॉकरोच और चींटियों को भगाने के लिए लक्ष्मण रेखा का इस्तेमाल करते हैं। आप चॉक को यूज करके भी चींटियों से छुटकारा पा सकते हैं।

### 5. टूल बॉक्स

टूल बॉक्स के औजारों को जंग लगने से बचाने के लिए चॉक का इस्तेमाल करें। ऐसे में टूल बॉक्स में चॉक रख दें, इससे जंग नहीं लगेगा।

## चटपटा दहीवाला ब्रेड



### सामग्री

5 ब्रेड स्लाईस, टुकड़ो में कटे हुए, 1/2 कप दही, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून जीरा, 1/4 टी-स्पून हींग, 3 - 4 कड़ी पाा, 1/2 टी-स्पून कसा हुआ अदरक, 1/4 कप पतले स्लाईस्ट प्याज, 2 टेबल-स्पून तेल, सजाने के लिए, 1 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

### विधि

एक बाउल में 2 दही, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक को 2 टेबल-स्पून पानी के साथ अच्छी तरह मिला लें। ब्रेड के टुकड़े डालकर अच्छी तरह मिला लें। एक तरफ रख दें।

एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें और जीरा डाले। जब बीज चटकने लगे, हींग, कड़ी पाा और अदरक डालकर मध्यम आंच पर कुछ सेकेन्ड तक भून लें।

प्याज के स्लाईस डालकर मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट तक या उनके हल्के सुनहरे होने तक भून लें। ब्रेड का मिश्रण डालकर धीमी आंच पर 1 से 2 मनट या ब्रेड के सुनहरा होने तक, बीच-बीच में हिलाते हुए भुन लें। धनिया से सजाकर गरमा गरम परोसें।

# परिजन कर रहे थे बेटे का इंतजार, घर आई मौत की खबर राम दरबार चौक में हुआ हादसा, एक घायल भी गंभीर

## रायपुर से लौट रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में जान गई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के बाहरी इलाकों में नेशनल हाइवे पर मौजूद चौराहों में दुर्घटनाएं बढ़ ही रहीं हैं। शनिवार की रात राम दरबार चौराहे में बाइक सवार दो युवक एक ट्रक के पीछे जा घुसे। दोनों ही घायलों को अस्पताल ले जाया गया जिनमें से एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसा देर रात 11 बजे का है।

पुलिस के मुताबिक हादसे में मृतक डोंगरगांव के ग्राम चांदों निवासी दुर्गा प्रसाद देवांगन (35) वर्ष अपने घर का अकेला बेटा था। वह रायपुर में कारखाने में कामगार था। दुर्गा प्रसाद अपने एक मित्र के साथ शनिवार को रायपुर से अपने घर लौट रहा था। इस बीच राम दरबार में सामने चल रही ट्रक के ब्रेकर में धीमी गति को बाइक सवार भांप नहीं सके और वे ट्रक के पिछ्ले हिस्से में जा घुसे। दुर्घटन के बाद बाइक सवार युवकों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां दुर्गा प्रसाद को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथी को भी गंभीर चोटें आई हैं जिसका इलाज जारी है। इधर, परिजनों को बेटे की मौत की खबर मिलने के बाद से मातम के हालात हैं। गांव शोक में डूबा हुआ है। उनके पिता ने बताया कि, बेटा एक-दो महिने में घर आता था। उसने शनिवार को फोन कर घर लौटने की बात कही थी। हम तो उसका इंतजार कर रहे थे। लेकिन काफी देर बाद हमें उसकी मौत की खबर दी गई। सड़क हादसे ने हमसे हमारा चिराग छीन लिया। हाल ही में पुलिस प्रशासन ने इस दुर्घटनाजन्य स्थान पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया है। यहां सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से ही ब्रेकर बनाए गए हैं। लेकिन शनिवार की रात यही ब्रेकर हादसे की वजह बन गए। केरल की ओर जा रहे ट्रक चालक ने जब वाहन की गति कम की तो बाइक सवार बिल्कुल उसके पीछे थे। वे कुछ समझ पाते इससे पहले हादसा हो गया।

# ओटी के जीर्णोद्धार की लिए आया पैसा, जल्द शुरु होगा काम

## जिला अस्पताल की बदहाली दूर करने की कवायदें शुरु

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पिछले दिनों राजधानी में मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की बदहाली दूर करने स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में विभागीय अधिकारियों और जिला प्रशासन के साथ मंत्रणा की थी। इसके बाद अब जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कवायद शुरु हो गई है।

शनिवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां ऑपरेशन थियेटर के जीर्णोद्धार के लिए शासन की ओर से राशि प्राप्त हो गई है। यह कार्य तत्काल प्रारंभ करें। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं के लिए एम्बुलेंस हेतु सेटल सर्विस प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने पुराने ओपीडी हॉल को आयुष विभाग को देने कहा है। ताकि वहां आयुर्वेद से संबंधित चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिलता रहे और इससे उपचार के लिए एक अच्छा स्थान मिल जाएगा।

कलेक्टर ने इस दौरान हॉस्पिटल में साफ-सफाई का अवलोकन किया तथा महिला-पुरूष वार्ड का जायजा लिया। उन्होंने वार्ड में मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हॉस्पिटल में लाईट, पंखा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में सघन निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों से दवाई की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को बारिश के पहले हॉस्पिटल के आस-पास के नालों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, डॉ. यूएस चंद्रवंशी, शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री से अवीन चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव ऑफिसर ग्रुप करेगा बिहार, झारखंड के हर जिला में बृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव ग्रुप के सदस्यगण एवं आधिकारी ,स्वजनों ऊर्जावान अवस्था दिल को बाग.बाग कराता है। ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव टीम सभी लोगो से अपील करती है की सभी लोगो द्वारा अपने अपने जिला में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है सभी लोगो से अपील और निवेदन है कि बिहार झारखंड के हर जिला , ब्लॉक, गांव, स्तर पर पौधा लगाने का कार्य शुरू करे,एक साथ, बिहार ,झारखंड मे। अपने समाज, जिला राज्य और देश को ईको फ्रेंडली बनाने का कार्य करना है और अपने बिहार झारखंड को प्रकृति की गोद में लाने की कोशिश करनी है ताकि आने वाली पीढ़ी प्रदूषण मुक्त भारत देख सके। इसलिए हर जिला में युवाशक्ति तैयार करना और एक दूसरे से मिलकर एकता भाईचारा कायम करना है। सबको एक दूसरे से जोड़ना उतना ही आवश्यक है और तभी सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन होगा और अपना वर्चस्व कायम होगा। एक जगह रहकर अपना शक्ति प्रदर्शन करना है। अब समय आ गया है। नही तो अभी नहीं तो कभी नही। आइए मिलकर नया संकल्प लेते हैं और पौधा रोपण कार्यक्रम को हर जिला में लेकर जाते हैं अपने लोगो को दिल से दिल मिलने का काम करना है। ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव टीम की मीटिंग 20 जून को बुलाई गई है पटना में बिहार, इसी मीटिंग में विशेष रुप से चर्चा होनी है इसलिए सभी सदस्यों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा परिचर्चा में भाग ले अपना अपना विचार जरूर दे ताकि हमलोग मिलकर इस कार्यक्रम को अपने आप में अनोखा और वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर सके और देश दुनिया में अपना परचम लहराया जा सकता है। उक्ताशय की जानकारी डॉ एस मधूप चीफ़ कन्वेनर ऑल इण्डिया प्रोग्रेसिव ऑफिसर ग्रुप ने दी ।

# कथावाचक प्रदीप मिश्रा सुनाएंगे शिव पुराण, 18 से शुरु होगा आयोजन

- अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



गंडई नगर पंचायत क्षेत्र में कथावाचक प्रदीप मिश्रा का 18 से 24 जून तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित है। इसकी तैयारियों को लेकर प्रशासन भी गंभीर है। इधर, 17 जून को बकरीद का त्यौहार भी मनाया जाना है।

तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में ही अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समुदाय के लोग उपस्थित हुए। पटेल ने बकरीद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि पर्व किसी भी धर्म या समुदाय का हो, आपस में मिलजुलकर ही मनाना चाहिए ताकि आपसी भाईचारा बरकरार रहे। इस दौरान पटेल ने कथावाचक प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम के संबंध में सम्पूर्ण तैयारी पहले से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बुजुर्गो व बच्चों के लिए कथा स्थल तक पंहुचने समुचित व्यवस्थित करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे ने कहा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखे, इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल, बिजली, आवागमन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि की भी समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए।

### चोरी की वारदातें रोकने पर जोर

एएसपी नेहा पांडेय ने कहा की चोरी रोकने के लिए पुलिस और वालिंटियर चप्पे चप्पे पर तैनात रहेगी।उन्होंने कहा कि सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी जगहों पर लगे कैमरे ठीक से जांच करवा ले। इस अवसर पर एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, खैरागढ़ जनपद सीईओ शिशिर शर्मा, छुईखदान जनपद सीईओ जेएस राजपूत, तहसीलदारद्वय प्रीति लालोकर, मोक्षदा देवांग, खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, जिला पंचायत प्रतिनिधि विजय वर्मा, डॉ. पंकज वैष्णव, प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौरसहित सामाज के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# जीत की शाबाशी, सीएम, विस अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई, सांसद ने आभार माना

- वरिष्ठ नेताओं की भूमिका को नेतृत्व ने सराहा, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू भी शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव से मिली एकतरफा जीत के लिए भाजपा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत प्रदेश के आला नेताओं की मौजूदगी में कार्यकताओं को शाबाशी दी। कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव से मिली पराजय के चलते संतोष पांडे को दोबारा सांसद निर्वाचित होने का मौका मिला। शहर के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार देर शाम को सीएम साय, स्पीकार डॉ. सिंह, प्रदेश भाजपाध्यक्ष किरण देव और हाल ही में केंद्रीय राज्य मंत्री नियुक्त हुए तोखन साहू ने शिरकत की। सीएम ने राजनांदगांव की जनता और कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते कहा कि लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव सीट दिलचस्प रही। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनावी प्रतिद्वंदी होने की वजह से यहां की सीट पर सबकी निगाह थी। उन्होंने कहा कि 57 हजार की भारी बढ़त के साथ भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे पुनः सांसद निर्वाचित हुए, इसलिए स्थानीय जनता और कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के लिए आभार सम्मेलन का आयोजन किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि राजनांदगांव के कार्यकर्ताओं के साथ उन्हें भेंट-मुलाकात का अवसर मिला। उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। इससे पहले कार्यकर्ता आभार सम्मेलन में अलग-अलग विंग्स के पदाधिकारियों ने मंच पर आसीन मुख्यमंत्री व अन्य नेताओं का जोशीला स्वागत किया। विशालकाय माला पहनाकर कार्यकताओं ने सीएम विष्णदेव साय और सांसद संतोष पांडे का स्वागत किया।

विधानसभा के कार्यकताओं ने आला नेताओं से बारी-बारी भेंट-मुलाकात कर चुनाव में मिली जीत की खुशी साझा की। मुख्यमंत्री समेत अन्य नेताओं ने कार्यकताओं के साथ भोजन ग्रहण किया। देर रात सीएम साय और अन्य नेता राजधानी रायपुर लौट गए।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेश मूणत, अजय जामवाल, अशोक शर्मा, पवन साय, मधुसूदन यादव, भूपेन्द्र सिंह सवन्नी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, भरत वर्मा समेत अन्य नेता शामिल थे।

# इंदिरा ने सविंधान से छेड़छाड़ की, ये देश के साथ सबसे बड़ा धोखा था : चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के संविधान को लेकर दावों पर भाजपा नेता अशोक चौधरी ने लोगों से इतिहास टटोलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत में तानाशाही देशवासियों ने इंदिरा गांधी के दौर में देखी। जब कोर्ट ने उनका निर्वाचन रद्द किया तो वे अपनी कुर्सी बचाने आपातकाल लेकर आईं। यही नहीं अपने राजपाठ के लिए उन्होंने संविधान से भी छेड़छाड़ करने में कोई हिचक नहीं दिखाई।

चौधरी ने कहा कि, 13 जून 1975 में राजनारायण की याचिका पर जस्टिस सिन्हा ने फै सला सुनाते हुए इंदिरा गांधी का निर्वाचन ही रद्द कर दिया था। अपनी सत्ता जाती देख तब 25 जून को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल थोप दिया। विपक्ष के सभी नेता जेल में ठूस दिए गए। अखबारों को अपने नियंत्रण में रखने का प्रयास किया गया। उन्हें झुकाने की कोशिश की गई। सरकारी चैनल दूरदर्शन और आकाशवाणी पर भी उन्होंन कब्जा कर लोगों को गुमराह किया।

उन्होंने कहा कि, इतिहास गवाह है कि गांधी ने 18 मार्च 1976 को संविधान के मूल ढांचे में छेड़छाड़ की और इसे पिछली तारीख पर दर्ज किया गया। उन्होंने इसमें सेकुलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़े। देश के साथ ये सबसे बड़ा धोखा था जो कांग्रेस ने और गांधी परिवार ने किया।

उन्होंने कहा कि, मनमर्जी से इंदिरा गांधी ने संविधान में बदलाव किया और आज इंदिरा गांधी के पोते कांग्रेस के नेता संविधान पर चर्चा करते हैं औरइन्हें तनिक भी लज्जा नहीं आती। भारत के न्याय की रक्षा करने वाले कुछ सुप्रीम कोर्ट के वकील इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील कर चुके हैं। शीघ्र ही संविधान में किसी भी तरह का छेड़छाड़ नहीं करने का सुप्रीम कोर्ट का 1967 का अपना फैसला पुनः लागू होगा और विपक्ष के जितने चट्टे-बट्टे नेताजन है उनके मुंह पर करारा तमाचा लगेगा।

## समीक्षा में सीईओ ने कार्रवाई के लिए चेताया

# जन शिकायतों के निराकरण में पिछड़ा केजीसी-एमएमएसी जिला

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने समय-सीमा, जनचौपाल, पीजीएन प्रकरण के निराकरण में खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-चौकी जिले की स्थिति ठीक नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई है। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने दोनों जिले के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए चेताया है। आगामी बैठक तक इन प्रकरणों के निराकृत करने कड़े निर्देश उन्होंने दिए हैं।

राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के जनपदों में संचालित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायतवार बीपीआरसी भवन की समीक्षा करते हुए सभी सीईओ जनपद को बीपीआरसी भवन को सरपंचो एवं सचिवों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण हेतु जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था करने जून माह के अंतिम सप्ताह एवं जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित करने के लिए कहा। उन्होंने महात्मा गांधी-नरेगा अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को तत्काल प्रारम्भ करने, कार्यों की स्वीकृति में एकरूपता रखने, मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार उपलबध कराने, वनाधिकार पट्टाधारियों को मनरेगा के तहत कार्य देने एवं प्राथमिकता से कार्य कराने तथा सामाजिक अंकेक्षण के कार्यों को इसी सप्ताह पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सोख्ता गड्ढा के कार्यों को इसी सप्ताह पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालय अपूर्ण पाए जाने पर असंतोष व्यक्त किया तथा तत्काल शौचालय निर्माण के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरा संग्रहण, आवास योजना, मनरेगा के तहत सड़क, नाली, गार्डन की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों को पांच कॉलोनी के आवास निर्माण का लक्ष्य प्रदान किया।

# आज की आवश्यकता
# सब्जी बगीचा



अच्छे स्वास्थ्य के लिए दैनिक आहार में संतुलित पोषण का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। फल एवं सब्जियाँ इसी संतुलन को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है क्योंकि ये विटामिन, खनिज लवण तथा कार्बोज के अच्छे स्रोत होते हैं। फिर भी ये जरुरी हैं कि इन फल एवं सब्जियों की नियमित उपलब्धता बनी रहे. इसके लिए घर के पिछ्वाडें मे पडी जमीन पर खेती करना बहुत ही लाभदायक उपाय हैं। पोषाहार विशेषज्ञों के अनुसार संतुलित भोजन के लिए एक वयस्क व्यक्ति को प्रतिदिन 85 ग्राम फल और 300 ग्राम साग–सब्जियों का सेवन करना चाहिए। परन्तु हमारे देश में साग–सब्जियों का वर्त्तमान उत्पादन स्तर प्रतिदिन, प्रतिव्यक्ति की खपत के हिसाब से मात्र 120 ग्राम है।

### सब्जी बगीचा

- उपलब्ध स्वच्छ जल के साथ रसोईघर एवं स्नानघर से निकले पानी का उपयोग कर घर के पिछवाड़े में उपयोगी साग-सब्जी उगाने की योजना बना सकते हैं।
- एकत्रित अनुपयोगी जल का निष्पादन हो सकेगा और उससे होने वाले प्रदूषण से भी मुक्ति मिल जाएगी।
- सीमित क्षेत्र में साग-सब्जी उगाने से घरेलू आवश्यकता की पूर्ति भी हो सकेगी।
- सब्जी उत्पादन में रासायनिक पदार्थों का उपयोग करने की जरूरत भी नहीं होगी।

अतः यह एक सुरक्षित पद्धति है तथा उत्पादित साग-सब्जी कीटनाशक दवाईयों से भी मुक्त होंगी।



### सब्जी बगीचा के लिए स्थल

सब्जी बगीचा के लिए स्थल घर का पिछवाड़ा ही होता है जिसे हम लोग बाड़ी भी कहते हैं। यह सुविधाजनक स्थान होता है क्योद्धक परिवार के सदस्य खाली समय में साग-सब्जियों पर ध्यान दे सकते हैं तथा रसोईघर व स्नानघर से निकले पानी आसानी से सब्जी की क्यारी की ओर घुमाया जा सकता है। सब्जी बगीचा का आकार भूमि की उपलब्धता और व्यक्तियों की संखया पर निर्भर करता है। चार या पाँच व्यक्ति वाले औसत परिवार के लिए 1/20 एकड़ जमीन पर की गई सब्जी की खेती पर्याप्त हो सकती है।

### पौधा लगाने के लिए खेत तैयार करना

सर्वप्रथम 30-40 सेंमी की गहराई तक कुदाली या हल की सहायता से जुताई करें। खेत से पत्थर, झाड़ियों एवं बेकार के खर-पतवार को हटा दें। खेत में अच्छे ढंग से निर्मित 100 कि.ग्राम कृमि खाद चारों ओर फैला दें। आवश्यकता के अनुसार 45 सेंमी या 60 सेंमी की दूरी पर मेड़ या क्यारी बनाएँ।

### सब्जी बीज की बुआई और पौध रोपण

सीधे बुआई की जाने वाली सब्जी जैसे -भिंडी, पालक एवं लोबिया आदि की बुआई मेड़ या क्यारी बनाकर की जा सकती है। दो पौधे 30 सेंमी की दूरी पर लगाई जानी चाहिए। प्याज, पुदीना एवं धनिया को खेत के मेड़ पर उगाया जा सकता है।प्रतिरोपित फसल, जैसे - टमाटर, बैगन और मिर्ची आदि को एक महीना पूर्व में नर्सरी बेड या टूटे मटके में उगाया जा सकता है। बुआई के बाद मिट्टी से ढ़ककर उसके ऊपर 2सब्जी बगीचा का मुखय उद्देश्य अधिकतम लाभ प्राप्त करना है तथा वर्ष भर घरेलू साग-सब्जी की आवश्यकता की पूर्ति करना है। बगीचा के एक छोर पर बारहमासी पौधों को उगाया जाना चाहिए जिससे इनकी छाया अन्य फसलों पर न पड़े तथा अन्य साग-सब्जी फसलों को पोषण दे सकें। बगीचा के चारों ओर तथा आने-जाने के रास्ते का उपयोग विभिन्न अल्पावधि हरी साग-सब्जी जैसे - धनिया, पालक, मेथी,पुदीना आदि उगाने के लिए किया जा सकता है।

50 ग्राम नीम के फली का पाउडर बनाकर छिड़काव किया जाता है ताकि इसे चीटियों से बचाया जा सके। टमाटर,गोभी, बैगन, मिर्ची के लिए 25-30 दिनों की बुआई के बाद तथा प्याज के लिए 40-45 दिनों के बाद पौधे को नर्सरी से निकाल दिया जाता है।टमाटर, बैंगन और मिर्ची को 30-45 सेंमी की दूरी पर मेड़ या उससे सटाकर रोपाई की जाती है। प्याज के लिए मेड़ के दोनों ओर रोपाई की जाती है। रोपण के बाद पौधों की सिंचाई की जाती है।


### फसल चक्र

वर्षा, शरद और ग्रीष्म की फसलें तालिका में बतलाए अनुसार लेना चाहिए -

**वर्ष भर उगाने के लिए फसल चक्र**

| खरीफ | रबी | जायद | खरीफ | रबी | जायद |
|---|---|---|---|---|---|
| पालक | मिर्च | ककडी | बैंगन | मूली | भण्डी |
| तरोई | लहसून | छप्पन कद्दू | लोबिया | आलू | कद्दू |
| टमाटर | मैथी | तरबूज | मूली | प्याज | धनिया |
| टिण्डा | मटर | टमाटर | प्याज | पालक | करेला |
| भिण्डी | पत्तागोभी | करेला | भिण्डी | मूली | तरोई |
| लौकी | आलू | खरबूज | धनिया | फूलगोभी | लौकी |
| फूलगोभी | धनिया | प्याज | पुदीना | पुदीना | पुदीना |
| मिर्च | बाकला | टिण्डा | केला | केला | केला |
| ग्वार | बैंगन | बैंगन | नींबू | नींबू | नींबू |
| मिर्च | गाजर | पालक | पपीता | पपीता | पपीता |





# उत्तर भारत में खरीफ मौसम में प्याज की खेती

उत्तरी भारत में प्याज रबी की फसल है यहां प्याज का भंडारण अक्टूबर माह के बाद तक करना सम्भव नही है क्योकि कंद अंकुरित हो जाते हैं।

इस अवधि( अक्टूबर से अप्रैल) में उत्तर भारत में प्याज की उपलब्ध्ता कम होने तथा परिवहन खर्चे के कारण दाम बढ जाते हैं। इसके समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने उत्तर भारत के मैदानो में खरीफ में भी प्याज की खेती के लिए एन-53(ह्-53) तथा एग्रीफाउंड डार्क रैड नामक प्याज की किस्मों का विकास किया है।


**प्याज की किस्म** - एन-53(आई.ए.आर.आई.); एग्रीफाउंड डार्क रैड (एन.एच.आर.डी.एफ.)

**बीज बुआई समय** - मई अंत से जून

**रोपाई का समय** - मध्य अगस्त

**कटाई** - दिसम्बर से जनवरी

**पैदावार** - 150 से 200 क्विंटल/हैक्टेयर





# अरहर में रोग प्रबंधन

अरहर खरीफ की मुख्य दलहनी फसल है। दलहनी फसलों में चना के बाद अरहर का स्थान है। अरहर अंतर फसल एवं बीच के फसल के रूप में उगाई जाती है, अरहर ज्वार, बाजरा, उर्द एवं कपास के साथ बोई जाती है ।अन्य फलों की तरह अरहर में भी रोग का प्रकोप होता है जिनमें से कुछ रोगों के संक्षिप्त विवरण एवं प्रबंधन नीचे दर्शाया गया है ।

**उकठा रोग (विल्ट)**

यह रोग फ्यूजेरियम नामक कवक से होता है । इस रोग में पौधा पीला पड़कर सुख जाता है । फसल में फूल एवं फल लगने की अवस्था में एवं बारिश के बाद इस रोग का प्रकोप अधिक होता है । रोग ग्रसित पौधों की जडें सड़कर गहरे रंग की हो जाती हैं तथा छाल हटाने पर जड़ से लेकर तने तक काले रंग की धारियां पाई जाती हैं । एक ही खेत में कई वर्षों तक अरहर की फसल लेने पर इस रोग की उग्रता बढती है ।

उकठा रोग (विल्ट)

**प्रबंधन –**

- जिस खेत में रोग का प्रकोप अधिक हो वहां 3-4 साल तक अरहर की फसल न लें ।
- खेतों की ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करें ।
- ज्वार के साथ अरहर की फसल लेने से रोग की तीव्रता में कमी की जा सकती है।
- कवक नाशी जैसे बेनोमील 50त्न + थायरम 50त्न के मिश्रण का तीन ग्राम प्रति किलो बीज की डर से उपचारित करें ।
- ट्राइकोडर्मा 4 ग्राम/किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करके बोएं ।
- रोग रोधी किस्में आशा, राजीव लोचन, सी -11 आदि का उपयोग बुआई हेतु करें ।

**अरहर का बाँझ रोग -**

यह रोग विषाणु जनित है जिसका वाहक एरियोफिड माईट है जो की एक प्रकार का सूक्ष्म जीव है। इस रोग की अधिकता के कारण 75% तक उत्पादन में कमी देखी गयी है । रोग से ग्रसित पौधे पीलापन लिए हुए झाड़ीनुमा हो जाते हैं । पत्तियों के आकार में कमी, शाखाओं की संख्या में वृद्धि तथा पौधों में आंशिक या पूर्ण रूप से फूलों का नहीं आना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं। फूल नहीं आने से फल नहीं लगते इसलिए इस रोग को बाँझ रोग कहते हैं । फसल पकने की अवस्था में रोगी पौधे लम्बे समय तक हरे दिखाई देते हैं जबकि स्वस्थ पौधे परिपक्व होकर सूखने लगते हैं ।

**अरहर का बाँझ रोग -**

**प्रबंधन-**

- जिस खेत में अरहर लगाना हो उसके आसपास अरहर के पुराने एवं स्वयं उगे हुए पौधे नष्ट कर देना चाहिए।
- खेत में जैसे ही रोगी पौधे दिखे उनको उखाड़कर नष्ट कर देना चाहिए।
- फसल चक्र अपनाना चाहिए।
- रोग रोधी प्रजातियाँ जैसे– पूसा-9, आई.सी.पी.एल.-87119, राजीव लोचन, एम.ए.-3, 6, शरद आदि का चयन करना चाहिए।
- फयूराडान 3 जी., की 3 ग्राम मात्रा प्रति किलो बीज की डर से उपचारित करना चाहिए एवं फसल की प्रारंभिक अवस्था में कैल्थेन (1 मिली./ली. पानी) का छिड्काव रोगवाह्क माईट के रोकथाम में प्रभावी होता है ।

**तना अंगमारी रोग (स्टेम ब्लाइट)-**

यह रोह कवक के द्वारा होता है। इसका प्रकोप । दिन से लेकर एक माह के पौधों में दिखाई देता है । शीघ्र पकने वाली किस्मों में इस रोग का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक होता है । प्रभावित पौधों की पत्तियों पर पनीले धब्बे बन जाते हैं एवं एक सप्ताह के भीतर पूरी पत्तियां जलकर नष्ट हो जाते हैं । साथ ही तने एवं शाखाओं पर धब्बे गोलाई में बढ़कर उतने भाग को सुखा देते हैं, जिससे तना एवं शाखाएं टूट जाती हैं । इस रोग का प्रकोप कम उम्र के पौधों में अपेक्षाकृत अधिक होता है। अनुचित जल निकास वाले क्षेत्रों में भी इस बीमारी का प्रभाव अधिक होता है ।

**तना अंगमारी रोग (स्टेम ब्लाइट)-**
**प्रबंधन -**

- बीजों को बुवाई से पूर्व रिडोमिल नामक कवकनाशी की 2 ग्रा. मात्रा प्रति किग्रा.बीज की से उपचारित करें ।
- खेतों में जल निकास की उचित व्यवस्था करें ।
- जहाँ इस रोग का प्रकोप अधिक होता है वहां 3-4 वर्ष तक अरहर की फसल नहीं लेनी चाहिए ।
- रोग की प्रारभिक अवस्था में ताम्रयुक्त कवकनाशी जैसे फायटोलान 50त्न की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से या रिडोमिल एम.जेड. 1.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से 10-12 दिन के अन्तराल में छिड्काव करना चाहिए ।
- रोगरोधी किस्में जैसे – पूसा-9, एन.ए.-1, एम.ए.-6, बहार, शरद, अमर आदि का चुनाव करना चाहिए।



# सरकारी धन का दुरूपयोग : डिस्मेंटल होने वाले अस्पताल में पूर्व कलेक्टर ने किये 1 करोड़ रुपए खर्च

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

पूर्ववर्ती सरकार के समय प्रदेश में अधिकारियों द्वारा सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया गया। अनेक कार्यों में भ्रष्टाचार कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्रदेश में नई सरकार के बैठने के बाद यह सब रहस्योद्घाटन हुआ और ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर ई.डी., ईओडब्ल्यू जैसे विभाग ने इन्हें, इनके काले कृत्य के लिये गिरफ्तार कर जेल में दाखिल कर दिया। इसी कड़ी में धमतरी के तत्कालीन कलेक्टर ने डीएमएफ फण्ड और सीएसआर फण्ड की राशि का खुलकर दुरूपयोग किया गया है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण नगरी सिहावा, मोहंदी मगरलोड स्थित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में जहां बिना निविदा के ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाकर करोड़ों का निर्माण कार्य कराया। यह मामला अभी सुर्खियों में ही था कि शासकीय अस्पताल धमतरी जिसे वर्तमान में डिस्मेंटल किया जा रहा है और इसके पूर्व तत्कालीन कलेक्टर पी एस एल्मा ने डीएमएफ मद से लगभग 1 करोड़ रूपये की राशि उक्त अस्पताल के लिये रंग रोगन, पेवर ब्लॉक के नाम पर खर्च करने का मामला सूचना के अधिकार के तहत निकाले गये दस्तावेजों से पता चला है। यही नहीं उक्त कार्यों में अव्यवस्थित ढंग से उगे हुए पेड़ों की कटाई एवं जंगल सफाई के नाम पर 3 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है जो अपने आप में आश्चर्यजनक है कि शासकीय अस्पताल में जंगल कहां से आ गया? यह जांच का विषय है। पूर्व कलेक्टर के कार्यकाल में डीएमएफ, सीएसआर फण्ड में हुए नियम विरूद्ध कार्य, भ्रष्टाचार को लेकर जागरूक लोगों ने प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर विभिन्न विभागों में जांच एवं कार्यवाही हेतु शिकायत प्रेषित की है। लेकिन बड़े दुर्भाग्य के साथ बताना पड़ रहा है कि उक्त जांच को सरकारी तंत्र ने दबाकर रखा है जो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के लिये एक चुनौति से कम नहीं है।




प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद कोयला, चांवल, शराब दलाली, महादेव सट्टा एप जैसे अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर उन्हें जेल की हवा खिलाई जा रही है वहीं कुछ ऐसे लोग हैं जो इस घटना के बाद से फरार चल रहे हैं जिनकी तलाश संबंधित विभागों द्वारा की जा रही है। धमतरी जिले में भी डीएमएफ फण्ड एवं सीएसआर फण्ड का खुलकर दुरूपयोग किया गया है जिसमें तत्कालीन कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा की मुख्य भूमिका रही है जिनके द्वारा नगरी स्थित स्कूल भवन डिस्मेंटल करने के नाम पर वहां लाखों रूपये खर्च किया गया। जबकि सीएसआर फण्ड का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे कार्यों में किया जाना था। उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए उक्त योजना की राशि को स्कूल भवन डिस्मेंटल के नाम पर खर्च कर दिया गया। और तो और इस कार्य के लिये न तो निविदा निकाली गई और न ही इस कार्य को किसी शासकीय एजेंसी को दिया गया। उक्त फंडों का दुरूपयोग के साथ साथ उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर प्रदेश में पहली बार करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य को चार ग्राम पंचायतों के सरपंचों से करवाया है और जिन ग्राम पंचायतों के माध्यम से उक्त भवन कार्य होना बताया जा रहा है, वहां के सरपंचों को इसकी जानकारी भी नहीं है। और तो और सरपंचों द्वारा करोड़ों रूपये की राशि नगद आहरण कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया है जबकि शासन का स्पष्ट आदेश है कि पांच हजार रूपये से अधिक की राशि का नगद भुगतान नहीं किया जाना है। डीएमएफ मद से करोड़ों की लागत से बने नगरी सिहावा, मोहंदी, मगरलोड क्षेत्र में इस स्कूल भवन निर्माण करवाया गया जिसे लेकर विधानसभा में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने इस मामले को उठाते हुए इसकी जांच की मांग की थी।

पूर्ववर्ती सरकार के समय भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी, कर्मचारियों, दलालों पर निष्पक्षता के साथ प्रदेश सरकार कार्यवाही का आदेश दे रही है। लेकिन धमतरी जिला एक ऐसा जिला है जहां तत्कालीन कलेक्टर ने अपने कार्यकाल के दौरान नियम से बाहर जाकर डीएमएफ, सीएसआर फण्ड का भारी दुरूपयोग किया है। चाहे वह सिहावा नगरी की आत्मानंद स्कूल हो अथवा जिला अस्पताल। वहां डिस्मेंटल और रंग रोगन इत्यादि के नाम पर अनेकों बार, अनेक नामों से राशि स्वीकृत की गई है। हद तो यह है कि जिला अस्पताल के परिसर को भी जंगल की श्रेणी में लाते हुए उक्त अधिकारी ने शहर के उस भाग को जंगल ही साबित कर दिया जबकि वहां परिसर में ऐसी कोई भी स्थिति नहीं थी। उनके कार्यकाल की जांच के लिये अनेकों बार सिहावा, नगरी क्षेत्र के लोगों ने समय समय पर आवाज उठाई। लेकिन पूर्ववर्ती सरकार में बैठे लोगों ने अपने उक्त प्रिय अधिकारी के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई जांच नहीं की जिसके कारण शिकायतकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इन्होंने उम्मीद जाहिर की थी कि नई सरकार बनने के बाद प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के द्वारा इस पर संज्ञान लिया जायेगा। अपने वरिष्ठ नेता श्री चंद्राकर के द्वारा विधानसभा में उठाये गये मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी और यह बेलगाम अधिकारी पर भी कार्यवाही होगी। लेकिन 6 माह गुजर गया है, क्षेत्र के लोगों में चर्चा है कि इतने दिन गुजर गये, पूर्व कलेक्टर पी एस एल्मा पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। खबर है कि प्रधानमंत्री कार्यालय से इस अधिकारी के विरूद्ध जांच चीफ सेक्रेटरी कार्यालय रायपुर में पहुंची है। लेकिन उनके द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि डीएमएफ एवं सीएसआर फण्ड को लेकर उक्त अधिकारी के द्वारा जो खर्च किया गया है, यदि उनके कार्यकाल की जांच होती है तो उपरोक्त तथ्यों के अलावा और भी कई रहस्योद्घाटन होने की संभावना को नहीं नकारा जा सकता। जिला अस्पताल की बिल्डिंग के रंग रोगन एवं ब्लड बैंक, ओपीडी, ड्रेसिंग रूम, महिला, पुरूष वार्ड इत्यादि के आउटर भाग में पोताई के नाम पर 6.20 लाख, अस्पताल में आयुष विंग कार्यालय, न्यू जचकी वार्ड, एसएनसीओ वार्ड इत्यादि के आउटर भाग में पोताई कार्य के लिये 7.23 लाख, गार्डन की व्यवस्था के लिये 2.20 लाख, अस्पताल परिसर के पीछे भाग, प्रवेश द्वार में पेवर ब्लॉक कार्य 1.63 लाख, जिला अस्पताल मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर ऑक्सीजन प्लांट की ओर पक्की नाली निर्माण 6.18 लाख, अस्पताल के प्रवेश द्वार के बांये तरफ फिल्टर प्लांट की ओर पक्की नाली निर्माण 5.75 लाख, परिसर में अव्यवस्थित ढंग से उगे पेड़ों की कटाई एवं जंगल सफाई के नाम पर 3.12 लाख, परिसर में जनरेटर रखने हेतु शेड निर्माण 1.47 लाख, परिसर के ग्रिल में जाली लगाने 4.90 लाख, सिविल सर्जन रूम एवं पुरूष वार्ड के खाली जगह में पेवर ब्लॉक 8.18 लाख, परिसर में पुरूष एवं महिला वार्ड के मध्य खाली जगह में पेवर ब्लॉक 9.85 लाख, अस्पताल परिसर धमतरी में नर्सिंग हॉस्टल के मध्य खाली जगह में पेवर ब्लॉक 9.94 लाख, अस्पताल परिसर के बांये साईड खाली जगह में कर्मचारियों के वाहन पार्किंग हेतु पेवर ब्लॉक निर्माण 7.52 लाख, अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर कक्ष 1,2,3 के मध्य खाली जगह में पेवर ब्लॉक 6.70 लाख, एसएनसीओ के पीछे खाली जगह में पेवर ब्लॉक 7.23 लाख, जिला अस्पताल केंपस में शौचालय निर्माण 2.30 लाख, शासन द्वारा स्थापित 1 हजार एलपीएम का पीएसए प्लांट के लिये डीजल जनरेटर सेट की स्थापना 2.19 लाख, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का क्रियान्वयन एवं संचालन 33.53 लाख, निगम क्षेत्रांतर्गत साफ सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों के लिये 25 श्रमिक एक वर्ष के लिये रखने हेतु 28.62 लाख जैसे अनेक कार्य किये गये हैं। सवाल यह उठता है कि जब बिल्डिंग को आगामी वर्षों में डिस्मेंटल करना ही था तो उक्त पुरानी बिल्डिंग में इतना भारी भरकम खर्च करने का क्या औचित्य है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अवसर पर राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय योगाभ्यास करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। उपमुख्यमंत्री अरूण साव कोरबा तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नामांकित किए गए हैं। बिलासपुर में केन्द्रीय संघ राज्य मंत्री तोखन साहू, कांकेर में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कोरिया में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुद में मंत्री दयालदास बघेल, नारायणपुर में मंत्री केदार कश्यप, कबीरधाम में मंत्री लखनलाल देवांगन, बलौदाबाजार में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, जांजगीर-चांपा में मंत्री ओ.पी.चौधरी, धमतरी में मंत्री टंकराम वर्मा, राजनांदगांव में सांसद संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद चिन्तामणी महाराज, जशपुर में सांसद राधेश्याम राठिया, सुकमा में सांसद महेश कश्यप, गरियाबंद में सांसद रूपकुमारी चौधरी, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, बालोद में सांसद भोजराज नाग, सक्ती में सांसद कमलेश जांगड़े, रायगढ़ में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, बस्तर में विधायक किरण देव, दंतेवाड़ा में विधायक चैतराम अटामी, बीजापुर में विधायक नीलकंठ टेकाम, कोण्डागांव में विधायक सुलता उसेण्डी, मुंगेली में विधायक पुन्नुलाल मोहले, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में विधायक रेणुका सिंह, सूरजपुर में विधायक भूलन सिंह मराबी, बलरामपुर में विधायक उद्देश्वरी पैकरा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक प्रणव कुमार मरपची, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में विधायक विक्रम उसेण्डी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विधायक संपत अग्रवाल, खैरागढ़-छुईखदान में विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगी।

## अनेक यात्राएं, साथ गुजारे दिन, राजदूत की सवारी और 90 के दशक के पुराने किस्से-कहानियों पर हुई बात

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके रायपुर निवास में जशपुर जिले के अनेर सिंह मिलने आए। इस खास मुलाकात ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अपने विधायकी और संघर्ष के दिनों की याद दिला दी। अनेक यात्राएं, अनेर सिंह के दुलदुला निवास में गुजारे दिन, राजदूत की सवारी, 90 के दशक के पुराने किस्से-कहानियां और घर-परिवार की जब बातें हुई, तो मानो सब कुछ मुख्यमंत्री के आंखों के सामने तैरने लगा। जशपुर जिले के ग्राम सिरिमकेला के रहने वाले अनेर सिंह दरअसल पिछले 15-20 सालों से कान की समस्या से ग्रसित है और उन्हें सुनने में कठिनाई होती है। धीरे-धीरे उनकी श्रवण क्षमता कम हो गई। मुख्यमंत्री साय को जब यह बात पता चली, उन्होंने तत्काल अनेर सिंह को रायपुर मिलने बुलाया और स्वयं उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अनेर सिंह से ढेर सारी बाते की, उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने यंत्र लगाने के बाद पूछा आवाज आत हे, सुनात हे। सिंह ने जवाब दिया अब अच्छे से आवाज आ रही है और इसे चलाना भी सीख गया हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री को पहले जैसा पाकर अपनी खुशी भी जाहिर की। मुख्यमंत्री ने कहा अपनों से मुलाकात हमेशा सुखद होता है।




## वरिष्ठ फोटोग्राफर शारदादत्त त्रिपाठी का दुखद निधन

**रायपुर।** वरिष्ठ फोटोग्राफर शारदादत्त त्रिपाठी का रविवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे।



उनकी अंतिम यात्रा बढ़ईपारा निवास स्थान से सोमवार सुबह 10 बजे मारवाड़ी मोक्षधाम के लिए निकलेगी। वे रोहित और राहुल के पिता थे। मीडिया के साथियों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दी है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403